संसेक्स 70,370.55 ▲ -1,053.10
डॉलर 83.136 ▼ +0.059

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 20.0 | 08.0 | 20.0 |
| धनबाद | 21.0 | 11.0 | 20.0 |
| जमशेदपुर | 25.0 | 13.0 | 25.0 |
| पलामू | 22.0 | 08.0 | 19.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत 2080

डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 24 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 99, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94

www.rastriyanaveenmail.com





संपादकीय कर्पूरी ठाकुर की राजनीति समाजवाद व सामाजिक न्याय का दर्पण...8



डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' 14 जून को ...12 देश/विदेश







## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,150

चांदी (किलो) 71,900

### हरिहरगंज व हैदरनगर में सांसद वीडी राम ने किया 37 करोड़ की लागत वाली चार सड़कों का शिलान्यास

# पलामू में पीएमजीएसवाई से 1 अरब 81 करोड़ की लागत से हो रहा 17 सड़कों का निर्माण

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग स्थानों के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजन के तहत स्वीकृत चार सड़कों का शिलान्यास मंगलवार को सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह के साथ शिलापट्ट का अनावरण कर किया। स्वीकृत सड़क निर्माण की योजनाओं में हरिहरगंज प्रखंड में दो क्रमशः एनएच-98 तेतरिया से वनपट्टी तक 8.645 किमी. एवं तेन्दुआ कला से ब्लॉक बाउंड्री वाया हलका जगदीशपुर तक 9.39 किमी. शामिल है। इस दौरान



मुसहरवा नदी पर एक पुल का निर्माण भी किया जाना है। इसके अलावे हैदरनगर प्रखंड में पांती बटुंडा सड़क 5.94 किलोमीटर एवं सरगाडा से हैदरनगर वाया नौडीहा पतरिया तक 13.576 किलोमीटर सड़क का निर्माण शामिल है। इन सड़कों के निर्माण की कुल लागत लगभग 37 करोड़ रुपए है। हरिहरगंज बाजार एवं हैदरनगर प्रखंड के सरगाडा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि एनएच-98 सिलीदाग से हरिहरगंज तक 34 किलोमीटर सड़क (लागत 1017 करोड़ रुपए) का फोरलेन किया जा रहा है। जिसमें हरिहरगंज एवं छतरपुर में बाईपास का निर्माण किया गया है। इससे हरिहरगंज एवं छतरपुर में जाम से जनता को निजात मिलेगी। कहा कि पलामू जिला अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-3 के तहत 17 सड़क एवं 11 पुल (लागत 1 अरब 80 करोड़ 80 लाख रुपए) निर्माण की स्वीकृति दिलायी गयी है। जिसका निर्माण कार्य चल रहा है। इसके साथ ही हुसैनाबाद अनुमंडल को सोन -औरंगा पाईप लाईन पेयजल एवं सिंचाई योजना लागत 456.6261 (चार सौ छप्पन करोड़ बासठ शेष पृष्ठ 11 पर

### मृत व्यवसायी के परिजन से मिले सांसद

हरिहरगंज दौरे के क्रम में सांसद ने विगत दिनों हरिहरगंज के व्यवसायी मृतक शुभम कुमार गुप्ता के घर गये और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। सांसद ने शुभम के पिता शंकर गुप्ता से मिलकर घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। गौरतलब हो कि पिछले दिनों अपराधियों ने व्यवसायी शुभम कुमार की हत्या गोली मारकर कर दी थी।

### टीएसपीसी के नक्सलियों ने मचाया उत्पात

# दो पोकलेन को किया आग के हवाले, मजदूरों को पीटा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**



टीएसपीसी के नक्सलियों ने एक बार फिर चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में जमकर उत्पात मचाया है। झारखंड-बिहार बॉर्डर स्थित हंटरगंज थाना क्षेत्र के लुटा गांव में संचालित पत्थर माइंस पर धावा बोलकर नक्सलियों ने पहले माइंस में काम करने वाले मजदूरों को लाठियों से जमकर पीटा, फिर वहां खड़ी दो पोकलेन मशीन में पेट्रोल छिड़कर आग लगा दी गई। बताया जा रहा है कि घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे नक्सलियों की संख्या दो दर्जन के करीब थी और सभी हथियार से लैस थे। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली मौके पर हस्तलिखित पर्चा छोड़ गए, जिसमें शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के तीनों दोषियों को 20-20 साल की सजा

**रांची।** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल ने शादी समारोह से घर लौट रही नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म मामले के तीनों दोषी करार अभियुक्तों को मंगलवार को 20-20 साल की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने तीनों पर 10-10 हजार का जुर्माना लगाया है। इनमें प्रदीप उरांव, बुलेट उरांव और चैने उरांव शामिल हैं।

### संत जेवियर्स के शिक्षक संतोष ने रचा इतिहास, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराया नाम

**रांची।** संत जेवियर्स स्कूल के कंप्यूटर साइंस शिक्षक संतोष कुमार ने लगातार 48 घंटे कंप्यूटर प्रोग्रामिंग सत्र को सफलतापूर्वक पूरा कर इतिहास रच दिया है। इस उपलब्धि के साथ ही उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। इस सफलता को लेकर फादर अजीत कुमार और स्कूल के चेयरमैन ने संतोष कुमार को एक ग्लास जूस के साथ गुलदस्ता भेंट किया। इसके बाद वाइस प्रिंसिपल फादर रवि भूषण जेस ने आधिकारिक तौर पर रिकॉर्ड के सबसे लंबे प्रोग्रामिंग सत्र के समाप्ति की घोषणा की। **अभ्यास ही सफलता की कुंजी है, हार न मानें :** 21 जनवरी को सुबह 9 बजे सत्र की शुरूआत हुई थी। यह शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री हेमंत ने तोरपा में अबुआ आवास योजना स्वीकृति पत्र के वितरण का किया शुभारंभ, कहा

# राज्य में पहली बार मिलेगा तीन कमरों का आशियाना

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरन ने कहा कि राज्य में पहली बार अबुआ आवास योजना की शुरूआत खूंटी जिले से हो रही है। इस योजना के लाभुकों को तीन कमरे वाला आवास दिया जायेगा। इसमें लाभुक को दो लाख की वित्तीय सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री मंगलवार को तोरपा के एनएचपीसी मैदान में आयोजित अबुआ आवास योजना स्वीकृति पत्र वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2027 तक राज्य के 20 लाख जरूरतमंदों को तीन कमरों वाला आवास उपलब्ध करा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार के माध्यम से गांव के लोगों की समस्याओं सरकार ने सुनी और आवेदन लिए। अब सरकार उनके निष्पादन करने में लगी है। सोरेन ने कहा की झारखंड का हरेक कोना अपनी आंखों से देखा है। वे हर समस्या से अवगत हैं। सबके निष्पादन का प्रयास सरकार कर रही है। इस राज्य को सोने की चिड़िया कहा जाता है। क्योंकि, जमीन के अंदर खनिज सम्पदा है। 40 फीसदी से अधिक खनिज सम्पदा झारखंड में मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य है कि विरोधियों को जमीन के अंदर की चीजें तो दिखाई देती हैं लेकिन जमीन के ऊपर रहने वाले व्यक्ति की समस्या नहीं दिखती। उन्होंने कहा कि गुरुजी ने लड़कर झारखंड लिया। अलग राज्य बने 23 साल हो गये लेकिन आज गांवों की हालत क्या है, बताने की जरूरत नहीं है। हेमंत शेष पृष्ठ 11 पर




### अपने दम पर आवास निर्माण कराएगी सरकार : आलमगीर आलम



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि अबुआ योजना के तहत पहली किस्त मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने चार साल में समर्पित होकर जनता के हित के लिए काम किया। चार साल के कार्यों का का आकलन जनता को करना होगा। सर्वजन पेंशन के तहत सभी को पेंशन देने का निर्णय लिया। सभी उम्र की विधवा को पेंशन देने का काम सरकार कर रही है। हड़िया दारू बेचने वाली 3200 महिलाओं को मदद सरकार ने दी। मंत्री ने कहा कि दो लाख रुपये का आवास देने का काम राज्य सरकार ने आने दम पर किया।

### मुख्यमंत्री ने जयंती पर नेताजी को किया नमन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। उन्होंने एक्स प्र ट्वीट कर कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस आजादी के महानायक, महान स्वतंत्रता सेनानी और आजाद हिंद फौज के संस्थापक थे। उन्हें नमन।

### केंद्र सरकार की कोई योजना राज्य में नहीं चल रही : सत्यानंद भोक्ता



श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार के माध्यम से जो लोग वर्षों से इन्तजार कर रहे थे उनका घर का सपना पूरा हो रहा है। चार वर्षों में आपदा आयी लेकिन सरकार ने विकास का जाल बिछा दिया। लोगों की बुनियादी समस्याएं दूर हो रही हैं। युवाओं को रोजगार देने का काम सरकार शेष पृष्ठ 11 पर

### कभी दूर तो कभी पास आता गया श्रीराम मंदिर निर्माण का लक्ष्य

# बदलता गया परिदृश्य, बदलती रहीं सरकारें और मिल गयी मंजिल

### जिसे कोई न जीत सके नाम को चरितार्थ किया अयोध्या ने

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** 22 जनवरी 2024 परम पावन अयोध्या धाम में नव निर्मित श्रीराम मंदिर में दिव्य रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ नवयुग का श्रीगणेश हुआ। इसे 500 वर्षों के दीर्घ संघर्ष गाथा का अंत भी कह सकते हैं। वैसे तो श्रीराम कभी भी अपने जन्मस्थली से ओझल नहीं रहे। सदा-सर्वदा उनके भक्तों ने अपने संघर्षों से राघव के आगमन की राह खोले रखी, किंतु इस दिशा में हलचल तेज हुई 23 दिसंबर 1949 को जब मस्जिद में रामलला की मूर्ति प्रगट होने की खबर पूरे देश में फैल गयी। उस समय देश में सेकुलरिज्म का हौव्वा इतना हावी था कि किसी प्रकार के विवाद से बचने के लिये तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने तबके संयुक्त प्रांत के प्रधानमंत्री पं. गोविंद वल्लभ पंत को वहां से प्रतिमा हटवाने का आदेश जारी कर दिया था। उस समय प्रबल रामभक्त पंत व फैजाबाद के तत्कालीन कलेक्टर केके नायर ने उनके आदेश को इंकार नहीं, किंतु अनसुना अवश्य कर दिया। उसके बाद से कोर्ट-कचहरी में झूल रहे इस मामले को गति 1980 के बाद मिलनी शुरू हुई। सात अप्रैल 1984 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित धर्म सभा में सर्वप्रथम श्रीराम मंदिर के मामले को सार्वजनिक मंच से उठाया गया। उसके बाद 1989 में प्रयागराज में कुंभ के दौरान संत सम्मेलन में गांव-गांव शिला शेष पृष्ठ 11 पर



### एक अधिकारी केंद्र तो दूसरा झारखंड में मंत्री

यह संयोग ही है कि आज जब पूरा देश अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के जश्न में डूबा है। इस महती कार्य को निर्णायक मोड तक पहुंचाने वाले लाल कृष्ण आडवाणी को गिरफ्तार करने वाले दो प्रमुख अधिकारियों में से एक आईएएस आरके सिंह जहां भाजपा की सरकार में केंद्र में कैबिनेट मंत्री हैं। वहीं दूसरे अधिकारी आईपीएस डा. रामेश्वर उरांव कांग्रेस कोटे से झारखंड सरकार में मंत्री हैं।

### मोदी के पीएम बनने के बाद तेज हुयी गति

कहते हैं जिस प्रकार माता सीता का पता लगाने के लिये प्रभु श्रीराम ने हनुमान का नाम तय कर रखा था। वैसे ही निज धाम अयोध्या में खुद के विराजने के लिये पीएम नरेंद्र मोदी का ही चयन किया था। तभी तो शिलान्यास की अनुमति देने के बाद भी उस समय के पीएम राजीव गांधी हमेशा उहापोह में रहे। जबकि मंदिर आंदोलन में सारथी की भूमिका निभाने वाले पीएम मोदी राम काज को लेकर अविचल भाव से लगे रहे। आज परिणाम सबके सामने है।

### ...और गिर गयी वीपी सिंह की सरकार

हिंदू-मुस्लिम वोट बैंक के द्वंद में फंसे राजीव गांधी की कांग्रेस को जहां 1989 के लोकसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा। वहीं दो से छलांग लगाकर 85 सीट पर पहुंची भाजपा को मानो श्रीराम मंदिर के रूप में संजीवनी मिल गयी तथा मुद्दे को धार देने के लिये उस समय बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी रथ पर सवार हो गये। उनकी रथयात्रा को मिल रहे अपार जन समर्थन को देख उस समय बिहार के सीएम रहे जनता दल की लालू सरकार ने आडवाणी को समस्तीपुर में गिरफ्तार शेष पृष्ठ 11 पर

### कंपकंपाती ठंड का प्रकोप रहेगा जारी, 24 को कोहरा व 25 को होगी हल्की बारिश

**रांची।** राज्य में आज सुबह में कोहरे के बाद आसमान साफ रहेगा। राज्य के कुछ हिस्सों में 25 जनवरी को हल्के दर्जे की बारिश देखी जा सकती है। इस दौरान राजधानी रांची और आस-पास के क्षेत्रों का न्यूनतम तापमान 7 से 8 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने के पूवानुर्मान है। पूरे राज्य में 24 जनवरी तक घना कोहरा देखने को मिलेगा। इसलिए मौसम विभाग ने पूरे राज्य में येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, बंगाल की खाड़ी में बने एक सिस्टम के कारण कुछ जिलों में आज बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में 27 जनवरी के बाद मौसम में बदलाव के पूवानुर्मान है। साथ ही ठंड से राहत मिलने की भी संभावना है। वहीं राज्य के कई हिस्सों में बारिश की भी उम्मीद है। बता दें कि उत्तर पूर्वी राज्यों में बर्फीली हवा से आम जन जीवन अस्त व्यस्त है। राज्य सरकार ने ठंड को देखते हुए स्कूलों की टाइमिंग में भी बदलाव किये है। अभी भी लोगों को ठंड से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने लोगों को मौसमीय बदलाव को देखते हुए सतर्क रहने की हिदायत दी है।

## इंडिया

# दक्षिण की हिंदी विरोधी राजनीति और बंगाल से नेताजी की सीख



सुनील बादल

**भारत** में दक्षिण भारत के नेता राजनीतिक कारणों से हिंदी के प्रति विद्वेष फैलाते रहे हैं पर हिंदी आज वहां बाजार की भाषा बन चुकी है। दूसरी तरफ हिंदी के विकास में अहिंदीभाषी बंगाल, विशेषकर कोलकाता का बड़ा योगदान रहा है। आचार्य केशवचंद्र सेन ने हिंदी ही भावी भारत की संपर्क भाषा होगी, यह विचार पहली बार 1875 में बंगाल की धरती से ही दिया था। कोलकाता से ही 1830 में पहला हिंदी अखबार उदन्त मार्तण्ड निकला था । कोलकाता में 26-28 मार्च, 1929 को हिंदी साहित्य सम्मेलन का अधिवेशन हुआ था। उसकी स्वागत समिति के अध्यक्ष नेताजी सुभाष चंद्र बोस ही थे, जिन्होंने हिंदी में भाषण दिया था। उन्हें पता था कि हिंदी के विकास में कोलकाता के लगभग पांच लाख हिंदी भाषियों का योगदान हो सकता था। तब नेताजी ने बांग्ला भाषियों से हिंदी सीखने और हिंदी के प्रति कोई दुराग्रह न रखने को लेकर अपील भी की थी। उन्होंने महात्मा गांधी समेत हिंदी साहित्य सम्मेलन के लोगों से भी अपील की थी कि मद्रास प्रांत की तरह वे बंगाल और असम में भी हिंदी के प्रचार का प्रबंधन करें। उन्होंने कोलकाता और बंगाल में हिंदी पढ़ाने के लिए लोगों से कहा भी था। उन्हें उम्मीद थी कि इसकी वजह से बहुत सारे बंगाली छात्र हिंदी पढ़ने के लिए तैयार हो जाएंगे। उन्होंने बंगाल के छात्रों को छात्रवृत्ति देकर हिंदी का प्रचारक बनाने का भी प्रस्ताव दिया था।नेताजी उन दिनों मजदूरों के बीच भी काम कर रहे थे। तब उन्हें समझ आया कि आम बोलचाल की भाषा के बिना बुनियादी स्तर पर सहज संपर्क स्थापित नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा जताई थी कि यदि तन-मन-धन से प्रयत्न किया गया, तो वह दिन दूर नहीं, जब भारत स्वाधीन होगा और उसकी राष्ट्रभाषा होगी हिंदी। नेताजी को लगता था कि अगर हिंदी को सहज संपर्क भाषा के रूप में अपना लिया गया तो लोग इसे सीखेंगे और आने वाले दिनों में प्रांतीय वैचारिक खाइयों को पाटने में हिंदी ही पुल का काम करेगी । वर्ष 1938 में हरिपुरा कांग्रेस अधिवेशन में अध्यक्ष चुने जाने के बाद नेताजी ने हिंदी में ही भाषण देते हुए कहा था, 'यदि देश में जनता के साथ राजनीति करनी है, तो उसका माध्यम हिंदी ही हो सकती है। बंगाल के बाहर मैं जनता के बीच जाऊं, तो किस भाषा में बोलूं? इसलिए कांग्रेस का सभापति बनकर मैं हिंदी खूब अच्छी तरह न जानूं, तो काम नहीं चलेगा।' इसलिए उन्होंने हिंदी सीखने पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने लक्ष्मीनारायण तिवारी नाम के सज्जन से हिंदी सीखी। आजाद हिंद फौज में भी उन्होंने हिंदुस्तानी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिया। नेताजी समझते थे कि जिस देश के पास अपनी राष्ट्रभाषा नहीं होती, वह खड़ा नहीं रह सकता। उन्होंने कहा था कि भारत की स्वाभाविक लोकभाषा हिंदी एवं उर्दू का मिश्रण होगी, जो देश के बड़े भाग में बोली भी जाती है। उन्होंने इसे लिखने के लिए देवनागरी अथवा उर्दू यानी फारसी, दोनों लिपियों को सुझाया था। यहां पर वे गांधी और विनोबा से अलग विचार रखते हैं। गांधी ने जहां हिंदी और उर्दू-दोनों के लिए देवनागरी लिपि अपनाने का सुझाव दिया, वहीं विनोबा इससे एक कदम आगे, भारत की सभी भाषाओं को नागरी लिपि अपनाने पर जोर देते रहे। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिंद फौज ने जापानी सेना के सहयोग से ब्रिटिश सेना पर हमला किया। नेताजी की अगुआई में पूर्वी भारत के कई हिस्सों पर आजाद हिंद फौज ने कब्जा कर लिया था। तब नेताजी ने फौज को प्रेरित करने के लिए हिंदी में नारा दिया था, 'दिल्ली चलो।' जब आजाद हिंद फौज ने अंग्रेजों से अंडमान और निकोबार द्वीप छीन लिए, तो नेताजी की इच्छा के अनुरूप इन द्वीपों को 'शहीद द्वीप' और 'स्वराज द्वीप' नाम दिया गया। आजाद हिंद फौज का प्रयाण गीत- कदम-कदम बढ़ाए जा/खुशी के गीत गाए जा/यह जिंदगी है कौम की, तू कौम पे लुटाए जा-आज भी भारतीय सेनाओं का प्रयाण गीत बना हुआ है, जिसे रामसिंह ठाकुर ने लिखा था। यह गीत भी हिंदी के प्रति नेताजी की सोच के बारे में बताता है। गैर हिंदीभाषी होते हुए भी हिंदी को लेकर नेताजी की सोच इस बात की द्योतक है कि हिंदी को आगे बढ़ाने में हमारे स्वाधीनता संग्राम के नायकों ने कैसा योगदान दिया। आज नेताजी की सोच और विचारों को फिर से पढ़ा जा रहा है यह एक अच्छा संकेत है।



## एक नजर

### किशुनपुर पंचायत सचिवालय में मनी नेताजी की जयंती

**पाटन।** प्रखंड के किशुनपुर पंचायत सचिवालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती मनाई गई। मुखिया सुमन गुप्ता के द्वारा सुभाष चंद्र बोस के फोटो पर फूल माला चढ़ा कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। मुखिया ने संबोधन में कहा कि नेताजी स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। मौके पर समन्वयक चितरंगत कुमार, अनूप तिवारी, प्रमोद सोनी, अनिल प्रसाद, विनोद प्रजापति, लव सोनी, प्रेम भुईयां,रेखा देवी,पुतुल कुमार, पूनम देवी, तेतरी देवी,चंद्रमणि देवी, राधेश्याम मिश्रा मौजूद थे।

### कांग्रेस दलित प्रकोष्ठ की पंचायतवार बूथ कमेटी गठित

**पाटन।** कांग्रेस दलित प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक पासवान व मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने विभिन्न पंचायतों का दौरा कर पंचायतवार बूथ कमेटियों का गठन किया। पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार की अव्यवहारिक नीतियों के कारण आमजन का भाजपा से मोहभंग होता जा रहा है। अबकी बार पाटन-छतरपुर में कांग्रेस के उम्मीदवार निर्वाचित होंगे। मोके पर प्रखंड अध्यक्ष अभय पांडे उपस्थित थे।

### मनाई गयी शिव मंदिर की पहली वर्षगांठ

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना परिसर में मंगलवार को शिव मंदिर की पहली वर्षगांठ धूमधाम से मनायी गयी। आचार्य रमाकांत पाठक के द्वारा रुद्राभिषेक के साथ विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। हवन कार्यक्रम में थाना प्रभारी बिट्टू कुमार, एएसआई अभय कुमार त्रिपाठी सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने सहभागिता की। समापन पर आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आचार्य ने बताया कि रुद्राभिषेक से व्यक्ति की सभी इच्छायें पूरी हो जाती हैं। शिव मंत्रों के जाप से आसपास का वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है।

### मंदिर निर्माण समिति के संरक्षक बने पांकी विधायक

# अरकासुगी ठाकुरबाड़ी का होगा जीर्णोद्धार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** तरहसी प्रखंड स्थित अरकासुगी ठाकुरबाड़ी शिव मंदिर के प्रांगण में रामसिया, राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी, भगवान शिवशंकर के दरबार एवं हनुमान जी के मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर मंगलवार को बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निर्माण समिति के अध्यक्ष, सचिव सहित कमेटी के सदस्यों ने पांकी विधायक कुशवाहा डा. शशिभूषण मेहता को फूलमाला पहनाकर एवं अंग वस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान सर्व सहमति से विधायक डा. मेहता को निर्माण समिति का संरक्षक बनाया गया। बैठक में मंदिर की पेंटिग, रेलिंग, टाइल्स, मुख्य दरवाजा, छत की ढलाई सहित विभिन्न निर्माण कार्यों को लेकर चर्चा की गई। विधायक ने कहा कि मंदिर को सुंदर और भव्य बनाया जाएगा। बहुत जल्द कार्य प्रारंभ किया जायेगा। यह पुनीत कार्य ग्राम वासियों और हिन्दू धर्म प्रेमियों के सहयोग से कराया जायेगा। मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, समाजसेवी संजय चन्द्रवंशी, कमेश यादव,अरका पंचायत के मुखिया बबन प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, राहुल कुमार गुप्ता, गोकुल कुमार प्रसाद,गुड्डु तिवारी,नीरज पांडे,राजू सोनी, विजय तिवारी,अजय तिवारी, मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शंकर शुक्ला ने किया।



बैठक में उपस्थित विधायक व मंदिर समिति के पदाधिकारी।

# प्रेरक है तुम मुझे खून दो मैं तुझे आजादी दूंगा का नारा

### जयंती पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया गया नमन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** आजाद हिंद के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मंगलवार को जिनीयस कोचिंग सेंटर धावाडीह में श्रद्धापूर्वक मनाई गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने तथा संचालन विद्यालय के निदेशक चंचल यादव ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बचपन से ही हमेशा देश के बारे में सोचते रहते थे। उनके मन में भारत देश के लिए सच्ची श्रद्धा थी। जब भारत देश गुलाम था तब उन्होंने अंग्रेजों को यहां से खदेड़ने के लिए नारा दिया था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। यह आज भी देशवासियों के लिये प्रेरक का कार्य करता है। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिंह ने कहा कि देश की तरक्की के लिये सभी को उनके बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है। इस मौके पर धावाडीह मुखिया रिंकी यादव, धीरज कुमार सिंह, ज्ञानी यादव, सामाजिक कार्यकर्ता महेश यादव, जिप सदस्य पति अजय उरांव, मनोज गुप्ता, किशन साव उपस्थित थे।



### श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर सीताराम संकीर्तन की गूंज, लोगों में उत्साह

# झांकी के साथ निकली शोभायात्रा, भक्तों ने बरसाये पुष्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड में श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान पूरा क्षेत्र सीताराम संकीर्तन से गुंजायमान रहा। पाटन, किशुनपुर, काकेकला सिक्कीकला में भव्य शोभा यात्रा व झांकी निकाली गई। विधायक पुष्पा देवी ने शोभायात्रा में शामिल होकर विभिन्न मंदिरों में जाकर विधिवत पूजा-अर्चना किया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने शोभा यात्रा पर पुष्प बरसाकर जोरदार स्वागत किया। विधायक ने कहा की अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा हिन्दुओं एवं सनातनियों के लिये ऐतिहासिक दिन है। युगों-युगों तक यह पूरे विश्व में याद किया जाता रहेगा। शिव मंदिर करिहार, विष्णु मंदिर अकरहा, सिक्कीकला, बरसैता, लोइंगा, नावा, कसवाखाड़, पाल्हेकला, नावाडीह, किशुनपुर आदि सभी क्षेत्रों के देवालयों को आकर्षक श्रीराम नाम पताका से सजाया गया। मन्दिरों/ देवालयों में सुंदरकांड एवं अखण्ड हरे राम संकीर्तन की मंगलवार को विधि-विधान पूर्वक पूर्णाहुति की गयी। मौके पर जिला परिषद के विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, पूर्व मुखिया धीरेन्द्र नारायण उपाध्याय, जंघासी मुखिया प्रतिनिधि मुकेश सिंह, परशुराम सेना के श्रीकांत तिवारी, संतोष पाण्डेय, वशिष्ठ पांडे, शुभम क्रांति उपस्थित रहे।



### स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों ने किया महाप्रसाद का वितरण



**हुसैनाबाद।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर विभिन्न स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों ने महाप्रसाद का वितरण किया। स्थानीय स्टेशन रोड में युवा बाल संघ, महावीर जी भवन, अंबेडकर चौक, ठाकुरबाड़ी, कुम्हार टोली शिव मंदिर, सिद्धनाथ नगर के बागेश्वर महादेव व बराही धाम, देवरी शिव मंदिर, दंगवार सूर्य मंदिर आदि जगहों पर महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसके पूर्व मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम व माता सीता के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती उतारी गयी। भगवान को भोग लगाकर महाप्रसाद वितरण की शुरूआत की गयी। इसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। वहीं गांधी चौक पर चाय का वितरण किया गया। राजेश्वर सिंह, रवि कुमार यादव, विजय गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, अविनाश कुमार, संदीप मोदनवाल, रजनीश कुमार, सुभाष कुमार, सुनील गुप्ता, दिलीप गुप्ता, लोकनाथ केशरी, राकेश तिवारी, राजेन्द्र पाल, अजित अग्रवाल, माइकल, मुरारी अग्रवाल, मोहन, संदीप, समाजसेवी प्रेमचंद चौधरी आदि मौजूद थे।

### अधिकारियों ने युवाओं का बढ़ाया हौसला

#### भंडारे में हजारों ने ग्रहण किया महाप्रसाद

**हुसैनाबाद।** स्थानीय बाजार क्षेत्र स्थित श्रीराम जानकी मंदिर, ब्रह्मस्थान, बड़ा शिवालय, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर कोरियाडीह, देवी मंदिर हैदरनगर में आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में हिन्दू धर्मावलंबियों ने बढ़5चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर देवालयों को विभिन्न प्रकार के फूलों से सजाया-संवारा गया। मेन रोड में भंडारे का शुभारंभ एसडीओ आशीष गंगवार, बीडीओ शुभम बेला टोपनो व थाना प्रभारी आजाद अंसारी ने प्रसाद ग्रहण कर किया। आयोजन में सरजू प्रसाद गुप्ता, आलोक, अरुण गुप्ता, मथुरा प्रसाद, ओमप्रकाश, बालाजी, कुंदन मोदनवाल, दीपक, मनोज, अरविंद, सचिन, दीवानी, कृष्णा प्रसाद, रविकांत, पुरुषोत्तम गुप्ता, आशीष मोदनवाल ने अहम भूमिका निभाई।

### अब महावीर चौक के नाम से जाना जायेगा शरईडीह मोड़

**रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन से हुआ आगाज**

**छतरपुर।** नगर पंचायत का शरईडीह मोड़ अब महावीर चौक के नाम से जाना जायेगा। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन पूर्व सांसद मनोज कुमार, चुनु बाबू, मोहन कुमार सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में मोड़ का नाम परिवर्तन किया गया। श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष रितेश चंद्र ने बताया कि इस मौके पर पूरे नगर के मंदिरों की साफ-सफाई कर पूरे नगर में भगवा झंडा लगाया गया। श्रीराम ,लक्ष्मण और मां सीता की झांकी से सुसज्जित रथ के साथ नगर भ्रमण किया गया। महावीर चौक पर 11000 दीपक जलाकर दो क्विंटल लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया। मौके पर सचिव मोनू गुप्ता, कोषाध्यक्ष पवन गुप्ता, राहुल, अमित चंद्रा, क्रांति मेहता, संरक्षक डोमन प्रजापति, विक्की सिंह, मोहन कुमार, सिंटू सिंह,योगी बघेल पवन प्रजापति, अजीत कुमार, प्रिंस कुमार, डब्ल्यू, गुड्डु, मंजीत,अंशु गुप्ता,सोनू कुमार,पिंटू कुमार, विकास आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

### रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के दिन गूंजी किलकारी

**एमएमसीएच में 17 शिशुओं ने लिया जन्म, परिजन गदगद**

**मेदिनीनगर।** पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि एमएमसीएच में प्राण-प्रतिष्ठा के दिन 17 प्रसव हुए। इस दिन जिले के 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 43 शिशुओं की किलकारी गूंजी। सिविल सर्जन ने उस दिन सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में काम करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हालांकि प्राण-प्रतिष्ठा के दिन चिकित्सालयों में मरीजों की संख्या औसतन आधे से भी कम रही। एमएमसीएच डालटनगंज के ओपीडी में जहां औसतन एक हजार से अधिक मरीज आते हैं। वहीं सोमवार को मात्र 446 मरीज आये। इसी तरह जिले के 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी मरीजों की संख्या महज 225 रही।

### मुखिया ने सांसद का किया स्वागत

# जर्जर सड़क के मरम्मत की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के खड़गपुर पंचायत की मुखिया काजल कुमारी ने ढाब कला स्थित खड़गपुर मोड पर मंगलवार को पलामू सांसद विष्णुदयाल राम का फूलमाला से स्वागत किया। मौके पर एनएच-98 ढाब मोड़ से खड़गपुर, गिद्धि गांव होते हुए डुमरिया तक जर्जर सड़क का निर्माण करवाने को लेकर मांग पत्र सौंपा। मुखिया ने कहा कि लगभग 20 वर्ष पहले सड़क का निर्माण हुआ था। यह अब काफी जर्जर हो गया है। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ने जल्द सड़क का पुनर्निर्माण करवाने की बात कही। इस मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम मौजूद थे।

# गांवों मे झांकी के साथ निकली शोभा यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर उद्घाटन के उपलक्ष्य में प्रखंड के सभी गांवों में घर-घर दीप जलाये गये। कुटमू, मुरमाखुर्द, मलवरीया, पाणडेपुरा, सीरहा, जमडीहा, करकटा, जोगा, कुल्ही सहित कई गांवों मे भव्य झांकी और जुलूस निकाला गया। संकट मोचन मंदिर मे जिप सदस्य सह भाजपा नेता अरविंद सिंह ने कहा कि पांच सौ वर्ष बाद रामलला अपने आंगन में विराजमान हुये हैं। उन्होंने बजरंग बली की आरती उतारकर मंगल कामना की। मौके पर मुखिया राम वचन राम, कृष्णा पाल, पारस कुमार, अशोक सिंह, कमला देवी, बसंत ठाकुर, प्रभु मेहता, सहित कई राम भक्त शामिल थे।



# वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट 26 जनवरी से



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड क्षेत्र के जोगा ( जरही टोला) स्थित पोटोहो आजनवन खेल मैदान में आजनवन विकास समिति सह वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट कमेटी एवं पंचायत के गणमान्य लोगों की बैठक मंगलवार को आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसहमति से प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन पर चर्चा की गई। अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस से टूर्नामेंट का शुभारंभ किया जाएगा। पहला मैच हैदरनगर बनाम ऊंटारी रोड प्रखंड के बीच खेला जाएगा। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता रामकृष्ण पाल, आजनवन विकास समिति के अध्यक्ष असरेश पाल, सचिव बैजनाथ राम,कोषाध्यक्ष विक्रम चौधरी, सदस्य उदेश चौधरी, ब्रमदेव चौधरी सहित कई लोग शामिल थे।

### प्रज्ञा केंद्र संचालकों को मिशन कर्मयोगी का मिला प्रशिक्षण, किया गया प्रेरित

# योजनाओं को जन-जन तक पहुंचायें सीएससी संचालक

**मेदिनीनगर।** प्रखंड सदर मेदिनीनगर के सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को जोड़ पंचायत के पंचायत भवन में मिशन कर्मयोगी के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला प्रबंधक सीएससी नागेंद्र कुमार के द्वारा बताया गया कि सीएससी संचालक सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और सरकार और नागरिकों के बीच एक कड़ी का काम करें। जिससे ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा डिजिटल पंचायत की सुविधा का लाभ मिल सके। उन्होंने केंद्र संचालकों को लोक व्यवहार के गुर सहित तकनीकी कौशल से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से कर्मयोगी वीएलई कार्यक्रम के बारे में पांच मॉडल प्रस्तुत किया गया। डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अरविंद कुमार ने दिव्यांगों के घर जाकर उनका कार्य निष्पादित करने के तरीके बताये। विरेंद्र सिंह ने भी उपयोगी जानकारी दी। मौके पर सीएससी संचालक मनीष कुमार तिवारी, धिरेन्द्र प्रसाद, अरविंद कुमार सिंह, सुजीत कुमार, मो. नबी आलम, विरेन्द्र कुमार साव, अभिमन्यु कुमार सिंह, अमित कुमार तिवारी, अनूप कुमार उपस्थित थे।

## पहल

### जिला स्कूल में शिक्षा विभाग ने लगाया पुस्तक मेला

# जीवन का पथ प्रदर्शक होती हैं पुस्तकें : रवि कुमार

- विद्यार्थी व शिक्षकों को मन मुताबिक पुस्तकें उपलब्ध कराना मेला का उद्देश्य : डीईओ
- आधुनिकता में भी पुस्तकों का कोई विकल्प नहीं : डीएसई



पुस्तक मेला का उद्घाटन करते प्रशिक्षु आइएएस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अब उनकी रूचि के अनुरूप सरकार पुस्तकें उपलब्ध करायेगी। इसके लिए विभिन्न प्रकाशकों की पुस्तकों का मेला आयोजित किया गया है। जहां आकर विद्यार्थी व शिक्षक अपने इच्छा अनुसार पुस्तकों का चयन करेंगे। बाद में उन पुस्तकों को खरीदकर उन्हें मुहैया कराई जायेगी। इसे लेकर स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर मंगलवार को पलामू शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में सीएम जिला स्कूल आफ एक्सीलेंस के मैदान में पुस्तक मेला का आयोजन किया गया है । इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सह प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार,डीईओ अनिल कुमार चौधरी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इसके पूर्व सहायक समाहर्ता रवि कुमार ने सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया।पुस्तक मेला में प्रभात प्रकाशन, ज्ञानगंगा,यश,क्राउन पब्लिकेशन,आर एंड एन,आर एन इंटरप्राइजेज, एनबीटी,साहित्य दर्पण व समय प्रकाशन के बुक स्टाल लगाए गए हैं ।इस पुस्तक मेला में तीन सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस,बाईस प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय,ग्यारह कस्तुरबा एवं एक झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय को विशेष रूप से पुस्तक चयन के लिए आमंत्रित किया गया है। इस मौके पर एडीपीओ उदय सिंह,एपीओ अशोक रजक,शादाब हुसैन,रामदयाल राम, विकास दूबे, शिक्षक नेता अमरेश सिंह, प्रधानाध्यापक महेंद्र प्रसाद उपस्थित थे।

### महुगावां में निकला भव्य श्रीराम जुलूस

**मेदिनीनगर।** अयोध्या में श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा और भगवान के आगमन को लेकर चैनपुर प्रखंड में जगह-जगह शोभायात्रा निकाली गई। गांव से लेकर शहर तक जय श्रीराम के जयघोष से माहौल भक्तिमय हो गया। शोभा यात्रा के बाद मंदिरों में अनुष्ठान के साथ भजन-कीर्तन, अखंड रामायण और धार्मिक आयोजन किये गये। इस दौरान वीर बालक संघ के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ बाइक जुलूस निकाला गया। बंदूआ, पनेरी बांध होते हुए शाहपुर चौक पर पहुंच श्रीराम के भक्तों ने जमकर नृत्य किया। मौके पर रामलाल चौरसिया, श्यामलाल चौरसिया, अमलेश चौरसिया, सुमित तिवारी, नरेंद्र पाण्डे, महावीर नारायण तिवारी, सत्येंद्र चौरसिया, जितेंद्र पाल मौजूद रहे।

### रेडक्रॉस सोसाइटी के चुनाव के लिए 24 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**मेदिनीनगर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी पलामू यूनिट के 28 जनवरी को होने वाले चुनाव को लेकर मंगलवार को विभिन्न पदों के लिए 24 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। आज नामांकन किये गए पत्रों की स्क्रूटनी और नाम वापस/आपत्ति दावा की तिथि निर्धारित है। जिन पदों पर नामांकन किया गया है। उसमें उपाध्यक्ष पद के लिए आलोक कुमार पाठक, कुंदन कुमार वर्मा,सचिव पद के लिए डॉ सत्यजीत गुप्ता, डॉ स्नेहलता त्रिपाठी,संजोजक पद के लिए सुधीर कुमार, सरदार इंद्रजीत सिंह डिंपल, मुख्य परियोजना निदेशक पद के लिए गिरधारी गर्ग, अरविंद प्रसाद, कोषाध्यक्ष पद के लिए सुधीर कुमार सिंह, अमिताभ कुमार मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य के लिए डॉ संजय कुमार, कमल कुमार जैन, मासरिक जहां, कृष्णा प्रसाद अग्रवाल, उदय शंकर दुबे, शिव कुमार दुबे, आलोक माथुर, रितेश कुमार, राकेश कुमार, नीलेश चंद्र, रंजीत कुमार मिश्रा, प्रदीप कुमार, आलोक वर्मा, अखिलेश तिवारी का नाम शामिल है।

### विभिन्न संगठनों ने मनायी नेताजी की जयंती



**मेदिनीनगर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। जिला संयोजक चंद्रबली चौबे, किशोर कुमार सिन्हा , मुनेश्वर राम, संजय राम, मुकेश नारायण दीक्षित, मनी मोदनवाल, लव कुमार तिवारी, संजय राम आदि ने नेताजी के व्यक्तित्व को याद किया। सांस्कृतिक संगठन इप्टा, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से प्रेम प्रकाश, बबलू चावला, कमल किशोर, अरुंजय नारायण सिन्हा आदि ने नेताजी को नमन किया।

## सुप्रभात पलामू



पलामू वासियों को नमस्कार। वन व वन्य जीवों की सुरक्षा हम सभी का नैतिक दायित्व है। ये हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं। आईये मिलकर इनके संवर्द्धन का संकल्प लें।

**पीके जेना, उप निदेशक पीटीआर**

### घने कोहरे के बीच लुढ़कते पारे से लोगों का हाल बेहाल

# सर्द हवा के थपेड़ों से कनकनी बढ़ी, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में दिनभर बह रहे तेज सर्द हवा के थपेड़ों से कनकनी चरम पर पहुंच गयी है। दोपहर बाद कोहरे की ओट से टिमटिमाते प्रतीत हो रहे सूर्यदेव का तेज जहां पूरी तरह निस्तेज साबित हो रहा है। वहीं घने कोहरे के बीच लुढ़कते पारे से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आलम यह है कि रजाई व कंबल भी प्रचंड ठंड के समक्ष बेअसर साबित हो रहे हैं। प्रतिकूल मौसम के कारण बच्चों व बुजुर्गों की परेशानी बढ़ गयी है। आम लोग भी तेजी से शीतजनित बीमारियों की गिरफ्त में आ रहे हैं। भीषण ठंड के कारण गरीबों के साथ पशु-पक्षियों की परेशानी में भी इजाफा हुआ है। जिले के शहरी इलाकों में तो दोपहर बाद कोहरे का असर कम हो रहा है, किंतु सुदूर ग्रामीण अंचल 24 घंटे कोहरे की चादर में लिपटे नजर आ रहे हैं। ठंज से निजात के लिये गरीबों को सिर्फ आग का ही सहारा रह गया है।



### कांग्रेस ने मनायी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती , किया नमन

# देश के विकास के लिये नेताजी के बताये मार्ग पर चलने की जरूरत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। शहर के सुभाष चौक स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं ने नेताजी को नमन किया। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने सभी को देश को सशक्त बनाने के लिये नेताजी के बताये मार्ग पर चलने के लिये प्रेरित किया। प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी ,पूर्णिमा पांडे, शमीम अहमद रयान, मिथिलेश कुमार सिंह, ईश्वरी प्रसाद सिंह, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, हर्ष साहनी, सोनू खान, महिला जिला अध्यक्ष इंदु भगत, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष जीशान खान, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना खान आदि उपस्थित थे। सभी ने उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते जिला अध्यक्ष

## भाकपा ने मनायी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सुभाष चौक पर नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि नेताजी ने देश के आजादी की लड़ाई के लिये आजाद हिंद फौज का गठन कर अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिये थे। तत्पश्चात रेड़मा स्थित भाकपा कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम सुआ टोला लसुनिया के कई लोगों ने भाकपा की सदस्यता ग्रहण की। वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि पार्टी अपने स्थापना काल से ही गरीब, मजदूर व शोषित वंचितों के लिए कार्य कर रही है। राज्य कार्यकारिणी सदस्य केडी सिंह ने कहा कि इस वर्ष पार्टी 10 हजार नये सदस्य बनायेगी। उमेश सिंह चेरो ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर कृष्ण मुरारी दुबे, मृत्युंजय तिवारी, नसीम राइन, सोनू अहमद उपस्थित थे।



### पराक्रम दिवस के रूप में मनी नेताजी की जयंती

**मेदिनीनगनर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में मंगलवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 127वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या रेणु गोयल ने नेताजी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करके की। स्कूल की क्वार्डिनेटर रश्मि हिम्मतरामका ने बच्चों को नेताजी के संबंध में उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमारे देश में नेताजी की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनायी जाती है।

### बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने मनायी जयंती

**मेदिनीनगर।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने सदिक मंजिल चौक पर स्थापित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि नेताजी इंकलाब का दूसरा नाम थे। इस अवसर पर

### दो मोबाइल चोर पकड़ाये, छह मोबाइल बरामद

**मेदिनीनगर।** नावाजयपुर थाने की पुलिस ने मोबाइल चोरी के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में नावा जयपुर थाना प्रभारी संजय कुमार रजक ने बताया कि रामबिन्दु प्रजापति उम्र 45 वर्ष पिता महावीर प्रजापति निवासी ग्राम महुलिया थाना नावाजयपुर द्वारा 20 जनवरी को आवेदन देकर मोबाइल फोन चोरी की शिकायत दर्ज करायी गयी थी। संदेह के अधार पर पुलिस ने जब संतू कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने दोस्तर दीपक कुमार पिता दिनेश उरांव निवासी ग्राम तिसीबार थाना नावाजयपुर के साथ मिलकर क्षेत्र के विभिन गांवों, बाजारों, शादी विवाह एवं भीड़भाड वाले जगहों से मोबाइल फोन चोरी करने की बात स्वीकार की। उसके पास से चोरी का पांच स्क्रीन टच मोबाइल तथा एक पावर बैंक बरामद किया गया। उसके दोस्तर दीपक के पास से एक काला रंग का की-पैड मोबाइल तथा एक स्क्रीन टच मोबाइल बरामद किया गया।

## एक नजर

### आज मनायी जायेगी कर्पूरी ठाकुर की जयंती



**मेदिनीनगर।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर जयन्ती बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल के जिला कार्यालय में सुबह 11 बजे से धूमधाम से मनायी जायेगी। राजद के जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने बताया कि इस दौरान पार्टी के समस्त जिला व प्रखंड पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इसी क्रम में जनता दल यूनाइटेड के जिला कार्यालय में भी जयंती मनाई जाएगी। जिलाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि इस दौरान जननायक के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जायेगी। आयोजकों द्वारा कार्यक्रम की जोर शोर से तैयारी की जा रही है।

### गणतंत्र दिवस के दिन बंद रहेगी शराब की दुकानें,उत्पाद विभाग ने जारी किया आदेश

# राष्ट्रहित एवं जिले की कला व संस्कृति पर आधारित रहेगी झांकी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर अपने आवासीय कार्यालय में मंगलवार को उपायुक्त शशि रंजन ने विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को पुलिस लाइन स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रमों एवं इस दिन विभिन्न विभागों की ओर से निकाले जाने वाली झांकियों की रूपरेखा तैयार की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने विभिन्न पदाधिकारियों को अलग-अलग टास्क सौंपे। मेदिनीनगर नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त को शहर में स्थित सभी महापुरुषों की प्रतिमा का विशेष रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया तो पलामू सिविल सर्जन को पुलिस लाइन स्टेडियम में एंबुलेंस की व्यवस्था करने की जिम्मेवारी दी गई। बैठक में विभिन्न विभागों की ओर से झांकी निकालने का निर्णय लिया गया जो सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, राष्ट्रहित व जिले की कला व संस्कृति पर आधारित रहेगी। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने अन्य कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। मौके पर कल्याण पदाधिकारी, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, सदर अंचलाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता, जिला कृषि पदाधिकारी रेड क्रॉस के प्रतिनिधि समेत अन्य मौजूद थे। इधर 26 जनवरी को जिले में सभी प्रकार की शराब की दुकानें व बार समेत सभी प्रकार के मादक वस्तुओं की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने का आदेश उत्पाद विभाग की ओर से जारी किया गया है।



बैठक करते डीसी

### नैसर्गिक सुंदरता देख युवा अधिकारी रोमांचित, उठाया लुत्फ

# भारत दर्शन के तहत 18 आईएएस प्रशिक्षु पहुंचे पलामू टाईगर रिजर्व

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में देश के 18 आईएएस प्रशिक्षुओं ने दो दिवसीय प्रवास का लुत्फ उठाया। सभी आईएएस प्रशिक्षणार्थी उत्तराखंड मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के द्वारा भेजे गए थे। इनमें आठ महिला प्रशिक्षु थीं। इनके पलामू टाइगर रिजर्व में पहुंचने पर उनका पारंपरिक स्वागत किया गया। उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने बताया कि सभी प्रशिक्षु पलामू किले की आभा को देख अर्चंभित हो गए। इन सब ने कमल दाह झील की सुंदरता और उसमें जल पक्षियों के विहार का भी लुत्फ उठाया। बेतला नेशनल पार्क में रखे गए चार पालतू हाथी जूही, सीता, राखी और दुर्गेश को पुचकार कर सभी खुशी से फूले नहीं समाये। श्री जैना ने बताया कि प्रशिक्षु अधिकारी भारत सरकार के भारत दर्शन योजना के अंतर्गत यहां पहुंचे। उन्हें वन्य प्राणियों के रहने ,भोजन ,पानी ,सुरक्षा इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही आसपास में बसे गांवों के लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति से भी अवगत कराया गया।



पीटीआर भ्रमण पर आये आईएएस प्रशिक्षु



## एक नजर

### 2023 में नक्सली का गढ़ बूढ़ा पहाड़ हुआ नक्सलियों से मुक्त

**गढ़वा।** 2023 पुलिस प्रशासनिक दृष्टिकोण से बेहतर रहा क्योंकि पुलिस ने नक्सली का गढ़ कहे जाने वाला बूढ़ा पहाड़ पर फतह हासिल करते हुए उस इलाके को नक्सली मुक्त कराया। यूं कहे गढ़वा को नक्सली मुक्त होने की दिशा में अग्रसर है। गढ़वा सीआरपीएफ172 बटालियन, कोबरा बटालियन, जगुआर और झारखंड पुलिस ने इसे अपना बहुत बड़ा उपलब्धि बता रही है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में लोग बूढ़ा पहाड़ जाने से डरते थे। लेकिन 2023 में एसपी अंजनी कुमार झा के नेतृत्व में बूढ़ा पहाड़ को नक्सली मुक्त करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नक्सली मुक्त होने का ऐलान किया और कई विकास योजनाओं को बूढ़ा पहाड़ तक पहुंचाने की घोषणा भी की लेकिन उक्त सभी के बीच 2023 के अंतिम महीने में पहले पुलिस का सहयोगी कहे जाने वाला टीपीसी ने एक बड़ा झटका दे डाला। औरंगाबाद थाना क्षेत्र के ढेगुरा में टिपिसी ने पुलिस गलती पर फायरिंग किया, जिसमें रंका थाना प्रभारी को गोली लगी। 2023 आपराधिक गतिविधियों के लिए मिला-जुला रहा।

### वैष्णव दुर्गा मंदिर में भजन कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**लातेहार।** अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर शहर के वैष्णव दुर्गा मंदिर में भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्वाह्न 11 बजे भजन कार्यक्रम का शुभारंभ स्वाति मिश्रा एंड ग्रुप के बाल कलाकारों द्वारा किया गया। मौके पर मंदिर समिति के संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, विनोद कुमार साहु, रामहरि प्रसाद, ओमप्रकाश लाल, अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता उर्फ भोला, उपाध्यक्ष शशि भूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद व बद्री प्रसाद, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रविंद्र प्रजापति व रंजीत कुमार, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, राजीव कुमार (घंटी), राजीव कुमार (कूक्कू), संतोष दुबे, दीपक विश्वकर्मा, संजय प्रसाद गुड्डू, आकाश कुमार जायसवाल, बसंत कुमार, पुजारी राजेश्वर पाठक, पारितोष ठाकुर आदि मौजूद थे। वहीं वार्ड नंबर 2 में चेकनाका के पास रामनगर नामकरण किये गये पथ का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार एवं जिप अध्यक्ष पूनम देवी ने किया। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद बली पाठक, लाल आशीष नाथ शाहदेव, रामनाथ अग्रवाल, रामदेव सिंह, रविंद्र प्रजापति, रामनाथ प्रजापति, महेन्द्र पाठक, विशाल कुमार, संतोष प्रसाद पिंटू, ओमप्रकाश कुमार, विवेक गुप्ता, चंदन कुमार, कौशल पांडेय, अर्जुन पाठक व नवल पाठक आदी उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में प्लस टू उच्च विद्यालय में भाषण व प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन

# भाषण प्रतियोगिता में ब्यूटी ने मारी बाजी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

गणतंत्र दिवस पर प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में मंगलवार को विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं के बीच भाषण प्रतियोगिता तथा प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताएं चार ग्रुपों में आयोजित की गई थीं।

भाषण प्रतियोगिता के ग्रुप ए के लिये निर्धारित विषय श्री बंशीधर नगर अनुमंडल में विकास की संभावना पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में मां नगीना शाही महाविद्यालय की ब्यूटी कुमारी प्रथम, प्लस टू उच्च विद्यालय नगर उंटारी अस्मिन खातून द्वितीय, ग्रुप बी पर्यावरण विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर टाउनशिप की पूर्णिमा कुमारी प्रथम, होली क्रॉस उच्च विद्यालय नयाखाड़ के कुलदीप लकड़ा द्वितीय, सरस्वती विद्या मंदिर की शिखा रानी तृतीय, ग्रुप सी के लिए



नारी शक्ति विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर की अक्षिता द्विवेदी प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर की समृद्धि प्रशांत सहाय द्वितीय तथा राजकीय मध्य विद्यालय नगर उंटारी की जारा परवीन तथा गुरुकुल पब्लिक स्कूल नगर ऊंटरी के अश्विन कांत तृतीय तथा ग्रुप डी के लिए स्वच्छता विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में गुरुकुल पब्लिक स्कूल की निशा पांडे प्रथम, मॉडर्न पब्लिक स्कूल के की अक्षांश चौबे द्वितीय तथा सरस्वती विद्या मंदिर की अर्पणा कुमारी तथा होली क्रॉस उच्च विद्यालय नया खाड़ के ओनिक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के सभी विजेता प्रतिभागियों को गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में दिनेश कुमार शुक्ला, शिवनारायण चौबे, अशोक कुमार सिंह, सत्य प्रकाश पांडे व तहमीना परवीन शामिल थे। मौके पर वीरेंद्र कुमार पांडे, खुशदिल कुमार सिंह, पवन तिवारी, बृजेंद्र कुमार,प्रतीक कुमार पांडेय, मीरा कुमारी, राहुल दास, पंकज कुजुर, आरती श्रीवास्तव, पूर्वी रंजन, महमूद आलम सहित संबंधित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कमलेश पांडे व देवशंकर प्रसाद ने किया। इधर प्रश्न मंच प्रतियोगिता में ग्रुप ए में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल के स्वप्ननिल द्विवेदी, सुधांशु शुक्ला कृष शिक्षा विजेता तथा मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय की अर्चना कुमारी, रिशु कुमारी, व ब्यूटी कुमारी उपविजेता, ग्रुप बी में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर की पूर्णिमा कुमारी, शुभ आदित्य, उत्सव तिवारी विजेता, तथा होली क्रॉस उच्च विद्यालय नया खाड़ के कुलदीप लकड़ा, सबरुन खातून, आरती कुमारी उपविजेता, ग्रुप सी में राजकीय मध्य विद्यालय नगर ऊंटरी मुस्कान कुमारी, तौफीक आलम, प्रियांशू कुमार विजेता, तथा सरस्वती विद्या मंदिर की यास्फी रानी, निधि कुमारी व उत्सव राज उपविजेता तथा ग्रुप डी रामाश्रम विद्या निकेतन की आकृति कुमारी, आरव पांडेय, हंस कुमार पांडेय विजेता तथा गुरुकुल पब्लिक स्कूल के विपुल राज, विराज राज, आर्य पांडेय उपविजेता रहे। प्रश्न मंच प्रतियोगिता का संचालन अधिवक्ता ब्रजेश कुमार चौबे ने किया।

# ट्रैक्टर बरामद, नामजद अभियुक्त किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी** थाना क्षेत्र के शिवरी गांव से 18 जनवरी को चोरी किए गए एक ट्रैक्टर को पुलिस ने बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विदित हो कि धुरकी के शिवरी गाँव के बुधनी देवी पति मुनदिरीका भुईया के ट्रैक्टर को मिट्टी भरवाने के नाम पर बहला फुसला कर सकिल अंसारी पिता जहूर मिया गांव मिरचैया थाना धुरकी ने मंगवाया था। बाद में ट्रैक्टर खोजने के नाम पर 21000 हजार की ठगी भी कर ली, जिसका लिखित आवेदन थाना में देने के बाद पुलिस अधीक्षक ने घटना के उद्भेदन तथा अभियुक्तों को गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी के नेतृत्व में धुरकी थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि के साथ नौ सदस्य टीम का गठन किया था। छापामारी में डालटनगंज से ट्रैक्टर बरामद किया। साथ ही ट्रैक्टर चोरी में प्राथमिक अभियुक्त सकिल अंसारी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। वहीं ट्रैक्टर चोरी में प्राथमिक अभियुक्त सकिल अंसारी को मदद पहुंचाने में सदाम उर्फ लड्डू खान पिता आयुब खान ग्राम शाहपुर तथा अंकुश दूबे पिता अर्जून दुबे निवासी किनी खुटार थाना चेनपूर निवासी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। छापेमारी में पुअनि सोनु प्रसाद शैलेंद्र कुमार यादव, चन्दन कुमार मिश्रा, राकेश कुमार सिंह, राजन कुमार, छोटु कुमार, अविनाश कुमार का सहयोग रहा।

# दो बाइकों के बीच आमने-सामने की टक्कर में तीन गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** प्रखंड के बिलैती खैर गांव स्थित साप्ताहिक हाट बाजार के पास मंगलवार की दोपहर करीब 2 बजे हुए दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायल उक्त बिलैती खैर गांव निवासी बताए जा रहे हैं। घायलों में राजेश सिंह पिता दीनदयाल सिंह, रंजीत यादव पिता बंशीधर यादव तथा उनकी पत्नी का नाम शामिल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार रणजीत यादव अपनी पत्नी को लेकर मोटरसाइकिल से गढवा की ओर जा रहे थे। इसी बीच बिलैती खैर साप्ताहिक हाट बाजार के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज गति से मोटरसाइकिल में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे गिरकर तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं उक्त स्थल के पास ही पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार यादव ने अपनी तत्परता को दिखाते हुए त्वरित इसकी सूचना 108 पर देकर एंबुलेंस को बुलवाया व आसपास की लोगों की मदद से तीनों गंभीर रूप से घायल



पड़े लोगों को उठाकर बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भेज दिया है। वहीं मुखिया गोपाल कुमार यादव ने चिनिया प्रखंड वासियों से यह अपील किया है की मोटरसाइकिल चलाते समय लोग हेलमेट का जरूर प्रयोग करें, तथा मोटरसाइकिल अपने साइड में ही चलाएं, प्रखंड क्षेत्र में लगातार मोटरसाइकिल दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे लोगों को आए दिन जान माल का नुकसान हो रहा है। इसलिए वाहन चलाते समय अपनी सुरक्षा का लोग अवश्य ख्याल रखें। इस मौके पर रविंद्र यादव, कुंदन यादव, हरिशंकर राम, सहदेव सिंह, इमामुद्दीन मंसूरी, विनय यादव, अजय यादव, नेमा सिंह आदि मौजूद थे।

### दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में पांच लोग हुए घायल

**भवनाथपुर।** मकरी पंचायत के बरवारी गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हो गए। घायलों में प्रथम पक्ष से प्रयाग चंद्रवंशी पत्नी उर्मिला देवी तथा विवाहिता पुत्री आशा देवी और दूसरे पक्ष से कौशल्या देवी पति रामलाल राम और हृदया देवी पति रामचन्द्र राम का शामिल है। दोनों पक्षों के घायलों को इलाज कराने के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया,जहां पर तैनात सीएचओ इन्द्रकिशोर विश्वकर्मा की देखरेख में किया जा रहा है। यह घटना मंगलवार की दोपहर 12 बजे की है। प्रथम पक्ष से घायल प्रयाग चंद्रवंशी ने बताया कि दोनों पाटीदारों की पुरानी भूमि विवाद चल रहा था। उसमें हम झोपड़ी बनाये थे, जिससे आक्रोशित होकर दूसरे पक्ष ने आधा दर्जन लोगों ने लाठी-डंडे से लैश होकर धावा बोलकर झोपड़ी में आग लगा दी, जिसका विरोध करने पर मारपीट की गई। जबकि दूसरे पक्ष से महिला के साथ इलाज कराने अस्पताल पहुंचे मनोज चंद्रवंशी ने बताया कि मेरी जमीन पर पटीदार ने झोपड़ी लगा रखी थी, जिसे खुद से जला दिया तथा फर्जी केस में फंसाने की धमकी दी जा रही है।

# भाजपा ने मनाई नेताजी की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय में स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक में हुआ था। वे बचपन से ही राष्ट्र रक्षा का संकल्प ले चुके थे। वे युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज का गठन कर जय हिंद का नारा दिया तथा युवाओं से आह्वान किया कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस आजादी के महानायक थे। उन्होंने नारा दिया था, तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। देश भर में युवाओं के बीच अभियान चलाकर आजाद हिंद फौज से जोड़ने का काम किया था।मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता बृजेंद्र पाठक, अनवर साह राम, उनय तिवारी, भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय, सोशल मीडिया प्रभारी बिपीन तिवारी, जिला कार्यसमिति सदस्य कंचन, रवि गोवावल, मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, महामंत्री अनीत तिवारी, धनंजय विश्वकर्मा, राजू रंजन सिंह, प्रमोद जायसवाल, रितेश पासवान, राम कुमार उपाध्याय, धर्मेंद्र कुमार, रौशन कुमार आदि मौजूद थे।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मनाई गई सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**डंडई।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती मनाई गई। वार्डन तनुजा कुमारी, रोकड़ पाल, रोशनी कुमारी की उपस्थिति में शिक्षिकाओं व छात्राओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया।

# एनएच- 75 पर धुंध के कारण हाईवा दुर्घटनाग्रस्त



**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

एनएच-75 पर मंगलवार की सुबह मड़वनिया पंचायत भवन के समीप एक हाईवा दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में हाईवा का अगला भाग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक और उप-चालक बाल-बाल बच गये।

जानकारी के अनुसार उक्त वाहन बीजपुर से सड़क मैटेरियल लेकर डाल्टेनगंज (मेदिनीनगर) जा रहा था। इसी बीच आगे-आगे चल रहे हाईवा चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाया गया, जिससे पीछे वाले हाईवा ने उसमें जोरदार टक्कर मार दी। आवाज सुन पहुंचे आस-पास के ग्रामीणों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त हाईवा में फंसे चालक-एवं उप चालक को बाहर निकाला गया। दोनों को मामूली चोटें आयी है।

### गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**डंडई।** बीडीओ राहुल कुमार सानू ने गणतंत्र दिवस को लेकर प्रखंड के जनप्रतिनिधियों व गांव के प्रबुद्ध ग्रामीणों के साथ बैठक की। सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों पर झंडोत्तोलन के लिए समय का निर्धारण कर दिया गया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर 9:00 बजे, थाना परिसर में 9:30 बजे, पशु चिकित्सालय पर 9:40 बजे, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 9:55 बजे, बीआरसी कार्यालय पर 10:15 बजे, सभी पंचायत सचिवालयों पर 10:30 बजे, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 10:45 बजे, अंबेडकर चौक पर 11:00 बजे और किस उच्च विद्यालय में 11:15 बजे झंडोत्तोलन का निर्णय लिया गया है।

# नप क्षेत्र में बिना नक्शा पास कराए घर बनाने पर रोक

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

नगर परिषद में बिना नक्शा के घर बनाने का खामियाजा स्थानीय लोग भुगत रहे हैं। बिना नक्शा के घर बनने के कारण कई इलाके में जाने के लिए सड़क नहीं है। कभी किसी तरह की आग लगी की घटना होने पर अग्निशामक गाड़ी को जाने में भी काफी परेशानी होती है। उक्त कारण कई बार शहरी इलाकों में आग लगी की घटना हुई और दमकल विभाग की गाड़ी के नहीं पहुंचने घर जलकर पूरी तरह से राख हो गया।

नगर परिषद ने उक्त सभी तरह की परेशानियों को देखते हुए अब बिना नक्शा के घर बनाने पर रोक लगा दी है। अब नगर परिषद की ओर से नक्शा पास कराए बिना शहरी इलाकों में घर नहीं बनाया जा सकता। बगैर नक्शा के घर बनाने का इजाजत नहीं है। गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र में 2017 से ही ऑनलाइन नक्शा के लिए प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है। उसके तहत ऑनलाइन नक्शा के अनुमति के बाद ही घर बनाया जा सकता है। उसके लिए लाइसेंस धारी आर्किटेक्ट की स्वीकृति की जरूरत है। नप क्षेत्र में 11558 हाउस होल्डिंग है जो नियमित रूप से होल्डिंग भरते हैं।

#### 100 अधिक लोगों को भेजा गया है नोटिस

बिना नक्शा के घर बनाने के मामले में 100 से अधिक लोगों को अब तक नोटिस भेजा गया है। नोटिस देकर उनका निर्माण कार्य को रोक लगाई गई है। उसके बाद भी कई ऐसे लोग हैं जो बिना नक्शा के घर बना रहे हैं और उसके कारण पूरे मोहल्ले के लोग परेशान रहते हैं।

#### यहां ज्यादा परेशानी

नगर परिषद क्षेत्र के पुरानी बाजार का इलाका सहिजन, चिनियारोड़ और डिपुआ मोहल्ले का इलाका ऐसा है जहां आज किसी भी तरह की घटनाएं होती है तो वहां चार पहिया वाहन जाने की जगह नहीं है। उसके कारण अक्सर अप इलाके में आग लगी की घटना होती है तो वहां वहां नहीं पहुंच पाता उसके कारण कई बार उक्त इलाकों में बड़ा हादसा भी हुआ है। बेदर्दी बिना नक्शा के घर बनाए जाने के कारण बिजली कनेक्शन में भी परेशानी होती है। कई कई जगहों पर तो एक पल पर हजारों घरों के बिजली का तार लटका हुआ है। एक कर मीसो सर्किट होने के बाद पूरा जलकर राख हो जाते हैं।

#### क्या कहते हैं पदाधिकारी

गढ़वा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि गढ़वा शहर में बिना घर का नक्शा बनाए घर बनाने की इजाजत नहीं है। उसके लिए लाइसेंस धारी आर्किटेक्ट से नक्शा तैयार का नगर परिषद की ओर से स्वीकृति लेना पड़ता है। गढ़वा में पहले से ही ऑनलाइन नक्शा का प्रावधान है या इसी प्रक्रिया है जिसके तहत कोई भी नक्शा स्वीकृत के लिए पेंडिंग नहीं रहता। 15 दिनों में नक्शा की स्वीकृति प्रदान कर दी जाती है। वहीं जिनके कागजात में किसी तरह की परेशानी होती है उनके संबंधित दस्तावेज को वापस लौटा दिया जाता है। वर्तमान समय में ऑनलाइन नक्शा से संबंधित एक भी मामले नगर परिषद के पास पेंडिंग नहीं है।

**पहल** सामूहिक सहयोग से हनुमान मंदिर के प्रांगण में किया गया भंडारे का आयोजन

# भंडारे में 600 से अधिक लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें 600 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का शुभारंभ बंशीधर मंदिर ट्रस्टी राजेश प्रताप देव, समाजसेवी राजेश पांडे और विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष गौरव पांडे ने संयुक्त रूप से किया। भंडारा कार्यक्रम दोपहर 2:00 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक अनवरत चलता रहा। वहीं मुख्य पथ के किनारे हनुमान मंदिर होने के कारण सड़क से आने जाने वाले यात्रियों को भी प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर पांडे ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद व स्थानीय



युवा समाजसेवियों के सहयोग से प्रत्येक मंगलवार को वीर हनुमान के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया जाएगा। वहीं संध्या में महा आरती का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय समाजसेवी व युवा नेता बिट्टू जायसवाल, बजरंग संयोजक उत्कर्ष जायसवाल, विश्व हिंदू परिषद संगठन मंत्री राहुल जायसवाल विकास कुमार, पिंटू कुमार, बादल पासवान, निखिल कुमार तिवारी, ललित पासवान, अखिलेश कुमार, विजय जायसवाल, राहुल चंद्रवंशी, बादल आर्ट आदि ने योगदान दिया।

## राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भंडारा

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

अयोध्या में राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को बस स्टैंड स्थित राधा कृष्ण मंदिर के पास भव्य महा भंडारा का आयोजन किया गया। महा भंडारा का शुभारंभ पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अंनत प्रताप देव ने लोगों के बीच प्रसाद वितरण कर किया। पूर्व विधायक अंनत प्रताप देव ने कहा कि श्री राम सेना द्वारा लगातार धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जाता है। श्रीराम सेना अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू ने कहा कि शोभा यात्रा में 101 किलोग्राम लड्डू का भोग लगाकर श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। साथ ही शाम में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मौके पर संरक्षक भारत भूषण प्रसाद, अशोक जायसवाल, राकेश जायसवाल, कामेश्वर प्रसाद, वीरेंद्र अग्रहरि, शम्भूनाथ सौदागर, पप्पू अनमोल, प्रताप जायसवाल, संजीत कुमार छोटू, आनंद



जायसवाल, ओम प्रकाश गुप्ता, अजय मुखिया, नीरज जायसवाल, हृदयानंद कमलापुरी, आशीष अग्रवाल, मिंटू कुमार, कमलेश मेहता, अमित कुमार गुड्डू, विकास कुमार शालू, कार्यकारणी सदस्य आशीष कुमार, नित्यानंद कुमार, बब्लू केशरी, अशीष कुमार, ऋतुराज जायसवाल, छन्नू लाल, सूरज कुमार, अनिल मेहता, आशीष गुप्ता, बंटी केशरी, दिनेश जायसवाल, शिवम, अक्षय, क्रिश आदि लोग उपस्थित थे।

# जिपस ने मैदान में चबुतरा निर्माण का किया भूमि पूजन



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरैया में नेताजी सुभाष चंद्र बोस खेल मैदान के प्रांगण में मंगलवार को उनकी जयंती पर जिला परिषद के 15वें वित द्वारा चबूतरा निर्माण योजना का भूमि पूजन जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजन द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में उपस्थित महिलाएं एवं पुरुषों, समिति के सदस्यों एवं अन्य समाजिक कार्यकर्ताओं ने इसके लिए जिपस का आभार जताया।

## एक नजर

### आनंदोत्सव शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए थाना प्रभारी सम्मानित



**चंदवा।** श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर शहर में युवा भारत के नेतृत्व आनंदोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के सफल समापन के बाद मंगलवार को युवा भारत के सदस्यों ने थाना प्रभारी शुभम कुमार से मिलकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर राजकुमार पाठक, महेंद्र साहू, सतीश प्रसाद, शिवकेश्वर यादव, रविराज, दारा सिंह, संदीप रजक, मंटू सोनी, बिनय रिक्की, दीपक निषाद, मनीष गुप्ता, अंकित गोलू आदि मौजूद थे।

### सिदरा ग्लास एंड स्टील की दुकान का उद्घाटन



**चंदवा।** शहर के इंदिरा गांधी चौक के समीप एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर पथ पर प्रहलाद मोटर्स के बगल में सिदरा ग्लास एंड स्टील का दुकान खोला गया है। दुकान का उद्घाटन राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, दुकान संचालक मो सुफियान, कामता पंसस अयुब खान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। दुकान संचालक मो सुफियाना ने बताया कि हर प्रकार के ग्लास, अल्युमिनियम दरवाजा,खिड़की, पारटीशन एवं स्टील रेलिंग का सामान इस दुकान से ग्राहकों को उचित मुल्य पर दी जाएगी। इन सभी सामान के लिए लोगों को रांची और लोहरदगा का चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा। उद्घाटन के अवसर पर सुरेश लाल श्रीवास्तव, नसीम अहमद, मो साकीब, मो सोनू, मो समीर, मो सादीक, मो राज, मो जाहीद, मो वसीम, बैजनाथ ठाकुर व प्रहलाद मोटर्स परिवार आदि मौजूद थे।

### देवी मंडप के उद्धघाटन पर निकली कलश यात्रा



**बारियातु।** प्रखंड की शिबला पंचयात अंतर्गत ग्राम झिरमतकोमा मे देवी मंडप के उद्धघाटन के शुभ असर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यत्रा गाजे बाजे के साथ झिरमतकोमा से लेकर चपरी टोला होते हुए काल्हिटाड़ नदी पहुंचे, जहां बनारस से आये हुए पंडित धीरज शास्त्री, बाबा विक्की, सुधांशु पांडे, मोनू शास्त्री एवं करू पांडे द्वारा कलश में पवित्र जल भरवाया गया। इसके बाद यात्रा पुनः झिरमतकोमा देवी मंडप पहुची और कलश स्थापित की गई। वहीं जीतन कुमार गंझु ने बताया कि देवी मंडप में तीन दिन का अखंड कीर्तन का आयोजन भी किया गया है। इसके पश्चात भंडारे का भी आयोजन किया जायेगा। मौके पर तुलसी राणा, रामऔतार राणा, प्रभु यादव, विजय राणा, जुगेश्वर राणा, दिनेश ठाकुर, शंकर गंझू, विनेश्वर गंझू, निरंजन गंझू, झमन यादव आदि शामिल थे।

# अबुआ आवास के चयन में धांधली, पंसस ने पंचायत सचिव पर लगाया गंभीर आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

कामता पंचायत में अबुआ आवास की चयन प्रक्रिया में पंचायत सचिव ने जमकर धांधली की है, कई योग्य लोगों का नाम अबुआ आवास की सूची से हटा दिया है।

उक्त बातें कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कही है। उन्होंने कहा कि 15 दिसंबर 2023 को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन पंचायत सचिवालय परिसर में किया गया था। इसमें करीब एक हजार के आस पास अबुआ आवास के लिए ग्रामीणों ने फॉर्म जमा किया था। भरे गए फॉर्म की जांच कर पंचायत सचिव ने अबुआ आवास की फाइनल सूची पंचायत सचिवालय में चिपका दी। इसमें कई गरीबों का नाम नहीं है। पंचायत सचिव ने धांधली कर गरीब तो गरीब दिव्यांग का भी

**ग्राम सभा की सहमति के बिना फाइनल की सूची**

**योग्य लाभुक कार्यालय का लगा रहे चक्कर**

नाम काट दिया है। जो योग्य लाभुकों का नाम पुनः जोड़ने के लिए 8 एवं 9 जनवरी को उनसे प्रखंड कार्यालय में आवेदन लिए गए फिर भी गरीबों का नाम नहीं जुड़ पाया। 20 दिसंबर 2023 को अबुआ आवास के लिए कामता में ग्राम सभा तो की गई परंतु छुटे हुए गरीबों का नाम जोड़ने का अधिकार ग्राम सभा को नहीं दिया गया। ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों से सिर्फ हस्ताक्षर लिए गए। कई ग्राम में ग्राम सभा की सूचना ग्रामीणों को भी नहीं दी गई और जल्दबाजी में ग्राम सभा की प्रक्रिया पूरी कर ली गई, आवास की सूची से हटाए गए ग्रामीण ग्राम ग्राम सभा में पहुंचे तो उन्हें समझा बुझाकर घर भेज दिया गया। एक तरफ पंचायत सचिव द्वारा अभी आवेदन की जांच की जा रही है और दूसरी ओर ग्राम सभा करा लिया गया है। अबुआ आवास को लेकर चल रही चयन प्रक्रिया में प्रखंड कार्यालय और पंचायत सचिव की ही मुख्य भूमिका है, लेकिन पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, वार्ड सदस्य एवं ग्राम प्रधान को ग्रामीणों से दो चार होना पड़ रहा है। सूची से हटाए गए योग्य गरीबों में असमंजस की स्थिति है। उनके नाम जुड़ेंगे कि नहीं यह अंधर में है, गरीब करें तो करें क्या। आवास के लिए सूची में नाम जोड़ने को लेकर ग्रामीण अब भी प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। पंसस अयुब खान ने पंचायत में पुनः जांचकर अबुआ आवास में छुटे हुए योग्य लाभुकों का नाम जोड़ने की मांग उपायुक्त हिमांशु मोहन से की है।

### एसपी ने 1994 बैच के दोनों नवप्रोन्नत अधिकारियों को बुके देकर किया सम्मानित

# पुलिस निरीक्षक सुधीर चौधरी समेत दो बने डीएसपी

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

ईमानदार पुलिसिंग के लिए प्रसिद्ध पुलिस निरीक्षक सुधीर चौधरी व सदर थाना प्रभारी शिव प्रकाश को राज्य सरकार ने डीएसपी में प्रोन्नति दी है। जिले में अब तक बेदाग और स्वच्छ छवि के अधिकारी के रूप में सेवा दे रहे पुलिस निरीक्षक सुधीर चौधरी के कंधों पर एसपी राकेश रंजन ने अपने कार्यालय में पिपिंग सेरेमनी कार्यक्रम के दौरान डीएसपी का बैज लगाकर शुभकामनाएं दी। मौके पर एसपी ने 1994 बैच के दोनों नवप्रोन्नत अधिकारियों को बुके देकर सम्मानित किया।



उन्होंने कहा कि जिस उत्साह और ऊर्जा के साथ अब तक की पुलिस सेवा में दोनों अधिकारियों ने अपना बेहतर कार्यक्षमता का परिचय दिया है। उम्मीद है कि नई जिम्मेवारी को भी नई ऊर्जा और उत्साह के साथ अंजाम तक पहुंचाएंगे। मौके पर नवप्रोन्नत सुधीर चौधरी ने कहा कि अबतक मैंने ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए खाकी की गरिमा को गौरवान्वित करने का प्रयास किया है। साथ ही पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्री संबंध को प्रगाढ़ बनाते हुए इंसाफ की उम्मीद लेकर मेरे कार्यालय तक पहुंचने वाले फरियादियों को इंसाफ दिलाने की दिशा में भी सकारात्मक भूमिका निभाया है। अब सरकार ने मुझे प्रमोशन दिया है। कानून व्यवस्था के अनुपालन में अब जो भी बड़ी जिम्मेवारी मुझे मिलेगी मैं उसे टास्क के रूप में प्राथमिकता के आधार पर पूरा करूंगा। वहीं सदर थाना प्रभारी शिवप्रकाश ने कहा कि सरकार और विभाग के वरीय अधिकारियों के उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी शुभम खंडेलवाल समेत विभागीय अधिकारी और जवान मौजूद थे।

# ईडी से नहीं डरती हेमंत सरकार

### पेयजल व स्वच्छता मंत्री बोले-जनकल्याणकारी योजनाओं से बौखलाए हैं विपक्षी

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर एक दिवसीय प्रवास के दौरान मंगलवार को चतरा जाने के क्रम में मंगलवार को गिद्धौर पहुंचे। इस दौरान जेएमएम व महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने गिद्धौर मुख्य चौक पर उनका गर्मजोशी के साथ माला पहना कर स्वागत किया। इस क्रम में पत्रकारों के सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि सरकार अपने काम में विश्वास करती है। ईडी से सरकार कभी नहीं डरती है और न कभी डरेगी। एक राजनीतिक साजिश के तहत हेमंत सरकार को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है, जिसे किसी भी स्थिति में सफल नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार सर्वजन पेंशन, अबुआ आवास, सावित्रीबाई फुले योजना, बिजली लाभुकों को 100 यूनिट तक मुक्त बिजली सहित अन्य योजनाओं का लाभ दे रही है, जिससे विपक्षी घबरा गए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का भी आह्वान किया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, कुशवाहा समाज के जिला कोषाध्यक्ष देवनारायण दांगी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।





### चतरा आगमन पर उपायुक्त ने पौधा भेंट कर किया मंत्री का स्वागत

**चतरा।** पेयजल एवं स्वछता विभाग झारखंड सरकार के मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचे। मंत्री के चतरा परिषदन आगमन पर जिला उपायुक्त अबु इमरान ने आभार व्यक्त करते हुए पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। वहीं पेयजल स्वछता सह चतरा जिला 20 सूत्री प्रभारी मंत्री का इससे पूर्व गिद्धौर मुख्य चौक पर पार्टी कार्यकताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं इस दौरान मंत्री पार्टी व गबंधन नेताओं से मुलाकात भी की।

### 'महुआडांड़ प्रखंड में फिर चलेगा वाहन चेकिंग अभियान'

**महुआडांड़।** प्रखंड में आये दिनों सड़क दुर्घटना एंव नाबालिक द्वारा बिना हेलमेट के वाहन चलाने की घटना रोज देखने को मिल रही है। इसको लेकर एसडीओ बिपिन कुमार दुबे कहा कि आये दिनों नाबालिग द्वारा महुआडांड़ के विभिन्न चौक चौराहे सहित कई अन्य सड़कों पर बिना हेलमेट पहने मोटरसाइकिल बाइक चलाये जाने से आये दिन सड़क जाम की स्थित बन जाती है। साथ नाबालिग द्वारा सड़क पर बाइक स्टेटं करते है, जिससे लोगों का जान माल का खतरा हमेशा बना रहता है। वहीं अधिकांश नाबालिग स्कूली छात्र द्वारा ओवरलोड बिना हेलमेट के वाहन चलाते हैं, जिससे सड़क दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। महुआडांड़ पर्यटक स्थल होने के कारण बाइक सवार पर्यटकों की काफी भीड़ होती है। इन कारणों को देखते हुए वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। साथ ही ऑनलाइन चालन की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराने की कोशिश हो रही है।

# गणतंत्र दिवस पर बंद रहेंगी शराब, मीट-मछली की दुकानें

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**



गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर प्रखंड कार्यालय सभागार में एसडीएम विपिन कुमार दुबे की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं प्रखंड के प्रबुद्ध जनों से गणतंत्र दिवस समारोह में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही झंडोतोलन की समय सारणी समेत होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली। स्कूली बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी, परेड समेत खेलकूद कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों एवं कार्यक्रम आयोजन के लिए गठित कमेटी को कई दिशा निर्देश देते हुए जिम्मेवारी सौंपी।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से शराब एवं मीट मछली की दुकानों को बंद रखने की बात कही गई। बैठक में उपस्थित शिक्षक को एवं जनप्रतिनिधियों से सड़क दुर्घटना पर भी चर्चा करते हुए बच्चों को मोटर वाहन नहीं देने और वाहन चालकों को सदैव हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। वहीं प्रखंड में कुछ लोग ऐसे भी है जो बाइक रेसिंग या स्टंट जैसे करतब करते हैं जिन्हें चिन्हित करते हुए उचित कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, थाना प्रभारी आशुतोष यादव, पु अनि जानू कुमार, पु अनी अजय कुमार दास जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि मोहम्मद इफ्तेखार अहमद, मोहम्मद इमरान, कांग्रेस नेता अजीत पाल कुजूर उपस्थित रहे।

# झारखंड आंदोलनकारियों ने जुलूस निकालकर दिया धरना

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

झारखंड आंदोलनकारी प्रखंड इकाई की मंगलवार को एक सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व वरीय झारखंड आंदोलनकारी सदस्य मुरलीधर प्रसाद की आवास से मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे झारखंड आंदोलनकारी केंद्रीय महासचिव पुष्कर महतो, मुरलीधर प्रसाद,अली हसन अंसारी के नेतृत्व में एक जुलूस निकाली गई। इसमें शामिल लोगों ने अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारे लगाते हुए जुलूस नगर भ्रमण कर अंबेडकर चौक पहुंचकर संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इसके उपरांत अंबेडकर चौक परिसर में ही आंदोलनकारी सदस्य द्वारा एक सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सत्येंद्र सिंह ने की, जबकि मंच का संचालन वीरेंद्र ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में झारखंड सरकार द्वारा चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी की सूची जारी होने के बाद प्रखंड से चयनित चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी को मुख्य अतिथि पुष्कर महतो द्वारा प्रमाण पत्र एवं




पगड़ी बनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव पुष्कर महतो ने कहा कि जिस तरह लंबी लड़ाई लड़ कर झारखंड प्राप्त किया गया है। इसी तरह अपने मान सम्मान की लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाने तक आंदोलन जारी रहेगा। संयोजक मुरलीधर प्रसाद ने कहा मंडल डैम के विस्थापितों को स्थापित करने, उचित मुआवजा देने, मंडल रोड मुख्य सड़क निर्माण समेत आंदोलमकारियों की सभी मांगों को प्रमुखता से रखते हुए इसके निदान तक आंदोलन करने पर बात कही। अली हसन अंसारी ने कहा कि अलग झारखंड राज्य बनने के बाद आंदोलनकारी अपने मान सम्मान की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने आंदोलनकारी को नियोजन, पेंशन एवं मुआवजा की मांग की। कार्यक्रम में अपनी मान सम्मान एवं मंडल रोड के निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया गया। हरि कुमार भगत, राकेश कुमार अग्रवाल, संतोष कुमार, ललन तुरी, मुटकुम राम, सुनील कुमार चौरसिया आदि शामिल थे।

# एसवीएम में याद किए गए सुभाष चंद्र बोस

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ आचार्य ओंकार नाथ सहाय, प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी, जयंती प्रमुख फूलचंद सिंह ने की। छठी कक्षा की श्रेया गुप्ता, आकांक्षा, पुष्कर, रूपाली, अष्टम की छात्रा शिप्रा ने भाषण प्रस्तुत किया।

वहीं नवम की छात्रा रिंकी ने एकल गीत प्रस्तुत किया। अष्टम की छात्रा राधिका ने अपनी कविता पेश की। मौके पर आचार्य कपिलदेव प्रमाणिक, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, ममता देवी, सुरेश ठाकुर, नीलम अंबशटा, रेणु गुप्ता, गीता कुमारी, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्मप्रकाश प्रसाद, पूनम गुप्ता, आलोक कुमार पांडेय, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, रविकांत पाठक, राकेश कुमार सिन्हा, रविन्द्र कुमार पांडेय, दीपक कुमार शर्मा, विकास कुमार गुप्ता, रजनी नाग, श्वेता श्रीवास्तव, अनुजा, उपासना, शिल्पा, आकाश सेन, मधु, खुशबू, दीपक दास उपस्थित रहे।




गया। इसके साथ शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में म नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान निदेशक डॉक्टर पवन गुप्ता, प्रिंसिपल स्वाधीन पाल, राजेश झा और उमाशंकर उपाध्याय, अर्चना कुमारी, नवीन कुमार, दस्तगीर आलम, फातिमा परवीन, अमित कुमार, रानी कुमारी मौजूद थे।

### चंदवा में नेताजी की 127वीं जयंती मनाई गई



**चंदवा।** शहर के सुभाष चौक स्थित नेता जी की प्रतिमा स्थल पर मंगलवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती धूम धाम से मनाई गई। नेताजी की प्रतिमा पर प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, कॉग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर, निर्मल शर्मा, रामयश पाठक ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सुभाष चंद्र बोस सेवा संस्थान के अध्यक्ष निर्मल कुमार भारती, सुधीर प्रसाद, रवि कुमार डे, मनीष भारती, अनूप कुमार, अजीत बनारसी, कैलाश बैठा आदि मौजूद थे।

### नेताजी की जयंती पर समारोह का आयोजन

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती कार्यक्रम का आयोजन कई जगह पर किया गया। रेलवे परिसर के सुभाष चौक परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सुभाष क्लब के सदस्यों द्वारा नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया

### जयंती पर नेताजी सुभाष चंद्र के पराक्रम पर डाला प्रकाश

**महुआडांड़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों संग नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई एवं उनके पराक्रम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ अभाविप नगर अध्यक्ष सह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य चंदन बेसरा एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उज्जवल धणुष ने किया। कार्यक्रम में सहायक शिक्षक शैलेंद्र सिंह, अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उज्जवल धणुष, नगर सह मंत्री भोला बड़ाइक, रोहित सोनी, विनित पाठक आदि उपस्थित रहे।

## स्मृति शेष: जिले भर में जयंती पर नेताजी के योगदानों को किया गया याद

# नेताजी की शहादत का ऋणी रहेगा देश : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

उपायुक्त अबु इमरान ने अपने गोपनीय शाखा कार्यालय कक्ष में नेताजी सुभा षचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि देश के आजादी की संघर्ष में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के कठिन त्याग, संघर्ष, वीरता जैसे जीवन मूल्यों से हमें सीख लेने की आवश्यकता है। संपूर्ण देश उनकी शहादत का ऋणी रहेगा। इसके साथ ही जिले भर में जयंती पर नेताजी को याद किया गया।

वहीं जिला मुख्यालय के प्रोफेसर कालोनी स्थित इन्दिरा गांधी आवासीय विद्यालय में मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनंद कुमार सिंह ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उसके बाद विद्यालय के छात्रों ने नेताजी के जीवन पर तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा भाषण व कविता प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक ने कहा कि नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन कर भारत को आजाद करने का प्रयास किया।

इस अवसर विद्यालय के शिक्षक शाहनवाज आलम ने भी बच्चो को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की बात कही। मौके पर विद्यालय के शिक्षीका पूनम सिंह, निर्मला देवी, सुरेश कुमार, नीतू देवी, अर्चना मिश्रा आदि उपस्थित थे।







### शिक्षक के निधन पर शोक सभा आयोजित

**सिमरिया।** अंतर्गत उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय लेपो के शिक्षक मोहम्मद सिराज अंसारी का आकस्मिक निधन मेदांता हॉस्पिटल रांची में हो गया। उनके असमय निधन पर विद्यालय में मंगलवार को शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षक एवं बच्चों ने 1 मिनट का मौन रखा। प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने बताया कि वे अचानक बीमार पड़े और अंतिम सांसें लीं। इस अपूरणीय क्षति से विद्यालय परिवार में शोक की लहर व्याप्त है। दिवंगत साइंस व मैथ के बहुत ही जानकार थे और इस विद्यालय में 5 साल अपनी सेवा प्रदान की। शोक सभा में प्रधानाध्यापक, महेंद्र राम, संजय कुमार गुप्ता, दुर्गेश कुमार, किरण खाखा, अजमतउल्लाह, अनुज कुमार, मनोज रविदास, मिराज नियाजी, गीता श्रुति उपस्थित थे।

# समाहरणालय सभागार में मनाई गई नेताजी जयंती



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

सुभाष चंद्र बोस जयंती पर समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। हमें उनके जीवन एवं कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी जितेंद्र गुप्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता एवं कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर

### हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**बारियातु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर सहित डाढा पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, अंचलाधिकारी नंदकुमार राम, जिप सदस्य रमेश राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष लवकुश सिह, सांसद प्रतिनिधि सतेन्द्र प्रसाद सिंह, बृजमोहन राम, युवा मोर्चा अध्यक्ष संदीप केसरी, सतेन्द्र राम, टोटी मुखिया शान्ति देवी, बारियातु मुखिया सरिता देवी, पसस सदस्य सोनी देवी समाजसेवी मुंसी साव की उपस्थिति रही। सभी ने केंद्र की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। भाजपा मंडल अध्यक्ष लव सिह ने कहा कि केन्द्र में मोदी सरकार दृढ़ संकल्पी है जिससे भारत विकसित राष्ट्र बनने के मार्ग पर अग्रसर है। उनका संकल्प 2047 तक विकसित भारत बनाने का है। उन्होंने जनता को विकसित भारत बनाने मे मोदी सरकार के हाथ मजबूत करने का आह्वान किया।

### उप प्रमुख ने गरीबों के बीच बांटा कंबल



**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत चमातू के दर्जनों ग्रामीणों के बीच प्रखंड उप प्रमुख कामेश्वर राम ने कंबल का वितरण किया है। इसके बारे में जानकारी देते हुए श्री राम ने बताया कि मगध परियोजना के महाप्रबंधक को मैंने बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए ग्राम में कंबल वितरण करने का आग्रह किया था। जिसे मगध जीएम ने इसे गंभीरता से लेते हुए ग्रामीणों को वितरण करने हेतु दर्जनों कंबल दिए गए जिसे आज जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया गया। मौके पर समुद्री देवी, माधव देवी, लखनी देवी, ललिता देवी, संगीता देवी, जितनी मसोमात मौजूद रहे।

### मगध जीएम व पीओ ने आरा भू-रैयतों के साथ की बैठक

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत संचालित मगध कोल माइंस के कार्यालय सभागार में मगध सीसीएल पीओ -जीएम ने आरा भूरैयतों के साथ बैठक की। बैठक में पीओ एस सतनारायण ने आरा भूरैयतों से खनन क्षेत्र विस्तार करने की बात रखी गई। मौके पर भूरैयतों ने नौकरी मुआवजा पुनर्वास नीति के तहत क्षेत्र की विकास करने की बात कहते हुए खनन क्षेत्र विस्तार करने में सहमति जताई। मौके पर उपस्थित संघमित्रा क्षेत्र के महा प्रबंधक नृपेंद्र नाथ ने कहा कि नौकरी पुनर्वास मुआवजा क्षेत्र की विकास करने के लिए सीसीएल सदैव तत्पर है। भू रैयत अपना जमीन दें सीसीएल आपका हक अधिकार के लिए अग्रसर पहल करेगी। मौके पर गणेशपुर के मुखिया परमेश्वर उरांव और ग्रामीण रवि प्रकाश, संभू साव, शिवनारायण प्रसाद पदुम यादव, राजेंद्र प्रसाद, मंगल गंझू, खेमलाल गंझू, रविंद्र उरांव महेंद्र साव, राजेश राम अखिलेश यादव राजन यादव, रूपलाल राणा, बलदेव साव, भोला, पवन, आदि मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता थे सुभाष चंद्र बोस : धीरज साहू

## कांग्रेस कार्यालय में मनी नेताजी की जयंती व पूर्व सांसद शिव प्रसाद साहू की पुण्यतिथि

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता रहे रांची के पूर्व सांसद स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू की पुण्यतिथि मनाई गई। कांग्रेसियों के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

इस मौके पर राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया था। प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा भी उनका था जो उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। भारतवासी उन्हें नेताजी के नाम से संबोधित करते हैं। 1938 में नेताजी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष भी बनाए गए। कांग्रेस के पूर्व दिग्गज नेता सह समाजसेवी स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए कहा कि वे तत्कालीन बिहार राज्य में कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता होने के साथ-साथ महान समाजसेवी दानवीर और गरीबों के मसीहा थे। उन्होंने अपने जीवन पर्यन्त कांग्रेस संगठन को मजबूत करने एवं क्षेत्र के मजदूरों को संगठित कर इंटक यूनियन की स्थापना की और उनके हक अधिकार के लिए हमेशा संघर्ष किये क्षेत्र में शिक्षा के विकास को लेकर अनेकों उच्च विद्यालय एवं लोहरदगा का प्रतिष्ठित बलदेव साहू महाविद्यालय की स्थापना भी किये। वो युवाओं को खेल के माध्यम से प्रोत्साहित करने के लिए अनेकों काम किये। लोहरदगा को जिला बनाने एवं लोहरदगा में बड़ी रेलवे लाइन लाने का श्रेय भी उन्हीं को जाता है। रांची लोकसभा के सांसद के रूप में उन्होंने दो बार प्रतिनिधित्व भी किये। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद प्रदेश सचिव जगदीप भगत, संदीप कुमार, प्रदीप विश्वकर्मा, आजाद खान राजेश लाल, परवेज सिद्दीकी, संजर अंसारी, मदन प्रसाद, अयूब खान मेराज आलम मोईज खान परवेज आलम समेत कई कांग्रेसी उपस्थित थे।



# 128वीं जयंती पर याद किए गए नेताजी प्रतिमा पर अफसरों ने किया माल्यार्पण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 128 वीं जयंती पर जिला के पावरगंज चौक पर अवस्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ,पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां, उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला भू अर्जन पदाधिकारी जयज्योति सामंता, जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद, सिविल सर्जन व जिले के अन्य सभी पदाधिकारियों जिला शिक्षा अधीक्षक/ पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक,खेल पदाधिकारी, नगर प्रशासक, जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार, कल्याण पदाधिकारी,नजारत उपसमाहर्ता सहित अन्यद्वारा माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गर्या। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि देश के स्वाधीनता संग्राम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की निर्णायक भूमिका रही थी। आजादी की लड़ाई में उनके योगदान को हम कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने आम जनमानस के गौरव को स्थापित किया।

### 'दृढ़ इच्छाशक्ति के धनी व्यक्ति थे सुभाष चंद्र बोस'

**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य एवं आचार्य आचार्या द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। वहीं प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने सुभाषचंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस दृढ़ इच्छाशक्ति और कृतसंकल्पित व्यक्ति थे। स्वतंत्रता की लड़ाई में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया था। देश की आजादी के लिये उन्होंने आम जनता से तुम मुझे खून दो मैं तुझे आजादी दूंगा का नारा देते हुए सहयोग का आह्वान किया था। सुभाषचंद्र बोस को प्यार से आज भी नेता जी के नाम से पुकारा जाता है। कुछ इतिहासकारों के अनुसार बताया जाता है कि सुभाषचंद्र बोस की मृत्यु हवाई दुर्घटना के कारण हुई थी, परंतु यह बात आज भी रहस्यमय बना हुआ है। इस अवसर पर पूजा कुमारी, अंशु कुमारी, निलकुसुम कुमारी आदि ने नेताजी के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मौके पर संध्या कुमारी, जयप्रकाश सिंह, प्रेमशीला उरांव, डॉली कविता, प्रतिभा कुमारी, राजकिशोर उरांव, चांदनी कुमारी आदि उपस्थित थे।

# 'स्वतंत्रता सेनानियों के बताए मार्गों पर चलकर देश सेवा का कार्य करें'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर पावरगंज (सुभाष चौक) स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस स्वतंत्रता संग्राम के एक अग्रणी नेता थे। आज उनकी जयंती पर हम लोग उनको नमन करते हैं और इन स्वतंत्रता सेनानियों की सोच को आगे बढ़ाते हुए उनके दिखाएं रास्ते पर चलकर हम सभी देश सेवा का कार्य करें। मौके पर केंद्रीय पूर्व महासचिव कवलजीत सिंह, नगर अध्यक्ष अशोक साहू, नगर उपाध्यक्ष आयुष गोयल, नगर प्रधान सचिव सूर्य सिन्हा, छात्र संघ अध्यक्ष आयुष मेहता, छात्र संघ सचिव आकाश मेहता, महाविद्यालय प्रभारी आशीष साहू, छात्र संघ मीडिया प्रभारी सोनू राज, रितिक कुमार, अनिकेत कुमार उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।



### शिशु विद्या मंदिर में मनी नेताजी की जयंती

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्रीमान देवा उरांव जी के द्वारा दीप प्रज्वलन एवम पुष्पार्चन करके की। नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए देवा उरांव ने कहा कि नेताजी भारत माता के वीर सपूत थे। वरिष्ठ आचार्या रीता दीदी जी के साथ बहन हिमानी के द्वारा भी नेताजी के जीवनी के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। जयंती प्रमुख शांति दीदी जी ने बताया कि, सुभाष चंद्र बोस पर स्वामी विवेकानंद के विचारों का गहरा प्रभाव पड़ा। नेता जी ने घर त्याग दिया। सुभाष की इच्छा थी की वो देश सेवा करके और अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करके स्वंत्रता प्राप्त किया जाये। मौके पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार के साथ सभी आचार्य वृंद उपस्थित थे।

# 'नेताजी राष्ट्र के महान प्रहरी व देशभक्त थे'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में तरण ताल एवं चिड़ियाघर का भी उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक स्वर्गीय मनमोहन लाल अग्रवाल के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ किया गया। इसके पश्चात तरण ताल एवं चिड़ियाघर का उद्घाटन किया गया।

वहीं नेताजी के प्रतिमा पर भी माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। मौके पर मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री उत्तर पूर्व क्षेत्र मंत्री रामवतार नरसरिया ने कहा नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक महान क्रांतिकारी एवं देशभक्त थे। प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्या भारती सदैव तत्पर रहते हैं। सचिव अजय प्रसाद द्वारा विद्यालय का वृत्त प्रस्तुत किया गया। मौके पर विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, अनिल अग्रवाल, कृष्णा प्रसाद, सचिव अजय प्रसाद, विनोद राय, किनेश्वर महतो, अजय मित्तल, कृपा शंकर सिंह, राघव राणा, प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, उत्तम मुखर्जी, मनमोहन दास, मनोहर मोदी, प्रमोद कुमार साहू, विमलेश कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे। वहीं बच्चों द्वारा नेताजी की झांकी प्रस्तुत की गई। तृषा एवं उनकी सहेलियों ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। पर्यावरण पर अंग्रेजी नाटक प्रस्तुत किया गया। प्राची सोनी एवं सहेलियां ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अदम्य द्वारा गीता का सार प्रस्तुत किया गया। कर्ण कुंती संवाद आस्था पांडे एवं दिव्या पूंजी द्वारा प्रस्तुत किया गया। पायल कुमारी एवं उनकी सहेलियों द्वारा सियाराम गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। विभा श्री एवं उनकी सहेलियों द्वारा यूनिटी सॉन्ग प्रस्तुत किया गया। परशुराम लक्ष्मण संवाद बहन अनन्या माही तथा भैया अच्युतम द्वारा प्रस्तुत किया गया। मणिकर्णिका नृत्य बहन प्राची सोनी एवं उनकी सहेलियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। 34वे प्रांतीय खेलकूद समारोह में विजयी बच्चों को भी सम्मानित किया गया। सबसे अनुशासित रहने के लिए लकी शर्मा एवं सिद्धि शर्मा एवं सर्वाधिक उपस्थिति के लिए प्रिंस गुप्ता को पुरस्कृत किया गया।



# 'देश के लिए नेताजी के किए त्याग व बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण में गुरुकुल के अध्यनरत ब्रह्मचारियों द्वारा शहीद सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाया गया। मौके पर आचार्य अर्जुन देव आर्य एवं आर्य वीर दल द्वारा संचालित बालवाड़ी की शिक्षिका खुशी भारती मौजूद रहे। अर्जुन देव आर्य ने बच्चों अध्यनरत ब्रह्मचारियों को प्रेरित करते हुए सुभाष चंद्र बस जी के जयंती पर आजादी के लिए अपने बलिदान देकर सर्वस्व न्योछावर करने की बातें बताई। उन्हें अपने जीवन के सर्वोच्च प्रेरणा स्रोत के रूप में बताया। उन्होंने बताया कि राष्ट्र की आजादी के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के त्याग एवं बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने उनके जीवन से हमें सीखने एवं प्रेरणा लेने की बातें बताई। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।





# डिवाइन स्पार्क स्कूल में मनी नेताजी की जयंती

**लोहरदगा।** मंगलवार को डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल एमजी रोड लोहरदगा के प्रागंण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। विद्यालय के डायरेक्टर वीके बालाञ्जिनप्पा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने नेताजी द्वारा दी गयी 'जयहिंद' का नारा बोलकर बच्चों को सुभाष चंद्रबोस जैसे महान देश भक्त उच्चविचार और मेहनती बनने की कामना की। उन्होंने देश के लिए हमेशा तत्पर रहने की सलाह दी। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य चंदशेखर प्रसाद ने छात्रों को तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का अर्थ समझाते हुए कहा कि देश हमेशा बलिदान चाहता है। वह बलिदान किसी भी रूप में देश के लिए दिया जा सकता है। देश से बढ़कर हम सबके लिए कुछ भी नहीं है। देश सर्वोपरी है। देश के लिए जान भी देना पड़े तो पीछे नहीं हटना चाहिए। देश के लिए कुर्बान होने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम में लगभग 50 से अधिक अभिभावक गण भी उपस्थित थे। बच्चों ने नागपुरी नृत्य और लक्ष्मी बम नामक नृत्य कर के अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शामी बालान्जिनप्पा, शोभा विश्वकर्मा, निकेत साहु, रीतिका कुमारी, मनीषा कुमारी, नूरजहां, नीदा प्रवीण आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सहयोग किया।

# 'देश को आजाद कराने में नेताजी सुभाष चंद्र का योगदान अतुलनीय'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती का समारोह अत्यंत उत्साह पूर्ण वातावरण में आयोजित हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम प्रमुख मंजू देवी एवं दिनेश प्रसाद सिंह ने नेताजी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर मंजू देवी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का भारत की आजादी में अतुलनीय योगदान है। उन्होंने देशवासियों को संगठित करके भारत को स्वतंत्र कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। देशवासियों के लिए नेताजी का अवदान सदा ही प्रेरणादायक रहेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि महापुरुषों की जयंती हमारे लिए प्रेरणा स्रोत बनकर आती है। भैया बहनों को हमेशा देश के विकास में अपना योगदान देने का उद्देश्य रखना चाहिए। चरित्रवान और देशभक्त नागरिक ही देश के विकास के कर्णधार होते हैं । जयंती समारोह के अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या एवं भैया बहन उपस्थित थे।



**विदाई** विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्राचार्य उत्तम मुखर्जी का स्नेह मिलन समारोह आयोजित

# 'महाविद्यालय के विकास में मुखर्जी का अहम योगदान'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य उत्तम मुखर्जी का स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झारखंड के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, शिक्षाविद सदस्य कृष्णा प्रसाद, महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, सेन्हा के प्रधानाचार्य विमलेश तिवारी, कुडू की प्रधानाचार्य पिंकी इंदवार, कैरो के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार एवं बड़की चांपी के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस मौके पर अखिलेश कुमार ने कहा कि सफल होने के लिए टीम भाव के साथ काम करना और टीम का नेतृत्व करना बहुत जरूरी है, और यह गुण प्राचार्य उत्तम मुखर्जी में पूरी तरह है। सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय को छोटे से स्तर से ऊपर उठाने में प्राचार्य उत्तम मुखर्जी का अहम योगदान है। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि प्राचार्य उत्तम मुखर्जी की कार्य कुशलता के कारण आज विद्यालय की स्थिति बहुत अच्छी है और पर्यावरण के क्षेत्र में भी इन्होंने अपना सराहनीय योगदान दिया है। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि सभी के सहयोग से ही महाविद्यालय विकास की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम का संचालन स्नेहा शर्मा ने किया। उल्लेखनीय है कि प्राचार्य उत्तम मुखर्जी का स्थानांतरण धनबाद के भूली नगर सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय में हुआ है और सिनीडीह धनबाद से स्थानांतरित होकर प्राचार्य सुनील कुमार सिंह महाविद्यालय लोहरदगा आ रहे हैं। सुभाष चंद्र बोस जयंती आयोजित : मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। चेतना प्रिया ने बताया कि नेताजी ऐसे नेता थे, जिन्होंने२ भारतीयों के मन में स्वराज की भावना पैदा की। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# बजरंग दल ने मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

बजरंग दल लोहरदगा के तत्वाधान में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई, जिसमें बजरंग दल के कार्यकर्ता माला पहानाकर उनकी जयंती मनाई गई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस, जिनका जन्म 23 जनवरी 1897 को हुआ था, भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण नेता थे। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय सेना की स्थापना की और ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ अपने सशक्त संघर्ष के लिए प्रसिद्ध हुए। नेताजी ने आजादी के लिए अपनी अद्वितीय संकल्पना को प्रकट किया और 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' के उद्घाटन भाषण में राष्ट्र को प्रेरित किया। उनका योगदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अत्यधिक महत्वपूर्ण रहा और उनकी शौर्य गाथाएं आज भी हमें प्रेरित करती हैं। मौके पर उपस्थित सचिन कुमार साहू, प्रियांशु कुमार, दीक्षांत आर्य, यशस्वी ओझा, प्रमोद प्रजापति, शशि सिंह, अमित मुंडा, दिनेश कुमार, पीयूष वर्मा, नित्य राज, राजवीर सिंह, छोटू वर्मा, साहिल कुमार, सतीश राज समेत अन्य लोग शामिल थे।



## एक नजर

### झरिया मारवाड़ी समाज ने धूम धाम से मनाया श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**धनबाद।** झरिया वरीय संवाददाता। झरिया मारवाड़ी सम्मेलन झरिया की ओर से सोमवार को बालिका विद्या मंदिर, नया भवन के प्रांगण में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान दीप सज्जा, श्री राम लला की पूजा, श्री राम भगवान पर आधारित नृत्य व कार्यक्रम, आरती, आतिशबाजी, प्रशाद वितरण व अल्पाहार का कार्यक्रम किया गया है। इस ऐतिहासिक पल में समाज के सभी लरोग सपरिवार सम्मिलित होकर पूरे भाव के साथ श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष डॉ ओ पी अग्रवाल, अरुण झुनझुनवाला, दीपक अग्रवाल,रवि भारतिया, रमेश अग्रवाल, श्याम मोदी, इंद्र लोयालका, सत्यनारायण भोजगढ़िया आदि थे।

### आनंद मार्ग ने गरीबों के बीच किया कंबलों का वितरण

**बोकारो।** अत्यधिक ठंड के कारण आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ने पुरुलिया जिले के आनंद नगर आसपास के गांवों में जरूरतमंद परिवारों के बीच लगभग 200 कंबल वितरित किए हैं। संस्था के केंद्रीय सचिव आचार्य दिव्यचेतनानन्द अवधूत ने बताया अमर्ट संस्था पूरी तरह से पीड़ित मानवता के लिए समर्पित है। जब भी किसी प्रकार की आपदा आती है,आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम के स्वयंसेवक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचते हैं और उन्हें सेवाएं प्रदान करते हैं। टीम का नेतृत्व आचार्य शुभप्रसन्नानंद अवधूत और अन्य ने किया।

### गोल्डन फ्यूचर स्कूल के बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी



**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड के गोल्डन फ्यूचर स्कूल में मंगलवार को सुभाष चन्द्र बोस की 128 वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान बच्चों द्वारा गोल्डन स्कूल से लेकर तिसरी चौक होते हुए गांधी मैदान तक बच्चों द्वारा सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, झांसी की रानी, जवाहर लाल नेहरू, भारत माता, स्वामी विवेकानंद की प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान सुभाष चंद्र बोस अमर रहे, महात्मा गांधी अमर रहे, रानी लक्ष्मीबाई अमर रहे,भारत माता की जय का नारा लगाया। स्कूल प्रबंधक कारू बरनवाल द्वारा सर्व प्रथम सुभाष चन्द्र बोस के फोटो पर फूल चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। फिर स्कूल के अन्य शिक्षकों और तिसरी पुलिस के अलावा प्रवीण कुमार सिंह, राहुल यादव ने भी सुभाष चंद्र बोस के फोटो पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दिया। मौके पर प्रिंसपल रानी, शिक्षक गौरव सिंह, महेंद्र वर्मा उपास्थित थे।

### पिता के बजाय बेटे का बना दिया 'मृत्यु प्रमाण पत्र'

**खड़गपुर।** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के मेदिनीपुर शहर स्थित मेदिनीपुर मेडिकल व अस्पताल में यूं तो चिकित्सा में लापरवाही का आरोप आए दिन लगते रहते हैं, परंतु अबकी बार मृतक उत्तम नंदी के बजाय बलराम नंदी नामक जीवित युवक का ही डेथ सार्टिफिकेट जारी कर दिया। इसके बाद से बेटा अपने पिता का मृत्यु प्रमाण-पत्र ठीक कराने के लिए दर-दर भटक रहा है। पीड़ित 30 वर्षीय बलराम नंदी के मुताबिक जनपद के चंद्रकोणा नगरपालिका के कमरगंज गांव निवासी व पेशे से कृषक 54 वर्षीय पिता उत्तम नंदी को इलाज के लिए 17 नवंबर 2023 को एमएमसीएच में भर्ती कराया था। खेती में नुकसान होने से परेशान उत्तम नंदी ने विषपान कर लिया था। इलाज के क्रम में उसी दिन उनकी मौत हो जाने पर शव लेने के लिए बलराम ने अपना आधार कार्ड व अन्य कागजात प्रमाण के तौर पर संबंधित विभाग में जमा दिया था। कुछ दिन पहले जब उनके हाथ में पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र अस्पताल प्रबंधन की ओर से सौंपा गया था।

## बोकारो में दो केंद्रों पर 3512 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

# जेईई मेन-1 की परीक्षा आज से



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

बोकारो। इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मेन) 1 का आयोजन इस वर्ष 24 जनवरी से 1 फरवरी तक किया जा रहा है। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर जिले में इसके लिए दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिनमें कुल 3512 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पहला परीक्षा केंद्र चास में नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी और दूसरा चिकसिया (चास) में डॉ. एस. राधाकृष्णन बीएड कॉलेज के समीप बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर को बनाया गया है। मंगलवार को इसकी जानकारी देते हुए एनटीए के सिटी कोआर्डिनेटर व डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने बताया परीक्षा के सफल आयोजन की तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। डॉ. गंगवार ने बताया परीक्षा की शुरूआत आरआर टेक्नोलॉजी में बनाए गए केन्द्र में 24 जनवरी को हो रही है, जहां सिर्फ दूसरी पाली में 97 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसके बाद केन्द्रवार आरआर टेक्नोलॉजी में 27 जनवरी को प्रथम पाली में 140 दूसरी में 129, 29 जनवरी को दोनों शिफ्ट में 140-140, 30 जनवरी को पहली पाली में 99 व दूसरी में 140, 31 जनवरी को दोनों ही पालियों में 140-140 तथा 01 फरवरी को पहली पाली में 106 और दूसरी में 42 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। अल्फा आईसीटी सेंटर में बनाए गए परीक्षा केंद्र में 27 जनवरी को पहली पाली में 219 व दूसरी में 220 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसके बाद 29, 30 व 31 जनवरी एवं 01 फरवरी को प्रत्येक दिन दोनों ही पालियों में 220-220 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। पहली पाली सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक दूसरी पाली 3 बजे से संध्या 6 बजे तक चलेगी। जबकि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित जेईई मेन परीक्षा में दो पेपर होते हैं। एक इंजीनियरिंग और दूसरा बीआर्क अथवा बी प्लानिंग कोर्स में एडमिशन के लिए होता है।

### लेपो के रैयतों ने विधायक को मांगपत्र सौंपते हुए न्याय की लगाई गुहार

**पेटरवार।** प्रखंड के कोह पंचायत स्थित लेपो मौजा के रैयतों ने मंगलवार को गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो से मुलाकात कर फोर लेन सड़क निर्माण में अधिग्रहित की गई जमीन का मुआवजा और रैयतों का नाम जोड़ने की फरियाद की। लेपो मौजा के रैयत डोकेशवर महतो, सहदेव महतो, जीतू महतो, संदीप महतो ने विधायक लंबोदर महतो को बताया कि भारत माला परियोजना फेज वन के अंतर्गत बनने वाली जैनामोड से गोला सेक्शन पर पर मौजा लेपो के प्लॉट संख्या 17, 18 ओर 22, खाता संख्या 02 प्लॉट संख्या 356, 357 ओर 374 के तहत क्रमशः 0.1896, 0.9972 ओर 0.0228 एकड़ जमीन पर भूमि धारा 3 डी/3 जी में अज्ञात दर्ज है। रैयतों ने मांग की है कि उक्त भूमि को चिन्हित करते हुए जमाबंदी प्रमाणपत्र, दखल - कब्जा तथा वंशावली प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि जमीन का मुआवजा मिल सके।

# राष्ट्र भक्ति की अद्भुत मिसाल थे सुभाष चन्द्र बोस : सुनील



नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह पीएनडी जैन उच्च विद्यालय डुमरी में मंगलवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनायी गयी।स्कूल के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार जैन की अध्यक्षता में वरीय शिक्षक श्याम कुमार सिंह शिक्षिका संगीता जैन प्रमोद कुमार यादव ने नेताजी की चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित किया।श्री जैन ने कहा सुभाष चंद्र बोस नेतृत्व के गुण और देशभक्ति की पराकाष्ठा के पुरोधा थे।आजाद हिन्द सरकार के गठन के साथ बोस ने स्वतंत्र भारत की नींव रख दी थी।डॉ श्याम कुमार सिंह ने कहा कि समर्पण का भाव और किसी काम के प्रति जुनून की सीख हमें बोस से मिलती है। विज्ञान शिक्षक देवेश कुमार देव ने कहा कि सुभाष की जीवटता हमें प्रेरणा देती है कि अगर हम किसी बात का दृढ़ निश्चय कर लें तो कोई भी काम नामुमकिन नहीं है। संजीव कुमार जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया।डॉ विवेक जैन ने बोस के जीवन की बहुत सी प्रेरक बातें बतायी।शालिनी कुमारी, सुनीति परी,राजा कुमार, सुरेन्द्र कुमार, शिवानी वर्मा आदि विद्यार्थियों ने सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डाला।भाषा की बंदिशों से उपर उठते हुए राजा कुमार ने अंग्रेजी में अपना वक्तव्य रखा।कार्यक्रम में देवेश कुमार देव, रूपलाल प्रसाद मंडल, सुब्रत कुमार सामंत, दयानंद कुमार, संगीता जैन, वैभव रानी, एतवारी महतो,रविंद्र कुमार, धनेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

# जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट व फायरिंग



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद/भूली**

आजाद नगर अमन सोसाइटी में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष ने छत के ऊपर से ईंट-पत्थर से हमला बोल दिया, फायरिंग की तथा लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी मारकर कई लोगों को घायल कर दिया। फायरिंग के बाद कुछ देर तक वहां अफरातफरी का माहौल हो गया। लोग इधर-उधर भागने लगे। सूचना पाकर भूली पुलिस भी पहुंची, तब जाकर मामला शांत हुआ। फायरिंग की घटना से लोगों में दहशत का माहौल है। मारपीट में पांडरपाला न्यू इस्लामपुर निवासी मेराज कुरैशी, शहबाज कुरैशी के कान तथा जैना खातून के हाथ में चोट लगी है। इसके आलवे भी दोनों पक्ष के कई लोग घायल हैं। सभी घायलों को भूली पुलिस ने इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया। इधर, पांडरपाला न्यू इस्लामपुर के रहनेवाले शहबाज कुरैशी ने भूली पुलिस को दिए शिकायत में बताया कि उसके चचेरे भाई युनुस कुरैशी एक जमीन देखने अमन सोसाइटी गए थे। तभी अमन सोसाइटी निवासी राजा खान, समीर खान, गनी खान व शहाबुद्दीन आए और धमकी देते हुए कहा कि जमीन लेनी है तो हम लोगों को रंगदारी देनी होगी। विरोध करने पर हमलोगों के साथ मारपीट करने लगे। गनी खान व शहाबुद्दीन ने लोहे की टांगी से हमला कर दिया। समीर खान के घर के ऊपर से महिलाएं वह कुछ लोगों ने उन लोगों पर ईंट-पत्थर से हमला बोल दिया तथा छत के ऊपर से ही गोली चलाने लगे।

# सुभाषचंद्र बोस की 128वीं जयंती मनायी गयी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

शहर के सुभाष चौक पर 23 जनवरी को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 128 वी जयंती मनायी गयी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्व महिंद्र सिंह गांधी के परिवार की और से सुभाषचंद्र बोस की 128 वी जयंती मनायी गयी। इस दौरान सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर मौजूद स्व महिंद्र सिंह गांधी के पुत्र बन्नी गांधी ने कहा की नेता जी सुभाषचंद्र बोस ने नारा दिया तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूँगा इनकी विचारधारा से आज भी लोगों को प्रेरणा मिलती है जो पूरे भारत के नागरिकों को मजबूत बनाती है और देश के लिए मर मिटने को लेकर एक ऊर्जा प्रदान करती है आज भी हम सुभाषचंद्र बॉस को याद कर रहे और हर वर्ष करते रहेंगे। मौके पर रामगढ़ अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष जोया परवीन, ज़िला के वरीय उपाध्यक्ष बन्नी गांधी, कमल बागड़िया, जगजीत सिंह सोनी, बलराम साहू, जय कुमार अग्रवाल, मो आशिक, शमीम जावेद, विल्सन फ्रांसिस, अजमल हुसैन, डॉ राजेश खंडेलवाल, राजू सोमया, सुमित कुमार, ऋषिकेश, धन्यमशी, चंदन कुमार,सद्दाम हुसैन आदि उपस्थित थे।

# नेताजी की जीवनी पढ़ कर अमल करने की जरूरत है : भाकपा माले




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

नेता जी की जयंती पर नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माले के कार्यकताओं ने माल्यार्पण किया। साथ ही साथ उनके द्वारा देश के लिए दिए गए अमूल्य योगदान पर चर्चा की गई। माले नेता राजेश सिन्हा की अगुवाई में दर्जनों नेताओं और कार्यकताओं ने नारेबाजी की। सिन्हा ने कहा कि नेता जी का देश की उन्नति में बड़ा योगदान रहा है। अपनी आजाद हिंद सेना को बनाकर देश के लिए बड़ा योगदान दिया। उनका नारा था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा। जबकि आज के 90% नेताओं का बिल्कुल अलग सोच है कि तुम मुझे वोट दो मैं तुम्हे बेरोजगारी, भुखमरी, अशिक्षा, भुखमरी, निजीकरण आदि दूंगा। इसी सोच को समाप्त करने के लिए भाकपा माले पूरे राज्य में आगे की पंक्ति में खड़ा होकर लगातार आंदोलन कर रही है। माले नेता ताज हसन ने कहा कि आज के युवाओं को नेताजी की जीवनी पढ़ने की जरूरत है। आज के नेता और आज के युवा को ऐसे नेताओं को अपना आदर्श मानना चाहिए। वही आलोक रंजन ने कहा कि हमलोग को इनकी जीवनी के बारे जगह जगह नुक्कड़ सभा के माध्यम से बताने की जरूरत है। कार्यक्रम के बीच में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश वर्मा ने भी आकर मौके पर अपना वक्तव्य दिया। जीवनी पर विशेष चर्चा करते हुए कहा कि हमलोग इनके बताए हुए मार्ग पर चलने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं। पार्टी स्तर पर भी सभी लगे हुए हैं। मौके पर असीम डे,अनुपम दराद, शहनवाज, मामू, अफसर, मुकेश, रघु आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### शोभा यात्रा के दौरान हुई पत्थरबाजी



**गिरिडीह।** अयोध्या में आयोजित श्रीराम जन्मभूमि में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर गिरिडीह जिले में सारे इलाके में जुलूस व कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।इसी दौरान गिरिडीह जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में शोभा यात्रा पर पत्थरबाजी और झड़प की घटना होने की बात सामने आ रही है। बताया जाता है कि मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत केवट टोला पुरना नगर में मौके पर निकाली शोभा यात्रा पर अचानक कुछ लोगों ने पत्थरों से प्रहार करना शुरू कर दिया। जिससे पत्थरबाजी की इस घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल होने की बात कही जा रही है। घायलों को इलाज हेतु सदर अस्पताल में गिरिडीह में दाखिल कराया गया।वहीं गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को रेफर कर दिया गया। इसके साथ ही नगर थाना क्षेत्र आजाद नगर में आरएसएस (संघ)के प्रचारक रोहित कुमार नामक व्यक्ति के ऊपर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। जिसमें वे घायल हो गए। ऋतु बरनवाल, सचिन यादव, बच्चन साव, स्टीफन टुडू मौजूद थे।

### आपसी सौहार्द बिगाड़ने और पत्थरबाजी करने वाले पांच आरोपियों को भेजा गया जेल



**गिरिडीह।** विगत दिनों पूरना नगर में दो समुदायों के बीच देर शाम हुए पथराव की घटना में तीन लोग जख्मी हुए थे। इसमें एक युवक ओमप्रकाश मरीक की हालत गंभीर होने के कारण उसे सदर अस्पताल से बाहर रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। घटना के दूसरे दिन भी पूरना नगर इलाके में सन्नाटा पसरा रहा। हालात को देखते हुए एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर पुलिस बल को घटनास्थल पर ही तैनात रखा गया है। इस दौरान एसपी भी घटनास्थल पहुंचे थे। दूसरे दिन दोनों पक्ष की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ केस दर्ज कराया गया। जिसमें पांच आरोपियों को जेल भेजा गया। जिन आरोपियों को गिरफतार किया गया है उनमें पूरना नगर निवासी सोनू मरीक, संजय मरीक, मो. शाहबाज, मो. शाबिर और मो. अवशेर शेख शामिल हैं। दूसरे दिन एसपी दीपक शर्मा सदर अस्पताल पहुंच कर घायलों से मिले, जबकि भाजपा नेता सुरेश साहू, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, जिला महामंत्री संदीप डंगाईच, नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा समेत कई भाजपा नेताओं ने घायल से मिलकर उसका हाल जाना। इस दौरान भाजपा नेताओं ने एसपी से मुलाकात कर धार्मिक यात्रा पर पथराव करनेवाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग किया गया है।

### कुड़मी हुंकार महारैली को लेकर हुई बैठक



**गिरिडीह।** कुड़मी हुंकार महारैली को सफल बनाने के लिये मंगलवार को यूएमएस नगलो के परिसर में टोटेमिक कुड़मी/कुरमी (महतो) समाज से जुड़े सदस्यों की एक बैठक की गई जिसमें कुवियुमो के केन्द्रीय अध्यक्ष थानेश्वर महतो बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। बैठक में 18 फरवरी को मोरहाबादी मैदान रांची में आयोजित हुंकार महारैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई साथ ही सभी लोगों से उस दिन अपने पारम्पारिक वेशभूषा,हरवे हथियार एवं ढोलक मांदर लेकर चलने का निर्णय लिया गया। बैठक में नोखलाल महतो, सत्यनारायण महतो, दशरथ महतो,भेखलाल महतो, अर्जुन महतो, डीलो, शिवकुमार महतो, मुनीचन्द महतो, जयनारायण, मोहन महतो, मोती महतो, मित्रजीत महतो, मुनीचन्द महतो, सचिन महतो, उमेश महतो, अनिता देवी, नुनिया देवी, कौशल्या देवी, उषा देवी, बसंती देवी, पिंकी देवी आदी दर्जनो लोग उपस्थित थे।

### शादीशुदा महिलाकर्मी को दफ्तर बुला पीठ में घोंपा खंजर

**धनबाद।** मनईटांड़ सिंघाड़ा तालाब के पास रहने वाली निशा कुमारी (24 वर्ष) का लहूलुहान शव बैंक मोड़ श्रीराम प्लाजा में स्थित टाटा एआईए म्यूचुअल फंड के दफ्तर में मिला। पिछले माह सात दिसंबर को उसकी शादी आरा के एक लड़के से हुई थी। शादी तय होने से पूर्व तक निशा इसी दफ्तर में काम करती थी। निशा की हत्या के पीछे कंपनी के ब्रांच मैनेजर सरायढेला हाईलैंड जमुना अपार्टमेंट निवासी नीरज आनंद शक के घेरे में है। पुलिस को शक है कि नीरज ने ही शादीशुदा निशा को दफ्तर बुला कर उसके पीठ में खंजर घोंप दिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि नीरज और निशा के बीच मधुर व नजदीकी संबंध थे। श्रीराम प्लाजा व आसपास के भवन में लगे सीसीटीवी कैमरों से नीरज आनंद की भूमिका संदिग्ध प्रतीत हो रही है। साथ ही निशा के पिता दीपक भगत ने भी सीधे तौर पर नीरज को हत्या के लिए जिम्मेवार ठहराया है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर सरगर्मी से नीरज की तलाश कर रही है। उसका मोबाइल स्वीच ऑफ बताया जा रहा है।

# पीड़ित ने लगाया घर में घुसकर मारपीट का आरोप



**नूरजहां खातून और उनके पति तैयब अंसारी ने अपने भाईयों पर जनलेवा हमला करने और घर में रखे रुपये चोरी करने का भी आरोप लगाया**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

बिरनी थाना के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी 40 वर्षीय नूरजहां खातून पति तैयब अंसारी ने भरकट्टा ओपी में एक लिखित आवेदन देते हुए कहा है कि उनके पति तैयब अंसारी तीनों भाइयों के बीच पैतृक और संयुक्त संपत्तियों का बंटवारा वर्ष 2004 में हो चुका है। बंटवारा के उपरांत में मंगराटांड़ अपने हिस्से की जमीन पर घर बनाकर 20 वर्षों से रह रहे हैं। 21 जनवरी 2024 को सुबह 6:00 बजे योजनाबद्ध तरीके से झुमराती अंसारी पिता सुल्तान मियां, सकीला खातून पति अकबर अंसारी, आलम अंसारी पिता अकबर अंसारी, आबिदा खातून पति जुमराती अंसारी, रजिया खातून पिता जुमराती अंसारी, शबनम खातून पिता अकबर अंसारी सभी अपने-अपने हाथ में लाठी, टांगी, सबल, कुदाल आदि लेकर आए और घर के आंगन में घुसकर गाली गलौज करने लगे। इसी बीच घर का चहारदीवारी जो 5 फीट का था उसे कुदाल से पूरा गिरा दिया। जैसे ही हम लोग घर से बाहर निकले तो जुमराती अंसारी ने हाथ में लिए टांगी से उसके ससुर सुल्तान मियां सर पर मारा जिससे उनका सर पूरा गहराई तक कट गया वह खून से लथपथ होकर बेहोशी की हालत में जमीन पर गिर पड़े। ससुर को बचाने मैं जब गई तो आलम अंसारी ने दुप्पटा खींचकर जान से मारने के नियत से गला दबा दिया तथा जुमराती अंसारी ने रेप करने का भी प्रयास किया। इसी बीच उन सबकी महिलाएं घर घुसकर बक्सा में रखा सोने की कर्ण फूल तथा पायल के साथ साथ नगद 10000 रुपए निकाल लिए। जब हमसब घर वाले चिल्लाने लगे तो आवाज सुनकर गांव वाले आए तभी सभी लोग धमकी देते हुए अपना घर चले गए। नामजद लोगों का घर एक किलोमीटर दूर है। पीड़िता न्याय के लिए प्रशासन पर आस लगाई बैठी है। इधर पूछे जाने पर ओपी प्रभारी सुमन्त प्रसाद ने कहा कि मामले की जांच की जायेगी।

# आउट सोर्सिंग कंपनी के नो वर्क नो पे से 300 लोग भूखमरी में

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

भौरा प्रतिनिधि पूर्वी झरिया क्षेत्र के सुदामडीह एएसपी कोलियारी अंतर्गत जीटीएस आउट सोर्सिंग का एक्स 2 और फायर पैच का ओबी डंप गत पिछले शनिवार से ही बंद है। ओबी डंप बंद रहने के कारण कोल उत्पादन भी ठप हो गया है। कोल उत्पादन व ओबी निकासी बंद रहने के कारण आउट सोर्सिंग प्रबंधक ने रविवार से नो वर्क नो पे का नोटिस लगा दिया है। नोटिस जारी किए जाने से इस पैच में कार्यरत करीब 300 आउट सोर्सिंग कर्मियो के सामने रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। इससे यहां कार्यरत मजदूरों में रोष भी देखा जा रहा। उक्त दोनों पच से प्रतिदिन करीब 1000 से 1200 टन कोल उत्पादन हो रहा था। बताते चले कि गत शनिवार को मोहलबनी वस्ती के ग्रामीणों ने ओबी डंप का विरोध करते हुए कार्य को रोकवा दिया। इस दौरान पीओ अनिल कुमार की पिटाई भी कर दी थी। ग्रामीणों का कहना है कि जहां प्रबंधन ओबी डंप कर रहा है वह जमीन हमारी है। जबकि प्रबंधन का कहना है कि हम कम्पनी की जमीन पर ही ओबी डंप कर रहे थे। ग्रामीण जबरन कंपनी की जमीन को अपना बता रहे हैं। प्रबंधन का यह भी कहना है हम लोग देश को ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। ताकी देश का तेजी से विकास हो। लेकिन कुछ तथाकथित लोग कम्पनी के कोल उत्पादन में बाधा उत्पन्न करते हैं। ऐसे लोग, कम्पनी के ही जमीन व बंद पैच में ओबी डंप करने से भी तरह तरह के तर्क देकर रोक लगा देते हैं। कम्पनी का कोल उत्पादन बंद होने से कम्पनी को भारी क्षति हो रही है। राजस्व का भी नुकशान हो रहा है।

# मां भगवती दुर्गा मंदिर में सुंदर कांड व शोभा यात्रा का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय प्रांगण में स्थित मां विंध्यवासिनी भगवती दुर्गा मंदिर में विधिवत पूजन अर्चना,सुंदर कांड एवं हवन का आयोजन किया गया। सुंदर कांड व हवन कार्यक्रम आचार्य मुकेश कुमार पांडे के मुखारबिंद से सम्पन्न हुई तत्पश्चात प्रभु श्री राम,लक्ष्मण,माता सीता एवम राम भक्त हनुमान की जीवंत झांकी के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र था। यह शोभा यात्रा विश्वविद्यालय परिसर से निकलकर विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। शोभा यात्रा में विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण ,शिक्षक एवं सैकड़ों छात्र छात्राएं ने श्री राम जय जय जय राम करते हुए बड़े उत्साह के साथ जय घोष का गूंज देखने को मिला। विश्वविद्यालय परिसर में भंडारे का आयोजन कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने जय श्री राम जय श्री राम के साथ अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अयोध्या में हो रहे श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा पर तमाम विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण, शिक्षकगण एवम छात्र छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई दी और कहा की 22 जनवरी बहुत ही ऐतिहासिक पल है। आज पूरे देश में रामलला प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। हम सभी मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के गुण व आदर्शो को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे। कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने कहा अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से देश में एक नए युग की शुरूआत हुई हैं। इस प्राण प्रतिष्ठा की यादगार युगों-युगांतर तक लोगो में बना रहेगा। मौके पर राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण एवम छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# न्याय यात्रा से कितना लाभ होगा लोकसभा में?

राम मंदिर की धूम के बीच 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भारत न्याय 20 मार्च को मुंबई में खत्म होगी। राहुल इस यात्रा के दौरान 14 राज्य और 85 जिलों को कवर करेंगे। इस दौरान वे बस से और पैदल 6,200 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा कर रहे हैं । मणिपुर के बाद नागालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान और गुजरात से होते हुए महाराष्ट्र में समाप्त होगी। यह यात्रा हिंदी पट्टी के तीन अहम राज्य मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी जाएगी। भारत जोड़ो यात्रा एमपी और राजस्थान में भी निकाली गई थी, लेकिन छत्तीसगढ़ में यात्रा नहीं गई थी। इस बार न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ में भी पहुंच रही है। राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान मध्यप्रदेश में करीब सात दिन रहेंगे। इस दौरान वे 698 किलोमीटर बस से और पैदल चलेंगे। यात्रा मप्र के ग्वालियर-चंबल और मालवा के 9 जिलों से होकर गुजरेगी। राहुल राजस्थान के धौलपुर से होते हुए मध्यप्रदेश के मुरैना में प्रवेश करेंगे। यहां से यात्रा ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, राजगढ़, आगर, मालवा, उज्जैन, रतलाम से झाबुआ होते हुए राजस्थान के बांसवाड़ा में चली जाएगी। इस रूट में मप्र की सात लोकसभा सीटें आएंगी। पिछली भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी ने महाराष्ट्र से मप्र में प्रवेश किया था। वे बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, इंदौर, उज्जैन और आगर मालवा होते हुए राजस्थान गए थे। हालांकि इस यात्रा का कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में फायदा नहीं मिल पाया। इन जिलों की 26 सीटों में से कांग्रेस 4 सीटें ही जीत पाई थी।न्याय यात्रा राजस्थान के दो जिलों से होकर गुजरेगी। इस यात्रा में धौलपुर और बांसवाड़ा जिले कवर होंगे। दोनों जिलों में 128 किलोमीटर का सफर तय होगा। यात्रा दो चरण से होकर गुजरेगी। पहले चरण में उत्तर प्रदेश से धौलपुर जिले में आकर ग्वालियर के लिए निकलेगी और फिर मध्यप्रदेश में चलेगी। मध्यप्रदेश के बाद यात्रा बांसवाड़ा जिले से फिर राजस्थान में एंट्री करेगी। इसके बाद बांसवाड़ा से यात्रा गुजरात में प्रवेश करेगी। यात्रा मार्च के आसपास राजस्थान में एंट्री करेगी। इस बार की यात्रा में राहुल केवल चुनिंदा जगहों पर ही पैदल चलेंगे, बाकि यात्रा बस से पूरी होगी। धौलपुर और बांसवाड़ा में चुनिंदा जगहों पर राहुल गांधी पैदल चलेंगे और कुछ सभाओं को संबोधित करेंगे। यात्रा लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हो रही है। राजस्थान में इस यात्रा में दो लोकसभा सीट कवर होंगी।कांग्रेस का दावा है कि यात्रा से इन लोकसभा सीट पर फायदा होगा। पार्टी के वर्कर की एकजुट होकर चुनाव में उतरने की संभावना बढ़ेगी। बांसवाड़ा इलाके से राहुल गांधी की यात्रा निकलेगी, वहां भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) का प्रभाव है। बीएपी ने इस इलाके में कांग्रेस और भाजपा के समीकरण बिगाड़ दिए हैं। राहुल की पहली भारत जोड़ो यात्रा के रूट में कुल 19 में से केवल 8 सीट कांग्रेस को मिली थीं। जबकि 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने 13 सीट जीती थीं।

**भारत जोड़ो यात्रा एमपी और राजस्थान में भी निकाली गई थी, लेकिन छत्तीसगढ़ में यात्रा नहीं गई थी। इस बार न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ में भी पहुंच रही है। राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान मध्यप्रदेश में करीब सात दिन रहेंगे। इस दौरान वे 698 किलोमीटर बस से और पैदल चलेंगे। यात्रा मप्र के ग्वालियर-चंबल और मालवा के 9 जिलों से होकर गुजरेगी। राहुल राजस्थान के धौलपुर से होते हुए मध्यप्रदेश के मुरैना में प्रवेश करेंगे। यहां से यात्रा ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, राजगढ़, आगर, मालवा, उज्जैन, रतलाम से झाबुआ होते हुए राजस्थान के बांसवाड़ा में चली जाएगी।**

जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती पर विशेष

# कर्पूरी ठाकुर की राजनीति समाजवाद व सामाजिक न्याय का दर्पण



विजय केसरी

***जननायक*** कर्पूरी ठाकुर का झारखंड से बहुत ही गहरा लगाव था । उन्होंने झारखंड को समृद्ध बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को मूर्त रूप प्रदान किया था। देश की आजादी के बाद सत्ता के शीर्ष पर बैठे नेतागण आदिवासियों को ठगते रहे थे। एकीकृत बिहार के मुख्यमंत्री बनने के बाद कर्पूरी ठाकुर झारखंड के आदिवासियों की सुध ली थी। वे आदिवासियों की योजनाओं को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए सीधे आदिवासी नेताओं और जनजाति समाज के लोगों से मिले थे। वे झारखंड को राजनीतिक तौर पर मजबूत बनाने के लिए सामाजिक न्याय के कई नये युवा चेहरे को सामने लाये थे। वे बिहार के पहले मुख्यमंत्री व नेता थे, जो देश की आजादी के बाद सबसे अधिक बार झारखंड का दौरा किये थे। सामाजिक न्याय और समाजवाद के पुरोधा जननायक कर्पूरी ठाकुर संपूर्ण जीवन त्याग और बलिदान से ओतप्रोत है। वे छात्र जीवन से ही समतामूलक समाज के निर्माण के पक्षधर रहे थे। वे समाज में छोटे-बड़े, ऊंची-नीची जातिवाद के भेद को जड़ से मिटा देना चाहते थे। वे एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहते थे, जिसमें ना कोई छोटा हो , ना कोई बड़ा हो। समाज में व्याप्त भेदभाव को वे बिल्कुल उचित नहीं मानते थे। वे कर्म के सिद्धांत को जीवन की वास्तविक पूंजी मानते थे। वे मेहनत कर धन उपार्जन पर विश्वास रखते थे। उन्हें बेईमानी और झूठ की बातों से सख्त नफरत थी। वे एक बार बिहार के उपमुख्यमंत्री और दो - दो बार मुख्यमंत्री रहे थें। उन्होंने बेईमानी का एक भी पैसा नहीं लिया और ना ही अपने सहयोगियों को लेने दिया था। उनके इस स्वभाव से उनके साथ रहने वाले कई नेता गण बहुत दुःखी भी होते थे। उनके इस स्वभाव के कारण कई नेतागण उनका साथ छोड़ कर चले जाते थे। कर्पूरी ठाकुर ने कभी भी ऐसे लोगों की प्रवाह नहीं की थी। कर्पूरी ठाकुर मात्र 14 वर्ष की उम्र में स्वाधीनता आंदोलन में कूद पड़े थे। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा को अपने जीवन का मूल मंत्र बना लिया था।



आगे चलकर लोकनायक जयप्रकाश नारायण और प्रखर समाजवादी राम मनोहर लोहिया से उन्होंने समाजवाद की सीख ली थी। सत्य और समाजवाद उनके अंदर ऐसा समाया कि कभी बाहर निकला ही नहीं। 1942 के स्वाधीनता आंदोलन में छात्रों को संगठित करने में कर्पूरी ठाकुर ने अहम भूमिका निभाई थी। वे ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ खुलकर बोला करते थे। वे जल्द ही ब्रिटिश हुकूमत की लाल सूची में अंकित हो गये थे। उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया था। जेल से आने के बाद वे और निखर गये थे। स्वाधीनता आंदोलन में उनकी सक्रियता देखते बनती थी। यह क्रम उनका कभी टूटा नहीं। वे 1952 में पहली बार बिहार विधान सभा सदस्य चुने गये थे। वे तब से लेकर मृत्यु पूर्व तक वे बिहार विधान सभा के सदस्य बने रहे थे। 1967 में जब बिहार में महामाया प्रसाद जी की सरकार बनी थी। उस सरकार में कर्पूरी ठाकुर उपमुख्यमंत्री बनाये गये थे। वे उपमुख्यमंत्री के साथ शिक्षा मंत्री का भी दायित्व संभाले हुए थे। शिक्षा मंत्री रहते हुए उन्होंने आठवीं तक की पढ़ाई निशुल्क कर दिया था। मैट्रिक तक की परीक्षा में अंग्रेजी की अनिवार्यता को उन्होंने समाप्त कर दिया था। उन्होंने ऐसा इसलिए किया था कि समाज के पिछड़े बच्चे अंग्रेजी के कारण मैट्रिक पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं। जिस कारण पिछड़े विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते थे। इस कदम की बिहार प्रांत सहित देश के कई हिस्सों में उनकी जमकर आलोचना हुई थी। ऐसा कर उन्होंने समतामूलक समाज निर्माण की दिशा में एक सार्थक पहल की थी । श्रीमती इंदिरा गांधी के खिलाफ जब जयप्रकाश नारायण का संपूर्ण क्रांति का आंदोलन का बिगुल चंहुओर बज रहा था, तब कर्पूरी ठाकुर देशभर में घूम घूम कर जनता के बीच इंदिरा गांधी के विरोध जमकर अपनी बातों को रख रहे थे। आपातकाल का उन्होंने जमकर विरोध किया था। देश से इमरजेंसी की समाप्ति की घोषणा के बाद जब केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी थी। तब बिहार में भी जनता पार्टी की सरकार बनी थी। बिहार विधानसभा के विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद कर्पूरी ठाकुर बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। इस पद पर रहते हुए उन्होंने गरीबों, अति पिछड़े वर्ग के लोगों को न्याय देने के लिए आरक्षण की घोषणा की थी। कर्पूरी ठाकुर के इस कदम का पूरे राज्य में जमकर विरोध हुआ था। लेकिन वे अपनी इस घोषणा पर अटल रहे थे। अब वे आरक्षण के माध्यम से सीधे सरकारी नौकरियों में जा सकते थे। मुख्यमंत्री पद पर रहकर भी उनके आचार - विचार और व्यवहार में कोई भी तब्दीली नहीं हुआ था। उनका मुख्यमंत्री आवास चौबीसों घंटे जरूरतमंदों के लिए खुला हुआ रहता। वे जिस समाजवाद का समतामूलक समाज के निर्माण का झंडा लेकर आगे बढ़ रहे थे, इनके रूप रंग से स्पष्ट रूप से झलक रहे थे। वही साधारण कुर्ता - धोती, पुराना चप्पल और बिखरे बाल उनकी सादगी को परिभाषित करता था। मुख्यमंत्री बनने से पूर्व उनका जो रहन-सहन था, वही रहन सहन मुख्यमंत्री बनने के बाद भी रहा था। एक बार कर्पूरी ठाकुर को आस्ट्रिया जाने का अवसर प्राप्त हुआ था । तब उन्होंने अपने एक मित्र से फटा हुआ कोट उधार लिया था। आस्ट्रिया के शासक उन्हें फटे कोट में देखकर एक नूतन कोट भेंट की थी।

**सामाजिक न्याय और समाजवाद के पुरोधा जननायक कर्पूरी ठाकुर संपूर्ण जीवन त्याग और बलिदान से ओतप्रोत है। वे छात्र जीवन से ही समतामूलक समाज के निर्माण के पक्षधर रहे थे। वे समाज में छोटे-बड़े, ऊंची-नीची जातिवाद के भेद को जड़ से मिटा देना चाहते थे। वे एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहते थे, जिसमें ना कोई छोटा हो , ना कोई बड़ा हो। समाज में व्याप्त भेदभाव को वे बिल्कुल उचित नहीं मानते थे। वे कर्म के सिद्धांत को जीवन की वास्तविक पूंजी मानते थे। वे मेहनत कर धन उपार्जन पर विश्वास रखते थे। उन्हें बेईमानी और झूठ की बातों से सख्त नफरत थी।**

## आपकी बात

### जनजातीय समुदाय को और जगह दें



परमेश्वर भगत

21 जनवरी को दो लेख पढ़े एक में भगवान राम और मुंडा जनजाति लेखक डॉ प्रदीप मुंडा और दूसरा प्रथम पृष्ठ में राम ओराम का झारखंड से गहरा संबंध लेखक सुनील बादल में मुंडा और उरांव जनजाति के संबंध में अच्छी और अछूती जानकारी मिली कि उनका भगवान राम से क्या संबंध था ।22 को प्रथम पृष्ठ पर रामराज्य के बहाने आपने कथित बड़े बुद्धिजीवियों और मठाधीशों की पोल खोली है इसके लेखक सुनील बादल की प्रशंसा करनी होगी । आशा है आप झारखंड के इस दैनिक समाचार पत्र में यहां की सभी नौ भाषाओं के साथ जनजातीय समाज को न सिर्फ अच्छा कवरेज देंगे बल्कि जागरूक भी करेंगे ।झारखंड की 32 जनजातियों को आज तक वह स्थान नहीं मिला जिसके वे हकदार हैं और उन्हें मात्र शो पीस बनाकर रखा गया है । उनकी समस्याओं और रीति रिवाजों में बहुत सी ऐसी बातें हैं जो समाज को प्रेरित करती हैं जैसे वधू मूल्य दहेज लेने के बजाय बधू का मूल्य पिता को दिया जाता है ।

**(पूर्व डीडीसी, चान्हो,रांची)**

### वरिष्ठ नागरिकों, अशक्तजन , सुदुरवर्ती ग्रामीणों की भी घर पर पूछताछ



देवेश कु घोष

ईडी द्वारा आवास पर जाकर पूछ-ताछ करने का प्रावधान बहुत सुविधाजनक है । पूछ-ताछ के लिए जांच एजेंसियों का, उत्तर देने वाले के सुविधा,असुविधा का खयाल रखना और घर पर जाकर ही पूछना नई और अच्छी परंपरा है । एक केस में पुनः सम्मन जारी किया गया है और आशा है कि विनम्रता पूर्वक एजेंसी तारीख और समय पूछेगी कि ताकि आवास पर ही आकर सुविधानुसार पूछ-ताछ की जा सके । सिलसिला बहुत अच्छा है । क्या ही अच्छा हो यह सुविधा जांच एजेंसी और पुलिस द्वारा वरिष्ठ नागरिकों, अशक्तजनों , सुदूर ग्रामीणों के लिए भी हो ? प्रजातन्त्र में सभी को समान अधिकार मिलना चाहिए। जांच एजेंसी के कार्यालय या थानें में उपस्थित होकर पूछ-ताछ का उत्तर देने में एक मनोवैज्ञानिक दवाब भी होता है और दूसरी तरफ अपने घर में व्यक्ति फ्री महसूस करता है । ह्यसरकार आपके द्वारह्न के तर्ज पर यदि कुछ नया हो जाए तो मिशाल बन जायेगा। **(अवकाश प्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी नई दिल्ली।)**

आध्यात्म

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से समस्त भारत हुआ राममय



आरके सिन्हा

***अयोध्या*** में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भव्य रूप से सम्पन्न हो गई। संत समाज के अलावा पूरे विश्व से मात्र लगभग ढाई-तीन हजार चुनिंदा लोगों को आमंत्रित किया गया, जिसमें सौभाग्य से मैं सपत्नीक आमंत्रित था। यह सबों के लिये जीवन के एक दुर्लभ क्षण के रूप में याद रखा जायेगा। यह कल्पना से परे अविस्मरणीय दृश्य रहा। अयोध्या के श्रीराम मंदिर में अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे विधि-विधान के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसके साथ ही सारा देश सारा देश राममय हो गया। पूरे देश क्या विश्व भर के राम भक्तों के मन में भावनाओं की अनंत आनंद के हिलोरें हैं। कश्मीर में बर्फ से ढकी ऊंची चोटियों से लेकर कन्याकुमारी में धूप से सराबोर समुद्र तटों तक, राम नाम की गूंज ने पूरे भारत में भक्ति का माहौल बना दिया है। अब अयोध्याधाम में ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर भारत की एकता और भक्ति के प्रतीक के रूप में खड़ा है, न केवल भव्यता में, बल्कि देश-विदेश से मिले योगदान के रूप में भी यह मंदिर अद्वितीय है। लेकिन , आज अयोध्या की सड़कों पर जो दृश्य मैंने देखा वह तो बिलकुल अलग रहा। छोटी सी अयोध्या नगरी में लाखों स्त्री -पुरुष मौजूद हैं । कोई सड़क खाली नहीं दिख रही । सरयू का तट भी भरा है। इसमें पूरे देश के सभी राज्यों से आये हुए लोग थे। तमिलनाडु के लोग तो भरपूर संख्या में रहे । शंकर महादेवन का राम का भजन तो अद्भुत था। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत समेत हजारों राम भक्तों की उपस्थिति में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हो गया। सभी के सभी अथिति सुबह दस बजे से लेकर साढ़े तीन बजे तक मंत्र मुग्ध होकर बैठे रहे, चाहे अमिताभ बच्चन हो या मुकेश अंबानी, सचिन तेंदुलकर हों या अक्षय कुमार, माधुरी दीक्षित हों, कंगना रानौत, श्री श्री रविशंकर हों या बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री, हेमा मालिनी जी हों या दीदी मां साध्वी ऋतंभरा, सब के सब साढ़े पांच घंटे बैठे रहे। मुझे भी सपत्नीक इस अनुपम और यादगार अवसर पर रामलला के दर्शन का सौभाग्य मिला।

**अयोध्या के श्रीराम मंदिर में अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे विधि-विधान के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसके साथ ही सारा देश सारा देश राममय हो गया।**

बोधि वृक्ष

## कैलाश पर्वत की कथा, इतिहास व रहस्य

इसके बारे में यह धारणा भी है की यहां देवी सती का दायाँ हाथ गिरा था। इसलिए यहाँ एक पत्थर की शिला को उसका रूप मानकर पूजा जाता है। यहां सिक्खों के प्रथम देव गुरु नानक देव रुके थे, इसलिए सिक्ख इसे पवित्र स्थान मानते है। कैलाश पर्वत में एक जगह सभी मनोकामनाओं को पूरा करने वाला कल्प वृक्ष लगा हुआ है। यहाँ के लोगों का मानना है की अगर कोई श्रदालु मानसरोवर में डुबकी लगा ले तो वह 'रूद्रलोक' पहुँच जाता है। रूद्र भगवान शिव का ही एक नाम है। कैलाश पर्वत को देखने पर ऐसा लगता है की जैसे भगवान शिव खुद बर्फ के रूप में यहां विराजमान है यहाँ देश और विदेशों से लाखों श्रदालु आते है। इसी कैलाश पर्वत पर माता पार्वती ने भगवान शिव को पाने के लिए घोर तपस्या की थी। मानसरोवर संस्कृत के मानस जिसका मतलब है मस्तिष्क और दूसरा सरोवर जिसका अर्थ है झील से बना है इसका अर्थ है 'मन का सरोवर' इसके बारे में यह भी मान्यता है की यहाँ सुबह ब्रह्ममुहूर्त में देवतागण स्नान करने आते है। कैलाश पर्वत देवो के देव महादेव का सबसे पसंदीदा स्थान है, जहाँ वे अपने परिवार के साथ रहते है। कैलाश पर्वत देखने में सबसे सुंदर स्थान है और यहाँ लाखों की संख्या में श्रदालु आते है। कहते है कि भगवान शिव के जन्मदिन के अवसर पर यहाँ बर्फ का शिवलिंग बनता है और इसी का दर्शन करने के लिए लोग दूर-दूर से आते है। **(समाप्त)**

**काशी विश्वनाथ मंदिर के इतिहास**

काशी विश्वनाथ मंदिर काशी जिसे अब वाराणसी कहा जाता है ये मंदिर सबसे पवित्र हिंदू मंदिरों में से एक है। आइये इस लेख के माध्यम से मंदिर का इतिहास, इसकी वास्तुकला, ज्योतिलिंगों, इत्यादि के बारे में जानते हैं। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

# मालदीव का ड्रैगन के जाल से निकलना आसान नहीं होगा



योगेंद्र योगी

***मामला*** बढ़ता देख मालदीव की सरकार ने कहा कि जो बातें सोशल मीडिया पर कही गईं वे निजी बयान हैं और इनका सरकार से कोई नाता नहीं। घबराये मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने तीनों मंत्रियों को निलंबित कर मामले को ठंडा करने का प्रयास किया। भारत का विरोध और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले मालदीव के लिए चीन से रिश्ते पचाना इतना आसान नहीं हैं। चीन की अघोषित साम्राज्यवादी नीति का शिकार श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के कई देश हो चुके हैं। चीन ने इन देशों को आर्थिक रूप से जकड़ कर गुलाम बनाने में कसर बाकी नहीं रखी। भारत ने आर्थिक पैकेज देकर समय रहते श्रीलंका को चीन के हाथों नहीं बचाया होता तो यह देश कब का कंगाल हो गया होता। भारत के साथ विवाद के बीच मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने चीनी समकक्ष शी चिनफिंग के साथ बैठक की। इसके बाद दोनों देशों ने 20 प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किये। इन समझौते की आड़ में चीन न सिर्फ मालदीव को आर्थिक शिकंजे में कसेगा बल्कि अपनी सैन्य विस्तार की नीति को भी अंजाम देने से बाज नहीं आयेगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 जनवरी को लक्षद्वीप के दौरे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। इस पर मालदीव के तीन मंत्रियों की आपत्तिजनक बयानबाजी की। इन तस्वीरों पर मालदीव की मुइज्जू सरकार में मंत्री मरियम शिउना ने आपत्तिजनक ट्वीट किये थे। उन्होंने मोदी को इजरायल से जोड़ते हुए निशाने पर लिया था और लक्षद्वीप का भी मजाक उड़ाया था। इससे भारत में रोष की लहर फैल गई। सोशल मीडिया पर देश में बॉयकॉट मालदीव शुरू हो गया है और कई लोगों ने मालदीव के लिए फ्लाइट और होटल बुकिंग कैंसिल करवा दी। आम जनता से लेकर फिल्मी हस्तियां भी भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र के सपोर्ट में उतर आई। इस बीच मालदीव के कई दिग्गज नेताओं ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र और भारत का सपोर्ट किया और आपत्तिजनक बयान की कड़ी निंदा की।

**चीन की अघोषित साम्राज्यवादी नीति का शिकार श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के कई देश हो चुके हैं। चीन ने इन देशों को आर्थिक रूप से जकड़ कर गुलाम बनाने में कसर बाकी नहीं रखी।**

टेक वर्ल्ड

## इंस्टाग्राम पर नया अपडेट- मैसेज भेजे और संपादित करें

इंस्टाग्राम ने इस नए अपडेट के माध्यम से उपयोगकताओं को एक नया तारीका प्रदान किया है जिससे वे मैसेजिंग को और भी सरल और प्रभावी बना सकें। यह नया फीचर इंस्टाग्राम के प्रयोग में नयी उमंग और उत्साह भर देगा और उपयोगकताओं को एक बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। इस प्रकार, इंस्टाग्राम का यह नया अपडेट उपयोगकताओं को एक नयी ताकत देता है जो उन्हें उनके मैसेज को संपादित करने की स्वतंत्रता और सुविधा देता है। यह नया फीचर इंस्टाग्राम के उपयोग में और भी मजेदारी और अद्भुती बदलाव लाने वाला है। - **अनिमेष शर्मा**




**(समाप्त)**

**क्या आप जानते हैं कि अगर आपका फोन चोरी हो जाए तो आप अपने फोनपे, गूगल पे, या पेटीएम जैसे यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) आईडी को कैसे ब्लॉक कर सकते हैं?** यदि नहीं, तो चिंता न करें, यहां हम आपको कुछ उपाय बताएंगे जिनसे आप चोरी हुए फोन के यूपीआई ऐप्स को सुरक्षित रख सकते हैं।

फोन चोरी होने पर सबसे पहला कदम फोन ब्लॉक करना होता है। अगर आपने फोन को ब्लॉक कर दिया है, तो चोर उसमें उपयोग करने का प्रयास नहीं कर पाएगा। इसके बाद, यूपीआई ऐप्स को सुरक्षित रखने के लिए निम्नलिखित कदम अनुसरण करें:

**1. डिवाइस रिमोटली वाइप करें**

यदि आपका फोन चोरी हो जाए और आप उसे पाने की आशा छोड़ दें, तो फोन को रिमोटली वाइप करना एक विकल्प हो सकता है। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### राष्ट्रपति ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। नेताजी की जयंती को राष्ट्र पराक्रम दिवस के रूप में मनाता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने इससे पहले सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जा रही नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मैं अपनी सादर श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। नेताजी ने भारत की स्वतंत्रता के लक्ष्य के लिए असाधारण प्रतिबद्धता प्रदर्शित की थी। उनके अद्वितीय साहस और करिश्माई व्यक्तित्व ने भारतवासियों को औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध निडरता से लड़ने के लिए प्रेरित किया। उनके ओजस्वी व्यक्तित्व का हमारे स्वतंत्रता संग्राम पर गहरा प्रभाव पड़ा। हमारे देशवासी नेताजी को कृतज्ञतापूर्वक सदैव याद रखेंगे।

### प्रधानमंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पुष्पांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संविधान सदन में नेताजी को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर, केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी, कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन मेघवाल, पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरण रिजिजु और केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह शामिल रहे।

### पीएम ने बाला साहेब ठाकरे को याद किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बालासाहेब ठाकरे को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बालासाहेब ठाकरे एक महान व्यक्तित्व थे, जिनका महाराष्ट्र के राजनीतिक और सांस्कृतिक परिदृश्य पर प्रभाव अद्वितीय है। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि बालासाहेब ठाकरे एक महान व्यक्ति थे। उनका महाराष्ट्र के राजनीतिक और सांस्कृतिक परिदृश्य पर प्रभाव अद्वितीय है। बाला साहब अनगिनत लोगों के दिलों में अपने नेतृत्व, अपने आदर्शों के प्रति दृढ़ समर्पण और गरीबों के लिए बोलने की प्रतिबद्धता के कारण जीवित हैं।

### यूक्रेन पर रूस की बमबारी में 5 की मौत

**कीव।** यूक्रेन के खार्किव और कीव पर रूस के हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने बताया कि रूस ने खार्किव के कीवस्की और साल्टिवस्की जिलों पर मिसाइलों से हमला किया, जिसमें चार लोग मारे गए। उन्होंने कहा कि रूसी मिसाइल हमले ने एक अपार्टमेंट ब्लॉक को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा, लोग मलबे के नीचे हैं। बचावकर्मी और अन्य आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर काम कर रही हैं। एक स्थानीय बिजली ऑपरेटर, खार्किवोब्लेनर्गो के अनुसार, ऊर्जा कंपनियां घरों में बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए काम कर रही हैं। कीव में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। खार्किव में कम से कम आठ विस्फोटों की सूचना मिली है। हालांकि, रूसी सेना ने कहा कि वह नागरिकों को निशाना नहीं बनाती है।

### जीके-1ए याओ-3 वाणिज्यिक वाहक रॉकेट का सफल प्रक्षेपण

**बीजिंग।** पश्चिमोत्तर चीन के कानसु प्रांत के च्यूछ्वान शहर में उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से मंगलवार को दोपहर 12 बजकर 03 मिनट पर, जीके-1ए याओ-3 वाणिज्यिक वाहक रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। इस प्रक्षेपण ने थाईचिंग-1 03, थाईचिंग-2 04, थाईचिंग-3 02, और थाईचिंग-4 03 सहित थाईचिंग पांच उपग्रहों को निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया, जो उड़ान परीक्षण मिशन के लिए पूर्ण सफलता का प्रतीक है। यह मिशन जीके-1ए लॉन्च वाहन की तीसरी उड़ान है, जो सबसे बड़ी टेकऑफ क्षमता वाला चीन का घरेलू ठोस ईंधन वाहक रॉकेट है।



मंगलवार को गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान कर्तव्य पथ पर बीएसएफ के ऊंट सवार दस्ता। (फोटो आइएएनएस)

# बिहार की सियासत गरमाई, राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर से राजभवन में करीबी मंत्री विजय चौधरी के साथ मुलाकात की। राजभवन में करीब 40 मिनट तक मुख्यमंत्री और राज्यपाल के बीच वातार्लाप हुई। इससे पहले मुख्यमंत्री और राज्यपाल की नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आयोजित राजकीय समारोह में पहुंचे थे। समारोह में डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। राजकीय समारोह के खत्म होने के बाद वहीं से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिना डिप्टी सीएम तेजस्वी को साथ लिए अपने करीबी मंत्री विजय चौधरी



के साथ राजभवन पहुंच गए। राजभवन में करीब 40 मिनट तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके करीबी मंत्री विजय कुमार चौधरी रुके रहे। राज्यपाल से दोनों नेताओं की बंद कमरे में बातचीत हुई है। नीतीश कुमार के राजभवन पहुंचने के बाद बिहार की सियासत में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। पाला बदलने की चर्चा तेज हो गई है। हालांकि, दोनों के बीच किन मुद्दों पर चर्चा हुई, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। एक दिन पहले ही ऐसी जानकारी सामने आई थी कि नीतीश कुमार 29 जनवरी को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होंगे। राहुल गांधी फिलहाल असम में हैं। उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा 29 जनवरी को बिहार में प्रवेश करेगी। किशनगंज के रास्ते यह यात्रा 30 जनवरी को पूर्णिया पहुंचेगी। नीतीश कुमार पूर्णिया में राहुल गांधी के साथ मंच साझा करेंगे। हालांकि, इस बात की पुष्टि जदयू की ओर से नहीं की गई है।

# देश को सशक्त बनाने के लिए कांग्रेस के 'न्याय के पांच स्तंभ': राहुल गांधी

**एजेंसी। कामरूप (असम)**

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के 'न्याय के पांच स्तंभ' पेश किए। कांग्रेस ने पांच स्तंभ यानी नारी सशक्तिकरण, बेरोजगारी, किसानों की समस्या, मजदूरों की समस्या तथा युवाओं की समस्या को लेकर एक कार्यक्रम बना रही है, जिसकी रूपरेखा अगले महीने प्रस्तुत की जाएगी।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मंगलवार को जिले के हाजो में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पांच स्तंभ यानी नारी सशक्तिकरण, बेरोजगारी, किसानों की समस्या, मजदूरों की समस्या तथा युवाओं की समस्या को लेकर एक कार्यक्रम बना रही है। उन्होंने दावा किया कि उनकी यह पहल देश को शक्ति और समानता देगा। उन्होंने कहा कि इस न्याय यात्रा के पीछे उनका न्याय का विचार है। कांग्रेस पार्टी अगले एक महीने में न्याय के अपने इन पांच



स्तंभों की घोषणा करेगी।

कांग्रेस नेता गांधी ने असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा पर आरोप लगाया कि वह यात्रा को रोकने की कोशिश करते हैं। मंदिरों, कॉलेजों और पदयात्राओं में जाने में बाधाओं के बावजूद उनकी यात्रा सफल हो रही है। यात्रा के सकारात्मक परिणामों पर जोर देते हुए गांधी ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अनजाने में हमारी मदद कर रहे हैं। वे जो भी बाधाएं पैदा करते हैं, न्याय का हमारा संदेश लोगों तक उतना ही अधिक पहुंच रहा है। गांधी ने कहा कि इंडी एलायंस के सभी घटकों को इस न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। कांग्रेस ने पांच प्रमुख बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी के साथ सीटों पर बातचीत चल रही है। ओबीसी, दलितों, आदिवासियों के लिए व्यवस्थित भागीदारी, महिलाओं के अन्याय और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को संबोधित करना शामिल है।

### गुवाहाटी शहर में नहीं घुस सकी राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'

**गुवाहाटी।** राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' मेघालय के चलकर मंगलवार को सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-27 होते हुए कामरूप (ग्रामीण) जिले के हाजो तक पहुंच जाएगी। राहुल गांधी की यात्रा को गुवाहाटी शहर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। राहुल गांधी की गुवाहाटी प्रेस क्लब में होने वाला पत्रकार सम्मेलन अब हाजो में होगा। खानापाड़ा के कोईनाधरा में पुलिस ने राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के काफिले को रोक दिया और राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए जाने को कहा।



उनकी यात्रा मंगलवार को मेघालय से निकलकर गुवाहाटी के जोराबाट, खानापाड़ा, वशिष्ठ चारिआली, लोखरा, गड़चुक, जालुकबाड़ी आदि होते हुए हाजो पहुंचेगी। इसको लेकर पार्टी के सांसद अब्दुल खालेक, प्रतिपक्ष के नेता देबव्रत सैकिया, पार्टी की उपाध्यक्ष बबीता शर्मा आदि नेताओं ने कोईनाधरा में पुलिस अधिकारियों के साथ खूब तर्क-वितर्क किया। प्रशासन ने साफ तौर पर कहा है कि पूर्व अनुमति के बिना गुवाहाटी में उनकी यात्रा प्रवेश नहीं कर सकती है। दरअसल, गुवाहाटी प्रेस क्लब में राहुल गांधी के जाने का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था, लेकिन दो दिन पहले गुवाहाटी प्रेस क्लब के सचिव ने उनकी यात्रा को प्रेस क्लब पहुंचने से यह कहते हुए रोक दिया गया कि प्रेस क्लब जैसे मीडिया प्लेटफॉर्म का राजनीतिक उपयोग नहीं किया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने सोमवार को एक बयान में स्पष्ट तौर पर कहा था कि यदि बगैर अनुमति के राहुल गांधी का काफिला शहर में घुसता है तो उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी और चुनाव के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यही वजह है कि मंगलवार को होने वाले राहुल गांधी के संवाददाता सम्मेलन का स्थान बदल कर गुवाहाटी के स्थान पर हाजो में निर्धारित किया गया।

# ज्ञानवापी व कृष्ण जन्मभूमि मामला एससी ले जाऊंगा : सुब्रमण्यम स्वामी

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने एक्स (ट्वीट) पर मंगलवार 23 जनवरी, 2024 को लिखा, मैं अब ज्ञानवापी काशी विश्वनाथ मंदिर और कृष्ण जन्मभूमि मथुरा मंदिर को पुनर्स्थापित करने की अनुमति देने के लिए अपनी लंबित पूजा स्थलों की जनहित याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख करूंगा। मोदी कुछ नहीं करेंगे लेकिन श्रेय लेने के लिए आ जाएंगे। इससे पहले सोमवार 22 जनवरी, 2024 को स्वामी ने एक्स पर कहा था, अब जबकि अयोध्या में राम मंदिर हकीकत बन गया है, एक सपना सच हो गया है, मोदी को अब राम सेतु को राष्ट्रीय विरासत स्मारक के रूप में मान्यता देने के लिए संस्कृति मंत्री प्रह्लाद पटेल द्वारा भेजी गई 6 साल से लंबित फाइल पर हस्ताक्षर करना चाहिए। इसके पहले एक अन्य ट्वीट में स्वामी ने लिखा था, मोदी प्राण प्रतिष्ठा पूजा में शामिल हो रहे हैं, जबकि पूजा में उनकी स्थिति शून्य है। न ही उन्होंने अपने निजी जीवन में,



खासकर अपनी पत्नी के साथ अपने व्यवहार में भगवान राम का अनुसरण किया है और न ही उन्होंने पीएम के रूप में राम राज्य के अनुसार काम किया है। मालूम हो कि भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों के अलावा अभिनेताओं आदि को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिला था, लेकिन मंदिर आंदोलन की लगातार आवाज उठाने वाले सुब्रमण्यम स्वामी को न्योता नहीं मिला था। बीते नवंबर में अयोध्या पहुंचे स्वामी ने कहा था, मेरी खबरों को छपने नहीं दिया जाता है। मैं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नहीं हूं। मुझे अभी तक निमंत्रण नहीं मिला है। अशोक सिंघल के कहने पर मैंने सुप्रीम कोर्ट में श्री राम मंदिर के लिए पक्ष रखा था।

## विधवा को गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति देने वाला आदेश वापस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक विधवा को 29 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति देने वाला अपना पिछला आदेश वापस ले लिया। केंद्र सरकार ने उच्च न्यायालय से अपना आदेश वापस लेने का आग्रह किया था। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने इस महीने की शुरूआत में अवसाद से पीड़ित विधवा को यह कहते हुए गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति दी थी कि इसके जारी रहने से उसके मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। अदालत ने महिला की वैवाहिक स्थिति में बदलाव को नोट किया था, क्योंकि उसने अपने पति को खो दिया था। उसके बाद उसे गर्भावस्था का पता चला। इसने देखा था कि प्रजनन विकल्प के अधिकार में प्रजनन न करने का अधिकार भी शामिल है और महिला की आत्महत्या की प्रवृत्ति को स्वीकार किया गया था। केंद्र सरकार ने बच्चे के जीवित रहने की उचित संभावना का हवाला देते हुए अदालत से अजन्मे शिशु के जीवन के अधिकार को प्राथमिकता देने का आग्रह किया था। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), जहां महिला की जांच हुई, ने भी अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए कहा था कि 34 सप्ताह या उससे अधिक समय में बच्चे को जन्म देने से मां और बच्चे दोनों के लिए बेहतर परिणाम मिलेंगे। इसने इस बात पर जोर दिया था कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) अधिनियम के अनुसार, 24 सप्ताह से अधिक की समाप्ति को महत्वपूर्ण असामान्यताओं के लिए आरक्षित किया जाना चाहिए, जो इस मामले में मौजूद नहीं हैं। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी के माध्यम से केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा था कि भ्रूणहत्या किए बिना गर्भपात से जटिलताओं के साथ समय से पहले प्रसव हो सकता है। न्यायमूर्ति प्रसाद ने महिला के अवसाद और संभावित जटिलताओं की रिपोर्ट पर विचार करते हुए उसे 16, 17 और 18 जनवरी को एम्स में आगे के मनोरोग मूल्यांकन और परामर्श से गुजरने का निर्देश दिया था।

## जामिया यूनिवर्सिटी में लगे 'बाबरी' के नारे, वीडियो वायरल



**नई दिल्ली।** दिल्ली की जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में 'स्ट्राइक फॉर बाबरी' जैसे नारे लगाए जाने का वीडियो सामने आया है। इसके बाद एतहियात के तौर पर सोमवार को यूनिवर्सिटी के बाहर पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया है। डीसीपी राजेश देव ने बताया कि लुबाबिब बशीर के नेतृत्व में फ्रेटरनिटी मूवमेंट नामक एक समूह द्वारा कुछ विरोध प्रदर्शन के बारे में सोमवार को जानकारी प्राप्त हुई थी। उसी को देखते हुए एहतियातन फोर्स की तैनाती की गई है। डीसीपी के अनुसार कैंपस के बाहर कोई विरोध प्रदर्शन नहीं किया गया। स्थानीय पुलिस परिसर के अंदर नहीं गयी। सोशल में मीडिया में चलने वाला वीडियो कैंपस के अंदर का हैं।

## पीएम ने अपने आवास पर 19 राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से की खुलकर बातचीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर 19 प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) पुरस्कार विजेताओं के साथ बातचीत की।प्रधानमंत्री ने प्रत्येक पुरस्कार विजेता को स्मृति चिन्ह भेंट किए और फिर उनके साथ खुलकर बातचीत की। बच्चों ने प्रधानमंत्री के साथ अपनी-अपनी उपलब्धियों का विवरण साझा किया जिसके कारण उन्हें पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस दौरान संगीत, संस्कृति, सौर ऊर्जा, बैडमिंटन, शतरंज खेल जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार बच्चों ने प्रधानमंत्री से कई सवाल भी पूछे, जिनमें से एक का जवाब देते हुए कहा कि उन्हें हर तरह के संगीत में अपनी रुचि है जो उन्हें ध्यान में मदद करता है। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के शुभारंभ के बारे में पूछे जाने पर, प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए सौर



ऊर्जा के उपयोग के लिए उनके द्वारा शुरू किए उपायों को बच्चों के साथ साझा किया। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना से लोगों को कैसे लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने बच्चों के साथ 23 जनवरी के महत्व के बारे में भी चर्चा की और उन्हें पराक्रम दिवस के बारे में बताया । उन्होंने बताया कि पराक्रम दिवस के माध्यम से साथ सरकार नेताजी सुभाष चंद्र बोस की विरासत का सम्मान कर रही है।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण जैसी सात श्रेणियों में असाधारण उपलब्धि के लिए बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करती रही है। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पुस्तिका दी जाती है। इस वर्ष, विभिन्न श्रेणियों के तहत देश भर से 19 बच्चों को पीएमआरबीपी-2024 के लिए चुना गया है। पुरस्कार पाने वालों में 18 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से 9 लड़के और 10 लड़कियां शामिल हैं।

## शंकर आध्या के भाई को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया



**कोलकाता।** ईडी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में राशन वितरण मामले में एजेंसी द्वारा पहले ही गिरफ्तार किए गए तृणमूल कांग्रेस नेता शंकर आध्या के छोटे भाई को पूछताछ के लिए एक नया समन जारी किया। ताजा नोटिस मलय आध्या को जारी किया गया है, जो "अंजलि आइसक्रीम" नाम की आइसक्रीम निर्माण इकाई के निदेशक हैं, जिसका स्वामित्व गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस नेता के पास है। सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारियों को राशन वितरण मामले की आय को इस आइसक्रीम कारोबार में निवेश किए जाने के बारे में विशेष सुराग मिले हैं। यह तीसरी बार है जब मलय आध्या को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया गया है। पिछले दो मौकों पर उन्होंने नोटिस को नजरअंदाज कर दिया था।

# क्या निक्की हेली अनोखे न्यू हैम्पशायर प्राइमरी में ट्रंप को टक्कर दे सकेंगी?

**एजेंसी। न्यू हैम्पशायर**

दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली के खेमे में तनाव चरम पर है, जो पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ जीओपी नामांकन के लिए देश के पहले प्राथमिक मतदान में अपने सभी प्रयास और उम्मीदें उदारवादी रूढ़िवादियों और निर्दलीय उम्मीदवारों पर टिकाये हुए हैं। सभी सर्वेक्षणों का अनुमान है कि ट्रंप 2024 के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवारी की रेस में स्पष्ट विजेता हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि देश में प्राइमरी की शुरूआत करने वाले न्यू हैम्पशायर में 2024 के रिपब्लिकन नामांकन पर अंतिम फैसला हो सकता है।

मतदाता भारी बर्फबारी के बीच मतदान केंद्रों तक जाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्हें पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर





निक्की हेली के बीच चयन करना है।

बढ़ते आपराधिक आरोपों और पुराने-रक्षक रिपब्लिकन के उग्र विरोध के बावजूद, ट्रम्प ने ग्रेनाइट प्रांत की दौड़ में जबरदस्त बढ़त बना ली है, जो संयुक्त राष्ट्र के पूर्व राजदूत के साथ सीधे मुकाबले तक सीमित हो गई है। अब इस प्रांत में विजेता के लिए खुला अवसर है। आयोवा कॉकस में ट्रम्प के निर्णायक वोट ने प्रतिद्वंद्वी फ्लोरिडा गवर्नर रॉन डेसेंटिस को 30 अंकों से और हेली को 32 अंकों से हरा दिया, जिससे उनके मतदाताओं के लिए न्यू हैम्पशायर में हेली पर एक शानदार अंतर से जीत का मार्ग प्रशस्त हो गया है। आयोवा में अपमानजनक हार के बाद डीसेंटिस राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर हो गए। उन्होंने ट्रम्प पर जीत हासिल करने की उम्मीद में विज्ञापन अभियानों पर बड़ी रकम खर्च की थी। पिछला सप्ताह तीन पूर्व-प्रतिद्वंद्वियों - फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डीसेंटिस, दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट और व्यवसायी विवेक रामास्वामी के साथ उथल-पुथल भरा रहा - सभी रास्ते से हट गए और 2024 के राष्ट्रपति पद की दौड़ के लिए जीओपी के टिकट के लिए ट्रम्प का समर्थन किया।

ट्रम्प ने रविवार रात रोचेस्टर, एनएच के ऐतिहासिक ओपेरा हाउस में समर्थकों से कहा, वे सभी हमारे साथ आ रहे हैं। यूएसए टुडे के एक स्तंभकार ने लिखा कि सर्वेक्षणों में हेली को ट्रम्प से पीछे दिखाने के बावजूद उन्होंने अभी भी न्यू हैम्पशायर में रिपब्लिकन नेता को चुनौती देने की कसम खाई है। हालांकि, हेली की बुरी हार से उन पर डीसेंटिस की तरह रेस से हटने और पूर्व राष्ट्रपति को नामांकन सौंपने का दबाव बढ़ जाएगा। हेली ने सोमवार को फॉक्स न्यूज से कहा, मैं जानती हूं कि राजनीतिक वर्ग यह कहना चाहता है कि यह दौड़ खत्म हो गई है, लेकिन मतदाताओं के विचार अलग हो सकते हैं।

## म्यांमार का सैन्य विमान मिजोरम में दुर्घटनाग्रस्त आठ लोग घायल

**आइजोल।** म्यांमार का एक सैन्य विमान मंगलवार को मिजोरम में आइजोल के निकट लेंगपुई हवाई अड्डे पर उतरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के कारण विमान में सवार चालक दल के 13 सदस्यों में से आठ सदस्य घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार म्यांमार का यह सैन्य विमान उन 184 सैनिकों को एयर लिफ्ट करने के लिए म्यांमार से आया था, जो पिछले दिनों भारत-म्यांमार सीमा पार करके मिजोरम में आ गए थे। ये सैनिक अराकान सेना के आतंकवादियों के साथ संघर्ष से बचकर मिजोरम के लांग्तलाई जिले में भागकर आ गए थे। विमान के पायलट ने ओवरशूट किया, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। दुर्घटना के कारण विमान में सवार चालक दल के 13 सदस्यों में से आठ सदस्य घायल हो गए। विदेश मंत्रालय और म्यांमार सैन्य जुंटा के बीच बातचीत के बाद इन सैनिकों को उनके हथियारों के साथ दो बैचों में ले जाना था।

## सोशल मीडिया से तस्वीर एडिट कर पैसे मांगे तो पुलिस को दें सूचना

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

साइबर फ्रॉड ठगी के लिए रोज नए - नए तरीके ईजाद कर रहे हैं। इसमें अमूमन इस फ्रॉड से अनजान गले व बूढ़े लोग फंस रहे हैं। जिसके चलते कई तो परेशान होकर आत्महत्या कर लेते हैं। इस फ्राड में आपकी वे तस्वीर या वीडियो जो सोशल मीडिया पर है, साइबर ठग उन तस्वीरों व वीडियो को एडिट करके ब्लैकमेल करते हैं। यह ऑनलाइन फ्रॉड का एक नया तरीका है। ये साइबर ठग सोशल मीडिया से लोगों की तस्वीरें और वीडियो निकालते हैं, फिर उसको नंगे या आपत्तिजनक वीडियो कंटेंट के साथ एडिट करके पैसे मांगते हैं। यदि इस तरह की कोई घटना आपके साथ होती है, तो तुरंत इसकी जानकारी अपने परिजनों, मित्रों व पुलिस को दें। और इस तरह की ब्लैकमेलिंग से डरकर पैसे देने की गलती बिल्कुल नहीं करें। ऐसा किए तो एक बार पैसे देने से आपका पीछा नहीं छूटने वाला है। क्योंकि ब्लैकमेलर आपसे बार-बार पैसे मांगेंगे। इसलिए तरह की घटना होने पर नजदीकी पुलिस स्टेशन में सबूत के साथ एफआईआर करें। यदि आपका एक्स (पहले का ट्वीटर) पर अकाउंट तो उसके हैंडल पर जाकर मैसेज में पूरी जानकारी दें। और 1930 नंबर डायल करके भी रिपोर्ट दर्ज करें। कोई ठग आपकी तस्वीरों को गलत इस्तेमाल करते हुए आपको ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहा है तो उसके द्वारा भेजी गए सभी मैसेज का स्क्रीनशॉट लेकर अवश्य रखें, क्योंकि ये ठग कुछ समय बाद अकाउंट को डिलीट कर देते हैं। ऐसी स्थिति में आपके पास कोई सबूत नहीं रह जाएगा। इसलिए साइबर ठग द्वारा भेजी हर तस्वीर या वीडियो का स्क्रीनशाट जरूर ले लें और सेव कर लें। क्योंकि यही उसको पकड़ने का सबूत होगा। यह तो करें ही मैसेज को डिलीट करने की गलती ना करें।

## जोकोविच 11वीं बार सेमीफाइनल में



**एजेंसी। मेलबर्न**
अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज के शुरूआती आक्रमण को झेलने के बाद नोवाक जोकोविच की अमेरिकी विरोधियों के खिलाफ अजेय स्लैम स्ट्रीक दोहरे अंक में पहुंच गई है और वह अपने 11वें ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं।

10 बार के चैंपियन ने 12वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी पर तीन घंटे और 45 मिनट में 7-6(7-3), 4-6, 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। जिसने फ्रिट्ज को पहली बार बड़े सेमीफाइनल में पहुंचने से वंचित कर दिया।

ऑस्ट्रेलियन ओपन वेबसाइट के अनुसार, यह टूर स्तर पर अमेरिकी दावेदार के खिलाफ उनकी लगातार 32वीं जीत है और विंबलडन 2016 में सैम क्वेरी से उनकी हार के बाद किसी बड़े मुकाबले में उनकी लगातार 10वीं जीत है।

## आईसीसी टेस्ट टीम ऑफ द ईयर में

# अश्विन और जडेजा शामिल



**एजेंसी। दुबई**
शीर्ष भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा को मंगलवार को जारी ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की अगुवाई वाली आईसीसी पुरुष टीम ऑफ द ईयर में नामित किया गया है।

आईसीसी टेस्ट टीम ऑफ द ईयर में अश्विन और जडेजा के अलावा अन्य देश के खिलाड़ियों में उस्मान ख्वाजा (ऑस्ट्रेलिया), दिमुथ करुणारत्ने (श्रीलंका), केन विलियमसन (न्यूजीलैंड), जो रूट (इंग्लैंड), ट्रैविस हेड (ऑस्ट्रेलिया), एलेक्स कैरी (विकेटकीपर ऑस्ट्रेलिया), स्टुअर्ट ब्रॉड (इंग्लैंड)और मिशेल स्टार्क (ऑस्ट्रेलिया) शामिल हैं।

अश्विन बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में भारत के लिए अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, जिन्होंने चार मैचों में 25 विकेट लिये। पहले ही टेस्ट में अश्विन ने प्रत्येक पारी में बल्ले से उपयोगी योगदान देते हुए दूसरी पारी में पांच विकेट हासिल किये।

उनके हरफनमौला प्रदर्शन ने उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज दिलवाया। शानदार प्रदर्शन के बावजूद अश्विन को उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ डब्ल्यूटीसी23 फाइनल के लिए भारत की प्लेइंग-11 में जगह नहीं मिली, लेकिन पहले मैच में 12 विकेट (5/60 और 7/71) के साथ टेस्ट टीम में वापसी करते हुए उन्होंने अपनी छाप छोड़ी। इसके बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले मैच में अर्धशतक बनाया और तीन विकेट झटके। दूसरी ओर जडेजा ने नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच विकेट और एक अर्धशतक के साथ प्रदर्शन करते हुए शानदार अंदाज में 2023 की शुरूआत की। उन्होंने अगले मैच में और भी प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए मैच में 10 विकेट हासिल किये। जिसमें दूसरी पारी में सात विकेट भी शामिल थे जिससे भारत को ट्रॉफी बरकरार रखने में मदद मिली। अपने शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए उन्होंने श्रृंखला में पांच और विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में गति बरकरार रखी। जहां उन्होंने चार विकेट और बल्ले से 48 रन का योगदान दिया। बावजूद इसके कि भारत को अंततः हार का सामना करना पड़ा।

जडेजा ने उसी अंदाज में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की नई शुरूआत की। जिसमें उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ घर से बाहर दो मैचों की श्रृंखला में सात विकेट लिए और अर्धशतक बनाया।

**आईसीसी की बेस्ट टेस्ट टीम**
उस्मान ख्वाजा, दिमुथ करुणारत्ने, केन विलियमसन, जो रूट, ट्रेविस हेड, रविंद्र जडेजा, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस (कप्तान), आर अश्विन, मिचेल स्टार्क, स्टुअर्ट ब्रॉड।



## जुडोका शाहीन खेलो इंडिया यूथ गेम्स के गौरव के बाद बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार


**एजेंसी। चेन्नई**
सिर पर मोतियों से सजी माला पहने बैठी शाहीन दरजादा को कोई गलती से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के इंडोर हॉल में सैर का आनंद ले रहे कुछ खेल प्रशंसकों के रूप में गिन सकता है, जहां चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स की जूडो प्रतियोगिताएं चल रही हैं। गुजरात के 'मिनी अफ्रीका' के नाम से मशहूर जम्बूर गांव की रहने वाली शाहीन ने 57 किग्रा वर्ग के फाइनल में हिमाचल प्रदेश की रूपांशी पर शानदार जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता।

गिर से लगभग 20 किमी दूर स्थित इस क्षेत्र से कुछ और खिलाड़ी भी आते हैं, और यह सिद्दी समुदाय के घर के रूप में काम करता है, जो अफ्रीकी मूल का है। शाहीन, जिन्होंने हाल ही में ताशकंद में एशियाई जूनियर जूडो चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था, अब खेलो इंडिया यूथ गेम्स में अपने चार प्रदर्शनों में दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीत चुकी हैं।

यह मेरे लिए आसान मुकाबला था। प्रतिद्वंद्वी ने मुझे परेशान नहीं किया क्योंकि मेरे पास चार खेलो इंडिया प्रतियोगिताओं का अनुभव था। यह मेरे प्रतिद्वंद्वी का पहला खेलो इंडिया फाइनल था। मैं शुरू से ही मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण में थी। उन्होंने फाइनल जीतने के बाद कहा खुशी है कि मेरी खेलो इंडिया की यात्रा स्वर्ण के साथ समाप्त हो गई।

**ईसीबी 2024 मुकाबलों की घोषणा के साथ ही**

## द हंड्रेड का एमएलसी के साथ टकराव हो गया



**एजेंसी। लंदन**
इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने मंगलवार को द हंड्रेड के कार्यक्रम की घोषणा की। जिसमें द ओवल 23 जुलाई को मौजूदा चैंपियन ओवल इनविंसिबल्स और बर्मिंघम फीनिक्स मैच की मेजबानी करेगा हालांकि लीग 2024 की गर्मियों में दुनिया के अग्रणी पुरुष खिलाड़ियों के लिए मेजर लीग क्रिकेट के साथ सीधे प्रतिस्पर्धा में है। एमएलसी 4 जुलाई को शुरू होने वाली है और अगस्त के पहले सप्ताह तक चलने की उम्मीद है। 2023 में टकराव के रास्ते को बार-बार टाला गया था, लेकिन इस बार, दोनों लीग जुलाई के अंत में ध्यान और प्रतिभा के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिससे दांव बढ़ जाएगा और वर्चस्व की लड़ाई तेज हो जायेगी। इंग्लैंड की पुरुष अंतरराष्ट्रीय टीम के साथ टकराव की आशंका मंडरा रही है क्योंकि वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरा टेस्ट 26 जुलाई से शुरू हो रहा है, जिससे प्रमुख खिलाड़ी कम से कम द हंड्रेड के शुरूआती सप्ताह के लिए अनुपलब्ध रहेंगे।



## राहुल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे : द्रविड़

**एजेंसी। हैदराबाद**
भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से हैदराबाद में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी नहीं संभालेंगे।

दिसंबर-जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की टेस्ट श्रृंखला के दौरान राहुल नामित विकेटकीपर थे लेकिन अब द्रविड़ ने घरेलू परिस्थितियों के कारण अधिक विशेषज्ञ कीपर की आवश्यकता व्यक्त की और विकेटकीपर की भूमिका के लिए चयन अब केएस भरत और अनकैप्ड ध्रुव जुरेल के बीच होगा। द्रविड़ को ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने उद्धृत किया राहुल इस श्रृंखला में विकेटकीपर के रूप में नहीं खेलेंगे और हम चयन में ही इसके बारे में स्पष्ट हैं। हमने दो अन्य विकेटकीपरों को चुना है और जाहिर है कि राहुल ने दक्षिण अफ्रीका में हमारे लिए शानदार काम किया और श्रृंखला ड्रा कराने में वास्तव में हमारी मदद करने में एक बड़ी भूमिका निभाई। लेकिन पांच टेस्ट मैचों को ध्यान में रखते हुए और इन परिस्थितियों में खेलने पर चयन हमारे पास मौजूद दो अन्य कीपरों के बीच होगा।

पांच टेस्ट मैचों में बल्ले से महत्वपूर्ण योगदान नहीं देने के बावजूद, भारत में प्रथम श्रेणी मैचों में विकेटकीपर के रूप में भरत का व्यापक अनुभव, साथ ही अहमदाबाद में भारत 'ए' के लिए पहले चार दिवसीय मैच में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ उनकी शानदार नाबाद 116 रन की पारी, हैदराबाद टेस्ट में विकेटकीपर की भूमिका के प्रबल दावेदार के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की।

भरत ने 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के साथ-साथ जून में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भारत के विकेटकीपर के रूप में कार्य किया।

## दुबराज सिंह मुंडा स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट 30 जनवरी को

**रांची।** रांची के अनगड़ा स्थित वनटोला मैदान बरवाटोली में दुबराज सिंह मुंडा स्मारक फुटबाल टूर्नामेंट सह टुसू मेला का आयोजन 30 जनवरी को होगा। फुटबॉल टूर्नामेंट के विजेता को 26 हजार और उप विजेता को 16 हजार को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। कुल आठ टीमें प्रतियोगिता में शामिल होंगी। इंट्री फीस पांच हजार रुपये रखा गया है। मुख्य अतिथि समाजसेवी जयराम महली उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी मंगलवार को आयोजन समिति ने दी।

## नॉर्थैम्प्टनशायर की तरफ से काउंटी क्रिकेट खेलेंगे करूण नायर

**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज करूण नायर अप्रैल और मई महीने में नॉर्थैम्प्टनशायर की तरफ से काउंटी क्रिकेट खेलेंगे। काउंटी प्रबंधन ने सूचना दी है कि वह पहले सात काउंटी चैपिंयनशिप (प्रथम श्रेणी) मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। इससे पहले पिछले सीजन भी नायर ने नॉर्थैम्प्टनशायर के लिए अंतिम तीन मैच खेले थे। हालांकि वह अपनी टीम को डिवीजन 2 में जाने से बचा नहीं पाए थे। व्यक्तिगत रूप से यह सीजन उनके लिए खासा सफल रहा था और उन्होंने तीन पारियों में 78, 150 और 21 का स्कोर किया था।

## लुटारो मार्टिनेज ने इंटर मिलान को तीसरी बार बनाया सुपरकोपा चैंपियन

**एजेंसी। रियाद**
लुटारो मार्टिनेज के स्टॉपेज टाइम में किए गए गोल की मदद से इंटर मिलान ने 10 खिलाड़ियों वाले नेपोली को 1-0 से हराकर लगातार तीसरी बार सुपरकोपा पर कब्जा किया। चार-टीम प्रारूप को अपनाने वाली प्रतियोगिता के पहले संस्करण में इंटर मिलान ने सेमीफाइनल में लाजियो को 3-0 से हराया, जबकि नेपोली ने फियोरेंटीना को भी तीन गोल के अंतर से हरा दिया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार लुटारो ने 38वें मिनट में गोल कर लिया था, लेकिन मार्कस थुरम की ऑफसाइड स्थिति के कारण इसे खारिज कर दिया गया।



## केमार रोच ने युवा जोसेफ से कहा

## अपनी खुद की विरासत बनाओ



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज केमार रोच ने युवा शमर जोसेफ के लिए कुछ खास बातें कहीं। उन्होंने बढ़ती फ्रेंचाइजी क्रिकेट के साथ रेड-बॉल क्रिकेट में जोसेफ को अपनी विरासत बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। जोसेफ ने एडिलेड में डेब्यू के साथ टेस्ट क्रिकेट में अपने आगमन की घोषणा की। उनके प्रदर्शन में स्टीव स्मिथ को पहली ही गेंद पर आउट करना और मात्र 94 रन देकर 5 विकेट लेना शामिल था हालांकि केमार रोच ने जोसेफ के नंबर-11 पर शानदार बल्लेबाजी कौशल का जिक्र नहीं किया।

# मुस्कान राणा ने रिदमिक जिम्नास्टिक में जम्मू-कश्मीर को पहला स्वर्ण दिलाया



**महाराष्ट्र को क्लीन स्वीप से रोका**

**एजेंसी। चेन्नई**
जम्मू-कश्मीर की मुस्कान राणा ने यहां एसडीएटी एक्वाटिक कॉम्प्लेक्स में व्यक्तिगत क्लब वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023, तमिलनाडु की लयबद्ध जिमनास्टिक प्रतियोगिता में महाराष्ट्र के प्रभुत्व पर मंगलवार को ब्रेक लगा दिया।

मुस्कान कुल 24.05 अंकों के साथ शीर्ष पर रही और जम्मू-कश्मीर के लिए खेलों का पहला स्वर्ण पदक जीता, जबकि महाराष्ट्र की परिना मदनपोत्रा (22.95) और हरियाणा की लाइफ अदलखा (22.80) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

जेएंडके स्पोर्ट्स काउंसिल के जिम्नास्टिक सेंटर के 15 वर्षीय प्रशिक्षु ने इससे पहले रिदमिक ऑल-राउंड और व्यक्तिगत बॉल श्रेणी में रजत पदक और व्यक्तिगत हूप में कांस्य पदक जीता था।

महाराष्ट्र की संयुक्ता काले, जिन्होंने सोमवार को ऑल-राउंड स्वर्ण पदक जीता था, ने बॉल और रिबन वर्ग में अपने खाते में दो और स्वर्ण पदक जोड़े, जबकि उनकी राज्य साथी किमाया कार्ले ने हूप स्वर्ण पदक जीतकर अपने राज्य को पदकों के शीर्ष पर पहुंचा दिया।

गत चैंपियन ने योगासन में एक और स्वर्ण और रजत भी जोड़ा, जिसमें प्रणव साहू और यश लागड की जोड़ी ने 133.23 अंकों के स्कोर के साथ लड़कों की कलात्मक जोड़ी स्पर्धा जीती, जबकि आर्यन खरात और तन्मय म्हालस्कर (132.42 अंक) दूसरे स्थान पर रहे। तमिलनाडु की बी मोनिशा महेंद्रन और एस काबिलन (131.98) ने कांस्य पदक जीता।

पिछली रात टेबल टॉपर्स, तमिलनाडु ने अपने खाते में सातवां स्वर्ण जोड़ा जब धन्यधा जेपी ने टीएनपीईएसयू वेलोड्रोम में 2:52.333 सेकेंड के समय के साथ गर्ल्स व्यक्तिगत परस्यूट जीता। महाराष्ट्र की शिया लालवानी (2:54.530 सेकेंड) और राजस्थान की गार्गी बिश्नोई (2:56.396 सेकेंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

राजस्थान ने भी अपना स्वर्ण पदक खाता खोला जब खेता राम चिंगा ने लड़कों के व्यक्तिगत परस्यूट में 3:50.494 के समय के साथ जीत हासिल की। बिहार के प्रहलाद कुमार (3:51.953) ने रजत पदक जीता, जबकि कांस्य पदक तेलंगाना के आशीर्वाद सक्सेना (3:47.502) को मिला।

गुरु नानक कॉलेज में चल रही शूटिंग स्पर्धा में हरियाणा के सम्राट राणा और सुरुचि ने राजस्थान की प्राची और योगेश कुमार को 16-6 से हराकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित युगल का स्वर्ण पदक जीता।

## खबरें व्यापार जगत की

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देशभर में 1.25 लाख करोड़ रुपये का हुआ व्यापार



**एजेंसी। नई दिल्ली**
अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देश की अर्थव्यवस्था में सनातन इकोनॉमी का एक नया अध्याय जुड़ा है। जिसके तेजी से देशभर में विस्तार होने की बड़ी संभावनाएं दिख रही हैं। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि एक मोटे अनुमान के मुताबिक श्रीराम मंदिर में समारोह से देशभर में करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हुआ, जिसमें अकेले दिल्ली में लगभग 25 हजार करोड़ और उत्तर प्रदेश में करीब 40 हजार करोड़ रुपये का सामान और सेवाओं के जरिए व्यापार हुआ है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने मंगलवार को बताया कि देश में ऐसा पहली बार हुआ है, जब आस्था एवं भक्ति के कारण इतने बड़ा पैसा व्यापार के जरिए देश के बाजारों में आया है। खंडेलवाल ने कहा कि विशेष बात ये है कि यह सारा व्यापार छोटे व्यापारियों एवं लघु उद्यमियों द्वारा किया गया, जिसके कारण यह पैसा व्यापार में आर्थिक तरलता को और बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर की वजह से देश में व्यापार के अनेक नए अवसर मिले हैं। बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार का अवसर भी मिलेगा।

यह सब आस्था और भक्ति के सागर में डूबे लोगों द्वारा किया गया और देश भर में ऐसा मंजर पहले कभी देखने को नहीं मिला। देशभर में करोड़ों रुपये के पटाखे, मिट्टी के दीपक, पीतल एवं अन्य वस्तुओं से बने दीपक की भी खूब बिक्री हुई। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में लोग उपहार के रूप में श्रीराम मंदिर देंगे, ऐसी बड़ी संभावना दिखाई देती है। शादियों में मेहमानों को श्रीराम मंदिर उपहार के रूप में देने की शुरूआत हो ही चुकी है। श्रीराम के प्रति देश के 9 करोड़ से अधिक व्यापारियों की आस्था और विश्वास को अभिव्यक्त करने के लिए कैट ने सनशाइन फाउंडेशन के साथ मिलकर एक बेहद मधुर गीत हर साज में राम बजे-हर घर में अयोध्या सजे, यह संकल्प उठाना है-श्री राम को घर घर लाना है, को रिलीज किया है।

## तीसरी तिमाही में एक्सिस बैंक को 3.7 फीसदी ग्रोथ के साथ 6,071 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ




**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6,071 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दिखाया, जबकि इसी तिमाही में पिछले साल शुद्ध लाभ 5,853.07 करोड़ रुपए था। एक्सिस बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) साल-दर-साल 9 फीसदी और तिमाही-दर-तिमाही (क्यूओक्यू) 2 फीसदी बढ़कर 12,532 करोड़ रुपये हो गई। इसका शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम), जो उधार से अर्जित ब्याज और जमा पर दिए गए ब्याज के बीच का अंतर है, तिमाही के लिए 4.01 प्रतिशत रहा। तिमाही में बैंक का सकल एनपीए पिछली तिमाही के 1.73 प्रतिशत से गिरकर 1.58 प्रतिशत हो गया। हालांकि, इसका शुद्ध एनपीए 0.36 प्रतिशत पर ही रहा। साल-दर-साल आधार पर, सकल एनपीए 2.38 प्रतिशत से 80 आधार अंक कम था। शुद्ध एनपीए 0.47 प्रतिशत से 11 आधार अंक कम था। तिमाही के अंत में, बैंक का प्रावधान 1,028.34 करोड़ रुपये था जो पिछली तिमाही के 814.56 करोड़ रुपये के आंकड़े से अधिक है।

## एप्पल ने स्टोलन डिवाइस प्रोटेक्शन फीचर के साथ आईओएस 17.3 किया जारी




**नई दिल्ली।** एप्पल ने आईओएस 17 ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए तीसरा बड़ा अपडेट आईओएस 17.3 जारी किया है जो शुरूआत में सितंबर 2023 में आया था। इस अपडेट के साथ, टेक दिग्गज ने समर्थित डिवाइसों में स्टोलन डिवाइस प्रोटेक्शन फीचर जोड़ा है। अगर कोई आपका आईफोन और आपका पासकोड दोनों प्राप्त करने में सफल हो जाता है तो यह फीचर निजी जानकारी तक पहुंच को सीमित कर देगा। इस फीचर के लिए पासवर्ड एक्सेस करने, लॉस्ट मोड को बंद करने, सफारी में खरीदारी करने आदि जैसे काम करने के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की आवश्यकता होगी। एप्पल ने सपोर्ट डॉक्यूमेंट में लिखा जब आपका आईफोन फैमिलियर लोकेशन्स, जैसे घर या ऑफिस से दूर होता है, तो यह डिवाइस सुरक्षा की एक लेयर जोड़ती है और आपका आइफोन चोरी होने की स्थिति में आपके अकाउंट और पर्सनल जानकारी को सुरक्षित रखने में मदद करती है। इसके अलावा, अपडेट में कुछ होटल रुम के टीवी पर सीधे एयरप्लेइंग कंटेंट के लिए सपोर्ट, साथ ही सहयोगी एप्पल म्यूजिक प्लेलिस्ट बनाना शामिल है। नये अपडेट (आईओएस 17.3) को सेटिंग्स के जनरल में जाकर सॉफ्टवेयर अपडेट पर क्लिक करके आईफोन पर डाउनलोड किया जा सकता है। कंपनी ने आईओएस के पुराने वर्जन चलाने वालों के लिए आईओएस 15.8.1 और आईओएस 16.7.5 भी जारी किया है। इसके अलावा, एप्पल ने घोषणा की कि सभी आईफोन 14 और 15 मॉडल में क्रैश डिटेक्शन के लिए सुधार हैं।

## भारी बिकवाली से सेंसेक्स 1,000 अंक लुढ़का

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को हरे निशान में खुला, लेकिन मुनाफावसूली के बीच भारी बिकवाली के बाद जल्द ही लाल निशान में आ गया। निफ्टी 333 अंक (1.5 प्रतिशत) गिरकर 21,239 पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 1,000 अंक (1.47 प्रतिशत) गिरकर 70,370 पर बंद हुआ। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि व्यापक बाजार में तेज गिरावट देखी गई, मिडकैप100/स्मॉलकैप100 में 3 प्रतिशत की गिरावट आई। फार्मा एकमात्र ऐसा सेक्टर रहा, जिसमें 1.7 फीसदी की तेजी आई। उन्होंने कहा कि जी-सोनी डील रद्द होने के कारण बाकी सभी सेक्टरों में बिकवाली का दबाव देखा गया और मीडिया को सबसे ज्यादा 13 प्रतिशत का नुकसान हुआ।

## चौतरफा बिकवाली के कारण ढेर हुआ शेयर बाजार, 8.37 लाख करोड़ का घाटा

**नई दिल्ली।** हैवीवेट शेयरों में आई जोरदार गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को बुरी तरह से टूट गया। हालांकि आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार ऊंचाई की ओर बढ़ता नजर आया लेकिन सुबह 10 बजे के बाद से बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक बड़ी गिरावट का शिकार हो गए। आज सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,804.65 अंक तक और निफ्टी ऊपरी स्तर से 557.65 अंक तक टूट गए। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.47 प्रतिशत और निफ्टी 1.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज के कारोबार में फार्मास्युटिकल्स और हेल्थ केयर सेक्टर को छोड़ कर बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। बैंकिंग, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, रियल्टी और मेटल सेक्टर के शेयरों में आज जम कर बिकवाली होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज चौतरफा बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 2.95 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.79 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।



## राज्यपाल ने सुभाषचंद्र बोस को दी श्रद्धांजलि

रांची। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें नमन किया। राज्यपाल ने राजभवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# स्वाधीनता संग्राम में नेताजी की निर्णायक भूमिका रही थी : हेमंत

### सीएम ने जयंती पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस को अर्पित किया श्रद्धासुमन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में आज पूरा देश मना रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची के नेताजी सुभाष चंद्र बोस उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हम अपने इन अमर वीर शहीदों के सपनों को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि देश के स्वाधीनता संग्राम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की निर्णायक भूमिका रही थी। आजादी की लड़ाई में उनके योगदान को हम कभी भूल नहीं सकते।

उन्होंने आम जनमानस के गौरव को स्थापित किया। हमें इस बात का गर्व है कि हम एक ऐसे



लोकतांत्रिक देश में रहते हैं। जहां अनेक वीरों एवं वीरांगनाओं ने जन्म लिया। इनके नाम इतिहास के सुनहरे पन्नों पर दर्ज हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### देश की आजादी में नेताजी के संघर्ष व बलिदान के सभी ऋणी हैं: सुप्रियो



**रांची।** कॉसमॉस यूथ क्लब लालपुर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी। इसके साथ ही क्लब का 44 वॉ स्थापना दिवस भी मनाया गया। क्लब के मुख्य संरक्षक जेएमएम नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने जंयती पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके साथ ही क्लब का 44 वॉ स्थापना दिवस पर झडोत्तोलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि आज के दिन को भारत के लोग पराक्रम दिवस के रूप में मनाते है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 23 जनवरी को स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी सुभाष चंद्र बोस का जन्म हुआ था। जिन्होंने देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में नेताजी के संघर्ष और बलिदान के लिए पूरा देश उनका ऋणी है। इस मौके पर बच्चों और उपस्थित राहगीरों के बीच क्लब के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में केक काटा गया। इस अवसर पर बच्चों और अन्य लोगों के बीच मिठाईयां बांटी गयी। संस्थापक देबाशीष रॉय ने कहा आज 23 जनवरी का दिन हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण दिन है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनायी गयी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती



**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनायी गयी। इस मौके पर प्राचार्य ललन कुमार सहित स्कूल के शिक्षकों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्राचार्य ललन कुमार ने देश की आजादी की लड़ाई में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के संघर्ष और वीरता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नेताजी ने आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के नाको चने चबा दिये थे। प्राचार्य ने छात्रों को नेताजी के आदर्शो और सिद्धांत पर चलने की सला दी। मौके पर कई छात्र-छात्राओं ने नेताजी की जीवनी पर प्रकाश डाला।

### स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी थे नेताजी सुभाषचंद्र बोस : एसके मिश्रा

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल की प्रातः कालीन सभा में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर बच्चों ने एक लघुनाटिका के माध्यम से नेताजी सुभाषचंद्र बोस एवं गांधीजी के परस्पर संवाद द्वारा स्वतंत्रता के प्रति उनके विचारों को प्रकट किया। प्राचार्य एस के मिश्रा ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस असाधारण व्यक्तित्व और नेतृत्व कौशल वाले प्रभावशाली वक्ता के साथ-साथ भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया था।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस का सपना आज भी अधूरा : मेहता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती मनाई गई। नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता जितेंद्र कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय जनता दल के नेता राजेश यादव, खेत मजदूर यूनियन के नेता इम्तियाज खान सहित कई लोग उपस्थित थे।

पूर्व सांसद भवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का सपना आज भी अधूरा है। रामगढ़ के अधिवेशन में उन्होंने गरम दल का निर्माण किया था। आज देश के अंदर जात धर्म के नाम पर राजनीति की जा रही है। देश में बेकारी, बेरोजगारी, महंगाई चरम पर है लेकिन धर्म की घुट्टी पिलाकर केंद्र की मोदी सरकार लोगों को भ्रमित कर रही है। कार्यक्रम में कमरुद्दीन निशा, मनोज ठाकुर, श्यामल चक्रवर्ती, मेहुल मृगेंद्र, किरण कुमारी, गोपाल पांडेय, सुनील सिंह एवं नागो चौधरी सहित अन्य शामिल थे।

## सांसद संजय सेठ को मिलेगा दादा साहेब फाल्के आइकन गोल्ड अवार्ड

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ का चयन दादा साहेब फाल्के आइकन गोल्ड अवार्ड के लिए किया गया है। सांसद को यह अवार्ड आज 24 जनवरी को नई दिल्ली में दिया जाएगा। दादा साहब फाल्के संस्थान ने सांसद को बेस्ट आइकॉन एमपी झारखंड के रूप में चुना है। सांसद का चयन चुनाव क्षेत्र में आम जनता के बीच सक्रियता, लोकसभा में उपस्थिति, सत्र में सवाल-जवाब, क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर सक्रियता, सोशल मीडिया पर सक्रियता सहित सामाजिक क्षेत्र में किए जाने वाले किए गए कार्यों को लेकर हुआ है। संस्था ने एक सर्वे के बाद सांसद को इस अवार्ड के लिए नामित किया है। विगत वर्षों में सांसद ने लोकसभा में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराई है। सवाल के मामले में भी सांसद सक्रिय रहे हैं। क्षेत्र के मुद्दे को उन्होंने मुखरता से लोकसभा में रखा है। तीन वर्षों से बुक बैंक के माध्यम से लाखों पुस्तकों का वितरण किया।

## आदिवासी मुद्दों के साथ नहीं करेंगे समझौता मिलकर लड़ेंगे : बंधु तिर्की

### आदिवासियों से संबंधित मुद्दे के मसौदे का विमोचन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि आदिवासियों से जुड़े मुद्दे पर किसी भी हाल में समझौता नहीं हो सकता। आदिवासियों की ज्वलंत समस्याओं पर आदिवासी संगठन और समान विचारधारा के लोग एकजुटता के साथ लड़ेंगे। श्री तिर्की अपने आवास पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि आदिवासी जनाधिकार मंच द्वारा अगले 4 फरवरी को मोरहाबादी में आदिवासी एकता महारैली आयोजित किया जा रहा है। जिसमें आदिवासियों के ज्वलंत मुद्दों, समस्याओं और उनकी वर्तमान परिस्थितियों के संदर्भ में विशेष मसौदे का लोकार्पण 24 जनवरी को मोरहाबादी मैदान में विमोचन किया जायेगा। श्री तिर्की ने कहा कि इस समारोह में मुख्य अतिथि आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजीराव मोघे होंगे। इसके साथ ही गुजरात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राठवा विमोचन समारोह में उपस्थित रहेंगे। श्री तिर्की ने कहा कि महारैली की तैयारी अंतिम चरण में है। इसमें भाग लेनेवाले लोगों के स्वागत में झारखण्ड के स्वतंत्रता सेनानी, वीर आंदोलनकारी और झारखण्ड की 23 विभूतियों के नाम पर तोरण द्वार का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कई संगठन, नेताओं एवं राजनीतिक दलों द्वारा 4 फरवरी को आयोजित आदिवासी एकता महारैली को केवल ईसाई आदिवासियों की रैली के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। जो पूरी तरीके से गलत है।

## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर दो दिवसीय दुर्गा उत्सव का समापन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में अल्बर्ट एक्का चौक पर श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय दुर्गा उत्सव का सोमवार देर रात समापन हो गया। रामोत्सव के पहले दिन कार्यक्रम की शुरूआत मनोरम झांकी के साथ सुप्रसिद्ध गायक-गायिकाओं ने भजन संध्या का आयोजन किया गया। दूसरे दिन हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ और श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण, महाभोग भंडारा एवं शिव तांडव स्तोत्र पर आकर्षक आरती का आयोजन भी हुआ। आतिशबाजी का दौर भी चला। सांस्कृतिक संध्या में बिहार के सुप्रसिद्ध गायक अरविंद अकेला उर्फ कल्लू, निशा उपाध्याय सहित कई अन्य कलाकारों ने लोगों को राममय वातावरण में झूमने को विवश कर दिया।

## गायत्री मंदिर में जलाया गया 51 घंटे का अखंड दीप



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से आयोजित दो दिवसीय व्रत-उपवास, जप-अनुष्ठान, यज्ञीय अनुष्ठान संपन्न हो गया। इसमें प्रथम दिन पुत्रदा एकदाशी पर अखंड दीप साथ महामंत्र जप अनुष्ठान रांची सहित पूरे देश से साधन आनलाइन जुड़े। जप-अनुष्ठान समूह में कुछ विशिष्ट परिवार साधकों ने एकदाशी व्रत जप-अनुष्ठान का शतक मनाया और इस दो दिवसीय अवसर पर 100 माला गायत्री महामंत्र व सहायक मंत्रों का जप किया। दूसरे दिन यज्ञीय अनुष्ठान और स्वाध्याय मंडल प्रतिनिधित्व में अयोध्या नगरी में अपने गर्भगृह में परम प्रभु श्रीराम भगवान के आगमन और प्राण प्रतिष्ठापन पर साधक-शिष्य राममय यज्ञमय हुए। जप-अनुष्ठान मंडल ने विधिवत गुरु-ईश ध्यान, श्रीलक्ष्मी नारायण एवं सर्वदेव पूजा-पाठ सहित जप अनुष्ठान प्रारंभ किया।

## आजप की बैठक में आदिवासियों की समस्याओं पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आदिवासी जन परिषद की बैठक करम टोली धूमकुड़िया सभागार में प्रेम शाही मुंडा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार, शोषण और दमन पर चर्चा की गयी। बैठक में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा में देश की आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित नहीं किये जाने पर रोष व्यक्त किया गया। कहा गया कि यह पूरे आदिवासी समाज का अपमान है। इस प्रकरण से आदिवासी समाज दुखी है और कड़ी निंदा करती है। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस के लोग सरना स्थल की मिट्टी राम मंदिर निर्माण में ले गये है। वहीं दूसरी ओर आदिवासियों का अपमान किया जा रहा है, जिसे आदिवासी जन परिषद बर्दाश्त नहीं करेगा। इस बैठक में प्रस्ताव पारित कर 4 फरवरी के आदिवासी एकता महारैली को पूर्ण समर्थन दिया गया। परिषद के द्वारा 25 फरवरी को सिल्ली के पतरहातु मैदान में एकदिवसीय आदिवासी अधिकार महासम्मेलन का आयोजन का निर्णय लिया गया। इस सम्मेलन में राजभर के आदिवासी के संगठनों के अगुवा शामिल होंगे। इसकी सफलता के लिए तैयारी समिति का भी गठन किया गया। जिसमें प्रधान महासचिव अभय भुट कुंवर, सावना मुंडा, सिदाम सिंह मुंडा, मुची राय मांझी, सुंदर सिंह मुंडा, लखी चरण सिंह मुंडा और अनिल सिंह मुंडा को शामिल किया गया है।

## झारखंड के 18 प्रखंड विकास पदाधिकारी इधर से उधर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य सरकार ने 18 प्रखंड विकास पदाधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग कर दी है। इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग ने आदेश जारी कर दी है। जारी आदेश में कहा गया है कि वैसे प्रखंड जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी पदस्थापित नहीं हैं, वहां अधिसूचित-कार्यरत अंचल अधिकारी को प्रखंड विकास पदाधिकारी की शक्ति नियमित प्रखंड विकास पदाधिकारी के पदस्थापन तक प्रदत्त की जाती है। जिन प्रखंडों में अंचल अधिकारी के पद रिक्त हैं, उनमें प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा अंचल अधिकारी के दायित्वों का निर्वहन किया जाएगा। जिन प्रखंड विकास पदाधिकारियों का पदस्थापना की गयी है, उनमें विजय कुमार को सिमरिया प्रखंड, डांगुर कोड़ाह को गुड़ाबंधा प्रखंड, मनीष कुमार को तिसरी प्रखंड, सोमनाथ बनर्जी को सुंदर पहाड़ी प्रखंड, यादव बैठा को चैनपुर प्रखंड, राजश्री ललिता को पालकोट प्रखंड, नीतू सिंह को हजारीबाग सदर, रेशमा रेखा मिंज को बरवाडीह, विजय प्रकाश मरांडी को नवाबाजार प्रखंड, संतोष कुमार को खलारी प्रखंड, अंशु कुमार पांडेय को बरहेट प्रखंड, लेखराज नाग की सेवा कार्मिक, डॉ शिशिर कुमार सिंह की सेवा कार्मिक, प्रदीप कुमार को चास प्रखंड, मिथिलेश कुमार चौधरी की सेवा कार्मिक, कुमार देवेश को पतना प्रखंड, विशाल कुमार पांडेय को उधवा प्रखंड और राहुल देव को गिद्धौर प्रखंड में पदास्थापित किया गया है।

## पृष्ठ एक के शेष

**पलामू में पीएमजीएसवाई से 1 अरब 81 करोड़ की...**
लाख इक्कीस हजार रुपए) स्वीकृत करायी गयी है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद सिंह, प्रफुल्ल कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, हरिहरगंज मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, हैदरनगर मंडल अध्यक्ष उमेश चन्द्र शिव, सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा, नरेन्द्र कुमार सिंह, अखिलेश मेहता, रंजीत पासवान, जिला मंत्री संतोष सिंह, सत्येन्द्र पासवान, सत्येन्द्र मेहता, मुन्ना विश्वकर्मा, राजीव रंजन, महेन्द्र प्रसाद सिंह व राजेश कुमार दास मौजूद थे।

**दो पोकलेन को किया आग के...**
पुलिस दलाल, बिचौलिए को सावधान रहने तथा बिचौलिए के इशारे पर माइंड चलाने वालों को चेतावनी दी है। बरामद पर्चे में टीएसपीसी नक्सली कमांडर हरेंद्र का नाम और नंबर लिखा हुआ है। नक्सलियों की इस करवाई के बाद क्षेत्र में एक बार फिर दहशत कायम हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के उपरांत क्षेत्र की घेराबंदी कर सघन सर्च अभियान चला रही है।

**संत जेवियर्स के शिक्षक संतोष ने...**
सत्र आज 23 जनवरी को सुबह 9.23 बजे समाप्त हुआ। प्रिंसिपल इग्नेशियस लकड़ा ने संतोष कुमार को बधाई दी। संतोष कुमार के पिता अजीत कुमार ने बेटे की इस उपलब्धि पर कहा कि कुछ भी असंभव नहीं है, अभ्यास ही सफलता की कुंजी है, हार न मानें और विश्वास रखें कि आप हासिल कर लेंगे।

**आदर्श वाक्य मैं कर सकता हूं और मैं करूंगा ने प्रेरित किया :** इतिहास रचने वाले संतोष कुमार ने उल्लेखनीय लक्ष्य हासिल करने और पूर्व के 24 घंटे के अधिकतम रिकॉर्ड को तोड़ने के बाद अपने अनुभव और खुशी साझा किये। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय प्रांतीय फादर के समर्थन और मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि फादर द्वारा बताये गये जीवन के आदर्श वाक्य मैं कर सकता हूं और मैं करूंगा, उन्हें इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उपस्थित जीडब्ल्यूआर टीम को संतोष कुमार द्वारा सम्मानित किया गया, जिसमें अभिषेक गुप्ता, नितेश सुश्री ताज, रत्ना भूषण, गौरव, विजय भगत, जॉयदीप शामिल थे।

**राज्य में पहली बार मिलेगा तीन...**
सोरेन ने कहा कि राज्य अलग होने बाद ऐसे लोगों की सरकार बनी, जो राज्य बनने के ही विरोधी थे। गरीब और गरीब होते चले गये।
मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने आठ लाख लोगों को आवास के लिए चिह्नित किया था। पहले इसका नाम इंदिरा आवास था। अब प्रधानमंत्री आवास हो गया। योजना का नाम बदलने में वे माहिर हैं। इनका कहना था कि देश के सब गरीबों को आवास देंगे। अब कहते हैं कि सबको आवास दे दिये। इस मौके पर एसपी अमन कुमार, जिला बीस सूत्री के जिला उपाध्यक्ष और झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद सहित काफी ग्रामीण और लाभुक उपस्थित थे।

**केंद्र सरकार की कोई योजना...**
काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में जो भी योजना चल रही हैं, सभी राज्य सरकार की योजना है। केंद्र सरकार की काई योजना यहां नहीं चल रही है।

**बदलता गया परिदृश्य, बदलती रहीं...**
पूजन के निर्णय ने आस्था के महाकुंभ को देशव्यापी रूप प्रदान कर दिया। इसमें निर्णय लिया गया कि नौ नवंबर 2019 को अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिये शिलान्यास किया जायेगा। जन भावना के दबाव को देखते हुये तत्कालीन पीएम राजीव गांधी ने अंततः शिलान्यास की अनुमति दे दी। निर्धारित तिथि पर मस्जिद से 200 मीटर दूर बिहार के कामेश्वर चौपाल ने पहली ईंट रखी।

**...और गिर गयी वीपी सिंह...**
कर लिया। वहीं से आडवाणी ने केंद्र की वीपी सिंह सरकार से समर्थन वापसी का पत्र लिखा और उनके स्थान पर कांग्रेस के समर्थन से चंद्रशेखर की सरकार अस्तित्व में आई।

## प्रदेश कांग्रेस की बैठक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाए जा रहे भारत जोड़ो न्याय यात्रा को झारखंड में सफल बनाने के लिए कांग्रेस नेताओं की कांग्रेस भवन में बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में कार्यक्रम की सफलता के लिए आम कांग्रेसजनों की भागीदारी और आपसी सामंजस्य पर जोर दिया गया। बैठक में ठाकुर ने कहा कि देश अराजक दौर से गुजर रहा है। इसी अराजकता को दूर करने के लिए राहुल गांधी ने युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और भागीदारी न्याय के लिए भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की है।

बैठक में जयशंकर पाठक, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, रवीन्द्र सिंह, राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, संजय पांडेय एवं मानस सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

# सीईओ ने मतदाता सूची पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

### नव प्रकाशित मतदाता सूची एवं मतदाता पंजीकरण संबंधी आंकड़ों से कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने झारखंड के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में मौजूद राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को नव प्रकाशित मतदाता सूची एवं उससे जुड़े सभी बिंदुओं से अवगत कराया गया।


रवि कुमार ने सभी से अपील की कि वे भी अपने स्तर पर एक जागरूकता का माहौल बनाएं। ताकि अधिक से अधिक लोग इस नई सूची में अपना नाम जॉच करें। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के पास भी अगर किसी प्रकार की शिकायत या सुझाव आते हैं, तो उन्हें भी निर्वाचन कार्यालय तक पहुंचाएं। बैठक में मौजूद लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के द्वारा मतदाता पुनरीक्षण कार्यों के प्रति संतुष्टि व्यक्त करते हुए लगातार हुए जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की।

सभी प्रतिनिधियों को बताया गया कि अद्यतन मतदाता सूची को सीईओ झारखंड की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। इस जानकारी को वे अपने-अपने स्तर पर भी जरूर प्रचारित करें। ताकि आम मतदाता भी वेबसाइट पर जाकर किसी भी संभावित विसंगति को स्वयं जॉच कर ले। राजनीतिक दलों से अनुरोध किया गया कि वे ईवीएम और वीवीपैट को लेकर राज्य भर में चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के बारे में भी आवश्यक प्रचार प्रसार करें। बैठक में सभी प्रमुख दलों के प्रतिनिधियों के साथ ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, सिस्टम एनालिस्ट व एसएन जमील मौजूद थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



# रामनगरी में भक्ति का अदभुत ज्वार...

## श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम

## श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए लालायित, सामने से एक झलक पाने की आस

**अयोध्या में 3 लाख भक्तों ने रामलला के किए दिव्य दर्शन**

**सर्द व कोहरे के बीच आस्था के दम पर निरंतर लक्ष्य की ओर बढ़ते जा रहे थे भक्त**

**राम नाम का स्मरण हर सांस में, जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण राममय**



**एजेंसी। अयोध्या**

रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम, श्रीराम जय राम जय जय राम... श्रीराम जय राम जय जय राम... श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब देश के करोड़ों लोगों की आस सामने से एक झलक पाने की है। भक्तों के चेहरों पर श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। आस्था की हिलोर ऐसी है कि रामधुन में मगन भक्तों को और कुछ नहीं दिखाई दे रहा। जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान है। राम सीता के भजन, रासलीला के रंग, भक्तों का संगीत, नृत्य गीत हर पल एक याद बनकर इतिहास के पन्नों में दर्ज हो रहा है।

अयोध्या में इस वक्त रामभक्तों का महासागर उमड़ा हुआ है। देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए लालायित हैं। हर चेहरे पर आस्था का उजाला झलक रहा है, हर आवाज में 'जय श्री राम' और 'सियापति श्रीरामचंद्र जी की जय' का जयघोष गूंज रहा है। सभी भक्ति के रंग में सराबोर हैं। श्रीराम मंदिर और उसके आसपास मानव समुद्र का दृश्य दिखाई दे रहा है। राम दरबार, सरयू नदी के तट, हनुमान गढ़ी, कनक भवन, राम की पैड़ी हर तरफ श्रद्धालुओं का ज्वार उमड़ रहा है। राम नाम का स्मरण हर सांस में व्याप्त है। श्रद्धालुओं की संख्या की दृष्टि से 23 जनवरी 2024 का दिन भी ऐतिहासिक रहा। प्रशासन के मुताबिक 23 जनवरी को अपराह्न तीन बजे तक लगभग तीन लाख श्रद्धालु रामलाल के दर्शन कर लिए हैं। रामलला का दर्शन करने वालों की यह अब तक की सबसे बड़ी संख्या मानी जा रही है। आस्था का ज्वार इस कदर था कि भोर के चार बजे से कतारबद्ध श्रद्धालु दोपहर दो बजे रामलला का दिव्य दर्शन कर पाएं। इतनी भीड़ के बावजूद लोगों के चेहरे पर जरा भी थकान नहीं दिखाई दे रही थी।

### भक्ति की लौ जला रहा श्रीराम मंदिर

दिव्य श्रीराम मंदिर अपने आप में कला का अद्भुत नमूना है। शक्तिनगरी विंध्य क्षेत्र और राजस्थान की गुलाबी बलुआ पत्थर से निर्मित यह भव्य भवन भक्ति की लौ जला रहा है। मंदिर के शिखर सोने की परत से चमक रहे हैं। मंदिर के गुंबदों और स्तंभों को सुगंधित पुष्पों की रंगीन मालाओं से सजाया गया है। गुलाब, चंपा, मोगरा, बेला, गेंदे के फूल मंदिर की पवित्र हवा को सुगंधित कर रहे हैं। राम मंदिर को फूलों और रंगीन लाइटों से सजाया गया है। रात में जब आकर्षक लाइट मंदिर को जगमगाते हैं तो अयोध्या नगरी स्वर्ग के समान प्रतीत होती है।

### भक्ति के साथ सख्ती

अपने आराध्य की झलक पाने को बेताब रामभक्तों की भीड़ इतनी है कि व्यवस्था चरमरा गई है। सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए भक्ति के साथ सख्ती भी बरती जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने रामभक्तों से अपील की है कि वे धैर्य रखें, सभी को प्रभु श्रीराम का दर्शन मिलेगा। साथ ही यह भी कहा कि श्रद्धालु लाइन से आगे बढ़ें तो उन्हें काफी सहूलियत होगी और वे आसानी से दर्शन कर पाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद अयोध्या पर नजर बनाए हुए हैं। स्थितियों को देखते हुए उन्होंने शासन के अधिकारियों को मौके पर रहकर स्थिति को संभालने के निर्देश दिए हैं।

### श्रृंगार की अलौकिक छटा दिखी रामनगरी में

श्रीराम जन्मभूमि से लेकर सरयू के तट तक पूरा शहर एक दिव्य रंग में रंगा हुआ है। रामनगरी अयोध्या श्रृंगार की अलौकिक पोशाक धारण कर रखी है। हर गली, हर चौराहा, हर मंदिर और आश्रम राममय है। गलियों को रंग-बिरंगे झंडों से सजाया गया है, जिन पर 'जय श्रीराम' और 'रामलला हम आए हैं' जैसे नारे लिखे हैं। घरों-दुकानों और मंदिरों के बाहर रंगोली बनाई गई हैं, जो रामकथा को जीवंत कर रही है।

सर्द व कोहरे के बीच आस्था के दम पर वे निरंतर लक्ष्य की ओर बढ़ते जा रहे थे। आस्था के जमघट में बाजार भी सज्जित रहा।

# हजार रुपये में रामलला के दर्शन, आना-जाना, खाना फ्री, 23 जनवरी से 25 मार्च तक विशेष सुविधा



अयोध्या में भगवान राम के नए मंदिर का उद्घाटन हो चुका है। उद्घाटन के बाद पहले ही दिन लाखों लोगों की भीड़ भगवान राम के दर्शन पाने के लिए पहुंच चुकी है। भक्तों की इसी भावना को देखते हुए उन्हें केवल एक हजार रुपये में अयोध्या आने-जाने, रहने-खाने और दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यदि आप भी भगवान राम के दर्शन करना चाहते हैं, तो आप भी केवल एक हजार रुपये खर्च कर यह सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। दरअसल, भाजपा ने अपने सभी सांसदों, विधायकों, मंत्रियों और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र से उन सभी लोगों को अयोध्या ले जाने की व्यवस्था करें, जो लोग भगवान राम के दर्शन करना चाहते हैं। यह योजना आज 23 जनवरी से शुरू होकर 25 मार्च तक चलेगी। पूरे देश के हर लोकसभा क्षेत्र, हर विधानसभा क्षेत्र और हर ब्लॉक स्तरीय मंडल से लोगों को अयोध्या ले जाने की तैयारी है। अनुमान है कि इस योजना के के साथ साथ अपने स्तर पर लगभग एक करोड़ राम भक्त 25 मार्च तक रामलाल के दर्शन करेंगे। उत्तर प्रदेश भाजपा और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं को इस बीच लोगों को अयोध्या में प्रशासनिक सुविधाओं में सहयोग करने का निर्देश दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी के एक नेता ने अमर उजाला को बताया कि दिल्ली के सभी सात लोकसभा क्षेत्रों से अयोध्या के लिए सात ट्रेनें ले जाई जा रही हैं। यदि भक्तों की संख्या ज्यादा होगी, तो इसके लिए अतिरिक्त ट्रेनों की व्यवस्था की जाएगी। बिहार से 29 जनवरी से ट्रेनें चलनी शुरू हो जाएंगी और यह 25 मार्च तक चलती रहेंगी। इसी प्रकार पूरे देश के सभी राज्यों से राम भक्तों को अयोध्या ले जाकर उन्हें दर्शन कराने की तैयारी है। विश्व हिंदू परिषद अपने स्तर पर लगभग 5000 कार्यकर्ताओं को अयोध्या ले जाकर भगवान राम के दर्शन करने की योजना बना रहा है। भाजपा के एक नेता के मुताबिक 1000 रुपये की राशि केवल इसलिए रखी गई है, जिससे केवल गंभीर लोग ही भगवान राम के दर्शनों के लिए इस योजना का लाभ उठाएं। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के सुदूर राज्यों से अयोध्या तक आने में ही कई हजार रुपये खर्च हो जाते हैं। इस यात्रा पर आने वाला शेष खर्च पार्टी नेता या सांसद-विधायकों के द्वारा वहन किया जाएगा। माना जा रहा है कि भाजपा की इस योजना का उद्देश्य लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत एक लहर बनाना भी है।

# पहली बार हुई श्रीराम-रावण की एक साथ पूजा

**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा**

अयोध्या राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो सोमवार को ही ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख स्थित शिव मंदिर में वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की गई। रावण की जन्मस्थली कहे जाने वाले बिसरख के प्राचीन शिव मंदिर में पहली बार भगवान श्रीराम परिवार के साथ विराजमान हो गए। अब तक इस शिवमंदिर में शिवलिंग ही था और इसे लोग रावण मंदिर के नाम से जानते थे। इस दौरान गांव का माहौल पूरी तय राममय था और बच्चों, महिलाओं व लोगों की जुबान पर राम नाम रहा। वहीं, कुछ साल पहले ही शिव मंदिर के पास ही रावण मंदिर का भी निर्माण कराया गया है। जिसमें रावण की प्रतिमा स्थापना की गई है। मंदिर परिसर में सुबह से ही जय श्रीराम के जयकारों की गूंज के बीच भक्तों ने राममूर्ति स्थापना से पहले गांव के सभी गलियारों से शोभायात्रा निकाली गई। डीजे बज रहे भजनों पर युवा और महिलाएं भी थिरकने से रोक न सकीं। बच्चों, महिलाओं व युवाओं ने हाथों में भगवा झंडा लिए जय श्री राम के जयघोष से वातावरण को राममय बना दिया। लोगों ने घरों के ऊपर से रामभक्तों की भीड़ पर फूल बरसाएं। अयोध्या में रामलाला की मूर्ति की स्थापना के दौरान ही मंदिर परिसर में श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्ति स्थापित की गई। राम परिवार की स्थापना के बाद प्रसाद का वितरित किया गया। इस अवसर पर आसपास की सोसायटियों से भी रामभक्त प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल हुए।

## लंकापति के मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा





**रावण मंदिर में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे** | **रावण के पिता विश्रवा पंडित के नाम पर पड़ा था इस गांव का नाम** | **शिव मंदिर में शिवलिंग का नहीं कोई आकार** | **चंद्रा स्वामी ने कराई थी खुदाई**

### प्राचीन शिवमंदिर की दीवार पर बनी हैं रावण की प्रतिमा

बिसरख गांव में प्राचीन शिव मंदिर की बाहरी दीवारों पर सीमेंट से रावण व उनके परिवार की बड़ी प्रतिमाएं भी बनी हैं। मंदिर के अंदर प्राचीन शिवलिंग हैं जो बाहर से ही दिखाई देता है। दूर से दूर से लोग आज भी इस मंदिर के दर्शन के लिए आते हैं।

### शिव मंदिर में शिवलिंग का नहीं पाया कोई आकार, चंद्रा स्वामी ने कराई थी खुदाई

ग्रामीण बताते हैं कि जब विश्रवा पंडित के द्वारा शिवलिंग स्थापित करने की बात राजनेता चंद्रा स्वामी के समक्ष आई तो वह पुरातत्व विभाग के अधिकारियों के साथ पहुंचे और शिवलिंग की खुदाई कराई। मगर करीब 100 फीट खुदाई करने के बाद भी कोई ओर-छोर नहीं मिला था। थक-हारकर खुदाई बंद कर गी गई थी।

**यह है मान्यता...**

बिसरख गांव के लोगों का मानना है किर रावण का नाता बिसरख गांव से माना जाता है। रावण के पिता ऋषि विश्रवा की बिसरख तपोस्थली हुआ करती थी। रावण के जन्म के लिए उन्होंने इसी जगह पर शिवलिंग की स्थापना कर पूजा-अर्चना की थी। रावण के जन्म के बाद वह भी यहां आकर पूजा-अर्चना करते थे। इसलिए बोलचाल की भाषा में लोग अकसर इस मंदिर को रावण का मंदिर भी कह देते थे। मान्यता तो यह भी है कि बिसरख गांव का नाम भी रावण के पिता विश्रवा पंडित के नाम पर रखा गया था। जिस वजह से लंबे समय तक इस गांव में दशहरा नहीं मनाया गया। हालांकि ग्रामीणों ने कुछ साल पहले गांव में दशहरा मनाना भी शुरू कर दिया है। शिव मंदिर में श्रीराम परिवार की स्थापना की गई है। इस मंदिर में जो शिवलिंग है उस पर रावण और उनसे पहले रावण के पिता विश्रवा पंडित ने भी पूजा-अर्चना की थी। -रामदाय महाराज, महंत शिवमंदिर बिसरख।

## रामलला के दर्शन होंगे, लेकिन नहीं चढ़ा सकेंगे माला और फूल, मिलेगा प्रसाद



राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान का दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ आई है। इसे संभालना प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है। लेकिन आपके लिए यह जानना भी आवश्यक है कि आप राम के दर्शन तो कर सकेंगे, लेकिन उन्हें माला-फूल या नारियल इत्यादि नहीं चढ़ा सकेंगे। भगवान के दर्शन करने के बाद जब भक्त बाहर निकलने लगेंगे, वहीं पर उन्हें प्रसाद दिया जाएगा। दरअसल, राम मंदिर आंदोलन के बाद से ही भगवान का दर्शन करने वाले भक्तों को अपने साथ कोई वस्तु ले जाने की अनुमति नहीं दी गई है। सुरक्षा कारणों से मंदिर के बाहर ही भक्तों को अपना सभी सामान जमा करा देना पड़ता है। बाद में कोरोना काल में संक्रमण से बचने के लिए भी ज्यादातर मंदिरों में माला-फूल या नारियल चढ़ाने पर रोक लगा दी गई। आज भी कई बड़े मंदिरों में इसी तरह की व्यवस्था चल रही है। यानी भक्तों को यहां भगवान के दर्शन करने की अनुमति तो होती है, लेकिन उन्हें माला-फूल या नारियल चढ़ाने की अनुमति नहीं होती है। विहिप नेता शरद शर्मा ने अमर उजाला को बताया कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भक्तों में भारी उत्साह है। लोग बड़ी संख्या में आकर नया मंदिर और भगवान के दर्शन करना चाहते हैं। अनुमान है कि प्रतिदिन दर्शनों के लिए आने वाले भक्तों की संख्या एक लाख से डेढ़ लाख के बीच हो सकती है। लेकिन भक्तों को दर्शन के समय भगवान राम को माला-फूल या नारियल अर्पित करने की अनुमति नहीं दी गई है।

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद माहौल बिगाड़ने की कोशिश

# अराजकतत्वों ने किया राम पताका का अपमान, गांव में हो रहा तनाव

**एजेंसी। शाहजहांपुर**



शाहजहांपुर के कटरा थाना क्षेत्र के बतलैया गांव में श्रीराम शोभायात्रा निकलने के बाद सोमवार रात कुछ अराजकतत्वों ने गांव में लगी राम पताकाओं को निकालकर जहां-तहां फेंक दिया। मंगलवार सुबह जानकारी होने पर गांव में तनाव फैल गया। दो पक्षों में टकराव की आशंका पर एसडीएम और सीओ समेत भारी पुलिस बल गांव पहुंच गया। किसी तरह लोगों को शांत कराया। बाद में 100 से ज्यादा लोग कटरा थाने पहुंच गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री सुरेश कुमार पप्पू शर्मा ने कटरा थाने में तहरीर देकर बताया कि अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गांव बतलैया में ग्रामीणों ने शोभायात्रा निकाली थी। गांव में सजावट की गई थी। बिजली के खंभों पर राम पताकाओं को लगाया गया। शोभायात्रा के बाद गांव में रहने वाले दूसरे समुदाय के कुछ अराजकतत्वों ने राम पताकाओं को निकाल कर फेंक दिया। पताकाओं का अपमान किया गया। मंगलवार सुबह जब लोग जागे तो गली में पताकाएं पड़ीं तो आक्रोश फैल गया। सुबह करीब 11 बजे गांव से 100 से अधिक लोग कटरा थाने पहुंचे। उन्होंने आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग उठाई। एसडीएम अंजलि गंगवार और एसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी ने आक्रोशित लोगों को समझाकर शांत किया। लोग आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर रोड जाम करने की चेतावनी दे रहे थे। पुलिस ने तज्जू, अजमल, मोहम्मद शहीद, इकबाल ठेकेदार, इकबाल के बेटे शहनवाज और 10-12 अज्ञात लोगों के खिलाफ सद्भाव बिगाड़ने और धार्मिक प्रतीकों का अपमान करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।

**फिल्म जगत**

## कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' 14 जून को रिलीज




कई सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकीं अभिनेत्री कंगना रनौत अब अपनी फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वह इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म का ट्रेलर कुछ दिनों पहले रिलीज किया गया था। ट्रेलर को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला। तभी से दर्शक फिल्म 'इमरजेंसी' का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब इस फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज डेट की घोषणा की है। पोस्ट में कंगना ने फिल्म 'इमरजेंसी' से अपने लुक की तस्वीर शेयर की है। इस फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'अब भारत के सबसे भयानक समय की कहानी से पर्दा खुलने वाला है। यह फिल्म 14 जून 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। सबसे निडर और प्रखर प्रधानमंत्री की कहानी के साक्षी बनें।' कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कंगना का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस बीच फिल्म 'इमरजेंसी' पिछले साल 24 नवंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन उस दौरान कंगना की एक के बाद एक फिल्में आने की वजह से रिलीज की तारीख स्थगित कर दी गई। कंगना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी भी दी थी। अब यह फिल्म 14 जून को रिलीज होगी।